# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 30 जुलाई 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 06, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 113 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 | 22.6 |
| डालटनगंज | 30.2 | 24.3 |
| धनबाद | 29.5 | 25.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## पीएम नरेंद्र मोदी का लोकसभा में जवाब: जिन्हें भारत का पक्ष नहीं दिखता, उन्हें आईना दिखाने को खड़ा हूं

# दुनिया के किसी भी नेता ने भारत को ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा का जवाब दिया. उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथ लिया. पीएम ने कहा, मैंने कहा था कि यह भारत के विजयोत्सव का एक सत्र है. जब मैं विजयोत्सव की बात कर रहा हूं, तो मैं कहना चाहूंगा- ये विजयोत्सव आतंक के ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का है. विजयोत्सव ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का है.

मोदी ने कहा, 22 अप्रैल को पहलगाम में जो क्रूर घटना घटी, जिस तरह आतंकियों ने निर्दोषों से उनका धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी, वह क्रूरता की पराकाष्ठा थी. यह भारत को हिंसा की आग में झोंकने की सोची-समझी कोशिश थी. यह भारत में दंगे फैलाने की एक साजिश थी. मैं देशवासियों का आभार व्यक्त करता हूं कि देश ने एकजुट होकर उस साजिश को नाकाम कर दिया. उन्होंने कहा कि मैं इस सदन के समक्ष भारत का पक्ष रखने के लिए यहां खड़ा हूं. जो लोग भारत का पक्ष नहीं देखते, मैं उन्हें आईना दिखाने के लिए यहां खड़ा हूं.

मोदी ने कहा, दुनिया के किसी भी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा. अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने मुझे फोन पर बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है और मेरा जवाब था कि अगर पाकिस्तान का ये ईरादा है, तो उनको बहुत महंगा पड़ेगा. मोदी ने कहा, ये 9 तारीख की बात है. और 9 तारीख रात और 10 तारीख सुबह हमने पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को तहस-नहस कर दिया था. यही हमारा जवाब था और यही हमारा जज्बा था. उन्होंने कहा कि नौ मई की मध्य रात्रि और दस मई की सुबह हमारी मिसाइलों ने पाकिस्तान के कोनों में प्रहार किया और पाकिस्तान को घुटनों पर आने के लिए मजबूर किया. पीएम मोदी ने कहा, जब पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार हुआ, तो पाकिस्तान ने फोन करके डीजीएमओ के सामने फोन करके गुहार लगाई कि बस करो बहुत मारे. अब ज्यादा मार झेलने की ताकत नहीं है. प्लीज हमला रोक दो. भारत ने तो पहले दिन ही कह दिया था कि हमने हमारा लक्ष्य पूरा कर दिया है. अगर अब कुछ करोगे, तो महंगा पड़ेगा.



### पाकिस्तान ने दुस्साहस किया, तो देंगे करारा जवाब

पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान ने दुस्साहस की अगर कल्पना की, तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा. आज का भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है. देश देख रहा है कि भारत आत्मनिर्भर बनता जा रहा है. लेकिन कांग्रेस मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर होती जा रही है. 22 अप्रैल के बाद मैंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि यह हमारा संकल्प है कि हम आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे. सजा उनके आकाओं को भी मिलेगी और ऐसी सजा मिलेगी जो कल्पना से भी बड़ी होगी. 22 अप्रैल को मैं विदेश में था. वहां से लौटने के तुरंत बाद मैंने बैठक बुलाई. उस बैठक में मैंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आतंकवाद को करारा जवाब देना होगा, और यह हमारा राष्ट्रीय संकल्प है. सेना को कार्रवाई की खुली छूट दी गई. यह भी कहा गया कि सेना को यह तय करना चाहिए कि कब, कहां, कैसे और किस तरीके से कार्रवाई करनी है. ये सारी बातें उस बैठक में स्पष्ट रूप से कही गईं. हमें गर्व है, आतंकियों को वो सजा दी कि आज भी आतंक के उन आकाओं की नींद उड़ी हुई है.

### राहुल ने पूछा- पीएम मोदी झूठ बोल रहे या ट्रंप, इसे स्पष्ट करे सरकार



ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर हमला बोला. उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का हवाला दिया जिसमें ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने भारत-पाक युद्ध रुकवाया. राहुल ने कहा, ट्रंप ने 29 बार कहा है कि हमने भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाया. अगर मोदी में हिम्मत है तो सदन में खड़े होकर कहें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि भारत ने पाकिस्तान के सामने 35 मिनट में ही सरेंडर कर दिया. उन्होंने रक्षा मंत्री के उस बयान पर भी सवाल खड़े किए जिसमें कहा गया था कि हमने रात 1:35 बजे पाक को सूचना दी कि हमला आतंकी ठिकानों पर था और यह एस्केलेटरी नहीं था. सरकार ने पायलट्स के हाथ-पांव बांध दिए. अगर पीएम में इंदिरा जैसा 50% भी दम है, तो कहें कि ट्रंप ने युद्ध नहीं रुकवाया था. भारत का एक भी फाइटर जेट नहीं गिरा, लेकिन सरकार ने बिना दबाव के पीछे हटने जैसा कदम उठाया. उन्होंने इसे एक तरह का राजनीतिक आत्मसमर्पण बताया.

### खरगे का मोदी पर हमला, आप बिना बुलाए जाकर गले मिलते हैं



राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने 2015 में पीएम मोदी की औचक पाक यात्रा पर तंज कसा. कहा कि हम पाक की निंदा करते रहे हैं, पर हम इधर निंदा करते हैं और आप जाकर उनकी दावत में उन्हें गले लगा लेते हैं. हमारी पार्टी का देश के विकास में बड़ा योगदान है, लेकिन आपके पास एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है. आप नेहरू को बहुत कोसते हैं. गृह मंत्री पहलगाम हमले से पहले वहां हालात की समीक्षा करने गए थे और कहा था कि कश्मीर में सुरक्षा ट्रिपल कर दी गई है, अगर ऐसा है तो पहलगाम में आतंकी कहां से आए? उन्होंने कहा कि हमले से सिर्फ तीन दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था. मैंने पहले भी पूछा था, लेकिन जवाब नहीं मिला कि क्या आपके पास आतंकी हमले की सूचना थी? 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हमला हुआ, लेकिन सरकार कह रही है कि जो कुछ हमने किया, वो सही किया. खरगे ने कहा कि सरकार को बहुत अहंकार है. जवाब देने की फुर्सत नहीं है,

### जेपी नड्डा के बयान पर मचा बवाल, खरगे से मांगी माफी



खरगे के बाद राज्यसभा में जेपी नड्डा ने बोलना शुरू किया. नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता ने लंबा वक्तव्य दिया, लेकिन उनके कद के हिसाब से जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया, वो उनके स्तर के नहीं थे. जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की. मैं उनकी तकलीफ समझ सकता हूं कि प्रधानमंत्री ने उन्हें 11 साल से विपक्ष में बिठाए रखा है. लेकिन आपकी चिंता पार्टी के लिए इतनी है कि उसमें देश का विषय भी गौण हो जाता है. आप मानसिक संतुलन खोकर ऐसी टिप्पणियां करते हैं. इसके बाद सदन में हंगामा हो गया और कांग्रेस सांसदों ने मानसिक संतुलन खराब होने के शब्द पर कड़ी आपत्ति जताई. इस पर नड्डा ने ये शब्द कार्यवाही से हटाने की अपील की. खरगे ने बयान को लेकर नड्डा से माफी की मांग की. इस पर नड्डा ने कहा कि आपको अगर ठेस पहुंची, तो मैं माफी मांगता हूं, लेकिन आप भी भावावेश में इतना बह गए कि प्रधानमंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रख पाए.

## ब्रीफ न्यूज

### अभद्र टिप्पणी करने वाले रशीदी की पिटाई

**नयी दिल्ली।** सपा सांसद डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी करने वाले ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी की पिटाई हो गई. रशीदी का वीडियो वायरल हो रहा है. इसमें एक युवक न्यूज चैनल के स्टूडियो में मौलाना के पास पहुंचा और थप्पड़ मारने शुरू कर दिए. बता दें हाल में डिंपल यादव साड़ी पहनकर मस्जिद में गईं थीं, जिसके बाद मौलाना ने उन पर अशोभनीय टिप्पणी की थी.

### सुकमा में मुठभेड़, दो जवान ब्लॉस्ट में घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा की गोगुंडा के पहाड़ी में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की सूचना है. हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि बाकी है जबकि ऑपरेशन के लिए निकले दो जवान आईईडी ब्लास्ट के चपेट में आने से घायल हो गए हैं. डीआरजी के घायल जवान माड़वी मुकेश, बारसे रामा को सुकमा जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद सुकमा पुलिस लाइन से एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया है.

### दूसरे दिन भी मिसाइल 'प्रलय' का परीक्षण

**नयी दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन 'प्रलय' मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता का सत्यापन करने के लिए दो उड़ान परीक्षण किए. नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा तट के कलाम द्वीप से किया गया. मिसाइलों ने निर्धारित प्रक्षेप पथ का सटीक अनुसरण किया और सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीक सटीकता के साथ लक्ष्य बिंदु पर पहुंची.

## देवघर के जमुनिया में बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर

# छह कांवड़ियों की मौत 23 घायल, कई गंभीर

शुभम संदेश। रांची/देवघर

जिले के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया के पास मंगलवार सुबह कांवड़ियों की बस और गैस सिलेंडर लदे ट्रक के बीच टक्कर में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई. जबकि 23 लोग घायल हैं, जिनमें आठ की हालत गंभीर है. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

मृतकों में सुभाष तुरी (40) निवासी गांव चकरमा थाना मोहनपुर जिला देवघर (बस चालक),दुर्गावती (45) पति गामा धांगर निवासी गांव मतराजी थाना लोकरिया जिला पश्चिम चंपारण, सुमन कुमारी (30) पति सुनील दास निवासी गांव सनोरा थाना पड़ैया जिला गयाजी, समदा देवी (40) पति देवकी प्रसाद निवासी तरेगना थाना धनरूआ जिला पटना, पीयूष (15) निवासी गांव महनार जिला वैशाली और बिहार के ही पटना के धनरूआ थाना क्षेत्र के तरेगना निवासी देवकी प्रसाद शामिल हैं. देवकी प्रसाद की एम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गयी.

जिले के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है. 23 लोग घायल हैं. आठ की हालत गंभीर है. एसडीओ रवि कुमार ने बताया कि श्रद्धालु बाबा धाम मंदिर से दर्शन कर बासुकिनाथ धाम जा रहे थे. इसी बीच चालक को झपकी आयी और बस अनियंत्रित होकर गैस सिलेंडर लदे एक ट्रक से जा टकरायी. इसके बाद बस कुछ दूर आगे गयी और ईंट रखे ढेर से टकरा गयी.

**मृतकों के परिजनों को 1 लाख मुआवजा:** घटना पर दुःख जताते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मृतक के परिवार को 1-1 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है. साथ ही मंदिर प्रबंधन कल्याण कोष से घायलों को 20-20 हजार मुआवजा देने की घोषणा की गयी है.

**घायलों का मुफ्त इलाज:** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मुआवजा देने की घोषणा करने के साथ ही कहा कि सभी घायलों का मुफ्त इलाज कराया जा रहा है. सभी तरह के जांच, दवा और इलाज की मुफ्त व्यवस्था करायी की व्यवस्था भी जिला प्रशासन करेगी.

**हादसे की होगी जांच: देवघर डीसी**

इस बीच, देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने घटना के संबंध में कहा कि कमेटी का गठन आकर हादसे की जांच की जाएगी. अगर जांच में कोई गड़बड़ी मिलेगी, तो उस अनुरूप कार्रवाई होगी. साथ ही उन्होंने कहा मेला क्षेत्र में चलने वाली सभी बस सहित अन्य गाड़ियों और उसके चालकों की भी जांच कराई जाएगी. ताकि भविष्य में आगे कभी इस तरह की घटना दोबारा न घटे.

**राज्य सरकार ने की मुआवजे की घोषणा, सभी घायलों का होगा मुफ्त इलाज**



### प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने जताया दुख



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने मंगलवार को देवघर में हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. पीएमओ ने एक्स पर लिखा कि देवघर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है. इस हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं.



**राज्यपाल संतोष गंगवार** ने बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मौत पर शोक जताया है. एक्स पर उन्होंने कहा कि देवघर से बासुकीनाथ जा रही कांवड़ियों की बस दुर्घटना में कई श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है. मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा बाबा भोलेनाथ से घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं.



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन** ने श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा कि देवघर में बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु की दु:खद सूचना मिली है. प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य के साथ घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है. बाबा बैद्यनाथ दुर्घटना में मरने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे.

### 18 श्रद्धालुओं की मौत का दावा!

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और सांसद निशिकांत दुबे ने 18 श्रद्धालुओं के मारे जाने का दावा करते हुए दुर्घटना पर दुख जताया है. मरांडी ने एक्स पर लिखा कि देवघर-बासुकीनाथ मुख्य सड़क पर हुए भीषण सड़क हादसे में 18 कांवरियों के मृत्यु की दुखद घटना से मन अत्यंत व्यथित है. प्रशासन दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करे. बाबा बैद्यनाथ दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति दें. सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं. गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे ने एक्स पर लिखा, मेरे क्षेत्र में कांवर यात्रा के दौरान हादसे में 18 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है. बाबा बैद्यनाथ जी उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें.

## बिहार में एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट 12 और 13 अगस्त को करेगा सुनवाई, कहा

# कोई गड़बड़ी निकली तो हम हस्तक्षेप करेंगे

एजेंसियां। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिहार में निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देनेवाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए समयसीमा तय करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर सुनवाई 12 और 13 अगस्त को होगी. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाया बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देनेवाले याचिकाकर्ताओं से 8 अगस्त तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा है. कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को चेतावनी भी दी है कि यदि इस प्रक्रिया में कोई भी अनियमितता या गड़बड़ी पाई गई, तो वह हस्तक्षेप करने से नहीं हिचकेगा.

**मतदाता सूची से बाहर हो रहे लोग:** याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि एक अगस्त को प्रकाशित की जाने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में बड़ी संख्या में लोगों के नाम अनावश्यक रूप से हटाए जा रहे हैं, जिससे उनके मतदान के अधिकार का हनन हो रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने जवाब में कहा कि अगर ऐसा हो रहा है, तो याचिकाकर्ता सबूत पेश करें. पीठ ने सिब्बल और भूषण से कहा, आप उन 15 लोगों को अदालत के सामने लाएं, जिन्हें मृत दिखाया गया हो, जबकि वे जीवित हैं, हम इसपर गौर करेंगे. कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त कर तथ्यों को समन्वयित करने का निर्देश दिया.



### आधार और वोटर आईडी को माने प्रामाणिक दस्तावेज

इससे पहले सोमवार को कोर्ट ने वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को प्रामाणिक दस्तावेज मानते हुए चुनाव आयोग से इन्हें मान्य दस्तावेज की तरह स्वीकार करते रहने को कहा. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड की तुलना में आधार और वोटर आईडी अधिक विश्वसनीय हैं.

### ट्रेन में कंबल या चादर ले गए तो भुगतना पड़ेगा अंजाम!

**नयी दिल्ली।** ट्रेन यात्रा के दौरान एसी कोच में मिलने वाला बेड रोल, जिसमें कंबल, चादर-तकिया-टॉवेल यात्रा के बाद लेकर जानेवालों को लिए बड़ी खबर है. ये आइटम्स अपने साथ ले जाना पूरी तरह से गैरकानूनी है. यह रेलवे की संपत्ति है. इसका चोरी होना दंडनीय अपराध है. यदि कोई यात्री चादर, कंबल, टॉवेल या तकिया साथ ले जाता है और पकड़ा जाता है, तो उसे 1000 का जुर्माना देना पड़ सकता है. वहीं अगर कोई जुर्माना नहीं भरता है, तो उसे 1 साल की जेल भी हो सकती है. इस प्रकार की चोरी रेलवे अधिनियम, 1966 के तहत आती है. पहली बार अपराध करने पर 1000 रुपए जुर्माना या 1 साल की जेल का प्रावधान है. लेकिन यदि कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा करता है या गंभीर रूप से दोषी पाया जाता है, तो सजा 5 साल की जेल व अतिरिक्त जुर्माने तक बढ़ सकती है. इसलिए अगर आप थर्ड, सेकेंड या फर्स्ट एसी में सफर कर रहे और आपको बेडरोल मिल रहा है, तो उसे यात्रा के बाद वहीं छोड़ना आपकी कानूनी जिम्मेदारी है.

## रिपोर्ट: ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग नौकरियों में 42 फीसदी की वृद्धि

# जून 2025 में नियुक्ति गतिविधि में आया जोरदार उछाल

शुभम संदेश डेस्क

ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग से जुड़ी नौकरियों में सालाना आधार पर 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी दी गई है. रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में भी नियुक्ति में 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है. यह वैश्विक सेवा वितरण में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है. इसमें आगे बताया गया कि जून 2025 मे फ्रेशर हायरिंग में 11 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है. यह नए प्रवेशकों के लिए बेहतर रोजगार अवसरों की ओर इशारा करती है.

**व्हाइट कॉलर नियुक्तियों में आया मजबूत उछाल:** समग्र श्रम बाजार स्थिर रहा और व्हाइट कॉलर नियुक्तियों में मजबूत उछाल आया. इसे वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों की वृद्धि का समर्थन प्राप्त हुआ. वहीं औपचारिक रोजगार सृजन में तेजी जारी रही। विभाग ने नौकरी जॉबस्पीक जून 2025 रिपोर्ट का भी हवाला दिया. इसमें भारत के व्हाइट कॉलर जॉब बाजार में पुनरुद्धार की पुष्टि की गई है. जून 2025 में नियुक्ति सूचकांक बढ़कर 2,854 हो गया. इससे विभिन्न क्षेत्रों, शहरों और अनुभव स्तरों में नियुक्ति गतिविधि में 10.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई.

**ईपीएफओ ने मई में 20 लाख नए सदस्य जोड़े :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मई 2025 के दौरान शुद्ध सदस्य जोड़ने में सर्वकालिक उच्च रिकॉर्ड दर्ज किया. ईपीएफओ ने मई में 20.06 लाख सदस्य जोड़े. यह अप्रैल 2018 में पेरोल डेटा पर नजर रखने के बाद से उच्चतम मासिक आंकड़ा है. ईपीएफओ में 59.5 प्रतिशत 25

**साल से कम आयु के नए सदस्य जुड़े:** मई 2025 के लिए ईपीएफओ के नए ग्राहक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि 59.5 प्रतिशत नए सदस्य 18-25 आयु वर्ग के थे. वहीं 22.8 प्रतिशत 26-35 आयु वर्ग के थे, और 16.6 प्रतिशत 35 से अधिक आयु के थे. इससे पता चलता है कि संगठित कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा युवा वयस्कों से बना है, जो मुख्य रूप से पहली बार नौकरी की तलाश कर रहे हैं.




### बीमा क्षेत्र में हुई सबसे अधिक वृद्धि

भार्ती में बढ़तरी का नेतृत्व बीमा क्षेत्र ने किया. इसमें सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई. इसके बाद आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में 21 प्रतिशत, बीपीओ और आईटीईएस में 19 प्रतिशत, रियल एस्टेट में 16 प्रतिशत, तेल एवं गैस/बिजली में 15 प्रतिशत, स्वास्थ्य सेवा में 11 प्रतिशत और शिक्षा व एफएमसीजी में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई. भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों ने भी रोजगार सृजन में योगदान जारी रखा. क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) का रोजगार उप-सूचकांक लगातार 16वें महीने विस्तार क्षेत्र में रहा. वहीं विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि हुई, सेवा क्षेत्र में मई 2025 में प्राप्त रिकॉर्ड स्तर से थोड़ी राहत देखी गई.

# अमन सिंह के हत्यारोपी को पहचान छिपाने में 3 वर्ष की कैद

- बाइक चोरी के मामले में पकड़ा गया था रितेश
- मुनिडीह में पकड़े जाने के बाद उसने खुद को चंद्रपुरा का रहने वाला बताया था
- पहचान छिपाकर पुलिस को दिगभ्रमित करने के मुकदमे में रितेश को हुई सजा

शुभम संदेश। धनबाद

यूपी के गैंगस्टर अमन सिंह को धनबाद जेल में गोली मारने के आरोपी यूपी प्रतापगढ़ निवासी सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नूतन एक्का की अदालत ने पहचान छिपाने एवं पुलिस को दिग्भ्रमित करने के मामले में तीन वर्ष की कैद एवं पांच हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है. मुनीडीह थाने में रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो के विरुद्ध पहचान छिपाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी एएसआई गूपिन मुर्मू की शिकायत पर पुटकी थाना कांड संख्या180/23 के तहत 13 दिसम्बर 2023 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 25 नवंबर 2023 को पुलिस ने उसे डीएवी मैदान मुनिडीह से चोरी की मोटर साइकिल के साथ पकड़ा था. उस वक्त रितेश यादव ने अपना नाम सुंदर महतो उर्फ नीतीश महतो और पता तेलो चंद्रपूरा बोकारो बताया था. तीन दिसम्बर 2023 को धनबाद जेल में अमन सिंह की हत्या होने के बाद जब पुलिस ने उसकी संलिप्तता इस हत्याकांड में पाई तो अमन सिंह हत्याकांड में सुंदर महतो का पुलिस रिमांड लिया. पुलिस रिमांड में इस बात का खुलासा हुआ कि सुंदर महतो उसका नाम नहीं है बल्कि उसने अपनी पहचान छिपा कर पुलिस को दिगभ्रमित किया था. बोकारो पुलिस ने भी जांच के बाद यह प्रतिवेदन दिया था कि तेलो चंद्रपुरा में सुंदर महतो पिता गुरु चरण महतो नाम का कोई आदमी नहीं है, उसका वास्तविक नाम रितेश यादव और पता चारंगपुर जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश था. जिसे सत्यापित भी किया गया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने रितेश के विरुद्ध आरोप को सही पाते हुए आरोप पत्र दायर किया था. रितेश की तरफ से अदालत में एलएडीसीएस की सहायक मुस्कान चोपड़ा पुलिस के किसी भी दलील को नहीं काट सकी. अभियोजन का संचालन सहायक लोक अभियोजक आशुतोष कुमार ने किया.

# राजभवन : मदरा मुंडा अतिथिशाला के प्रत्येक कमरे के रख-रखाव पर प्रति माह खर्च होगा एक लाख रुपए

**शुभम संदेश। रांची**



राजभवन के वीआईपी अतिथियों के लिए बनाए गए गेस्ट हाउस (मदरा मुंडा राजकीय अतिथिशाला) के प्रत्येक कमरे के रख-रखाव पर प्रति माह लगभग एक लाख रुपए की राशि खर्च होगी. इस तरह एक कमरे के रख रखाव पर प्रतिदिन लगभग 3.33 हजार रुपए खर्च होंगे. राजभवन ने इस अति विशिष्ट अतिथिशाला के रखरखाव संबंधी काम देने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है. नीचे से दिए गए प्रस्ताव में अतिथिशाला के मेंटेनेंस की जिम्मेवारी टेंडर के माध्यम से तय करने का सुझाव था. लेकिन ऊपर के स्तर से इस अतिथिशाला के रख रखाव का काम नोमिनेशन के आधार पर दिल्ली की कंपनी बीवीजी इंडिया लिमिटेड को देने का प्रस्ताव है. राजभवन ने इस प्रस्ताव को कैबिनेट की स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भेज दिया है. मालूम हो कि नोमिनेशन पर काम देने का अधिकार कैबिनेट को ही है.

प्रस्ताव में मेंटेनेंस की राशि लगभग 10 लाख रुपए बतायी गयी है. अर्थात वर्ष में लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपए की राशि खर्च होगी. राजभवन के इस अति विशिष्ट अतिथिशाला में दो सुईट और नौ कमरे हैं. कुल 11 कमरे हैं. इन 11 कमरों वाले अतिथिशाला के मेंटेनेंस पर प्रति माह 10 लाख रुपए की राशि खर्च होगी. क्योंकि प्रस्ताव में कंपनी की ओर से यह जानकारी दी गयी है कि अतिथिशाला के रख रखाव के लिए लगभग 36 कर्मी रखने होंगे. उसमें मैनेजर से लेकर रसोईया, स्वीपर, माली सहित कई अन्य तरह के कर्मी. इन कर्मियों के वेतन के आलावा अन्य मदों पर होनेवाले खर्च की राशि प्रतिमाह 10 लाख रुपए तक पहुंचती है. वैसे बीवीजी इंडिया लिमिटेड देश की नामी-गिरामी सेवा प्रदाता कंपनी है. यह कंपनी देश के कई प्रमुख संस्थानों को अपनी सेवा प्रदान कर रही है.

### जनता की गाढ़ी कमाई का हो रहा है दुरुपयोग

# दो वर्ष से कोई बैठक नहीं, लेकिन कई करोड़ खर्च हो गए, राज्य समन्वय समिति बनी राजनीतिक उपहार योजना: प्रतुल शाहदेव

**शुभम संदेश। रांची**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर पड़ा हमला करते हुए झारखंड राज्य समन्वय समिति को पूरी तरह से औचित्यहीन और निष्क्रिय बताया है. कहा कि इस समिति का गठन विकास कार्यों में समन्वय के नाम पर किया गया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह महज सत्ताधारी दलों के नेताओं को राज्य मंत्री का दर्जा देकर उपकृत करने का एक राजनीतिक उपहार योजना बनकर रह गयी है. शाहदेव ने कहा कि 2022 के अंत में इस समिति का गठन बड़े उद्देश्य और दावों के साथ किया गया था. लेकिन आज ढाई वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद समिति की केवल एक औपचारिक बैठक, 10 जून 2023 को हुई है. वर्ष 2024 और अब 2025 में कोई भी बैठक नहीं हुई है. ऐसे में इस समिति के अस्तित्व का क्या औचित्य रह जाता है? प्रतुल ने कहा समिति की बैठक नहीं हो रही, लेकिन समिति के नाम पर राजनीतिक रेवड़ियां बांटना जारी है. 9 अक्टूबर 2024 को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को भी इस समन्वय समिति का सदस्य बना कर राज्यमंत्री का दर्जा दे दिया गया.

शाहदेव ने कहा कि जब बैठकें ही नहीं हो रही हैं, तो क्या राज्य सरकार यह बताएगी कि समिति के सदस्यों को राज्य मंत्री का दर्जा देने के नाम पर अब तक जनता के गाढ़ी कमाई के कई करोड़ रुपये फूंकने का क्या औचित्य है? प्रतुल ने कहा इस समन्वय समिति में कुल नौ सदस्य हैं और अधिकांश को राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है. यह समिति जनता की भलाई के लिए ना बन कर सिर्फ राजनीतिक समझौतों की पूर्ति के लिए बनी है.

### रांची सीआईडी की बड़ी कार्रवाई

## सहारा फर्जीवाड़ा मामले में जोनल मैनेजर संजीव कुमार को किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची सीआईडी ने करोड़ों रुपये के सहारा समूह फर्जीवाड़ा मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सहारा के पूर्व जोनल मैनेजर संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है. पटना जिले के बाढ़ स्थित चोंदी मुहल्ले से संजीव को रविवार देर रात गिरफ्तार किया गया. सोमवार को अदालत में पेशी के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.इस मामले में 30 नवंबर 2024 को सीआईडी थाना, रांची में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी में सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय (अब दिवंगत), उनकी पत्नी स्वप्ना रॉय, भाई जयब्रत रॉय, बेटे सुशांतो रॉय और सीमान्तो रॉय, साथ ही ओम प्रकाश श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव, नीरज पाल और सुंदर झा को भी आरोपी बनाया गया है. इसके अलावा, सहारा समूह की कई कंपनियां भी इस घोटाले में आरोपी हैं. रिपोर्ट के अनुसार, सहारा प्रमुख की पत्नी स्वप्ना रॉय और दोनों बेटे सुशांतो व सीमांतो रॉय ने अब मैसेडोनिया की नागरिकता प्राप्त कर ली है, जो उन्होंने निवेश के आधार पर ली है. चूंकि भारत और मैसेडोनिया के बीच प्रत्यर्पण संधि नहीं है, इस कारण ये आरोपी फिलहाल भारतीय कानून की गिरफ्त से बाहर हैं. सीआईडी इस मामले में आगे की जांच तेज़ी से कर रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास भी जारी हैं.

### झारखंड में सहयोग व निवेश पर मुख्य सचिव के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की बैठक

# झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावना : मुख्य सचिव अलका तिवारी

- अमेरिका झारखंड में निवेश और सहयोग के लिए इच्छुक : कैली जाइल डियाज

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की विस्तृत बातचीत हुई. इस दौरान खनन, पर्यटन, कृषि, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन, श्रम शक्ति इत्यादि क्षेत्रों में सहयोग और निवेश की संभावनाएं तलाशी गईं.

**उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ संभावनाओं पर हुई चर्चा:** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि झारखंड के कई क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की अपार संभावनाएं हैं. उन्होंने राज्य के प्राकृतिक संसाधनों के बारे में विस्तार से बताया. साथ ही यहां की श्रम शक्ति को हुनरमंद बनाकर कैसे योजनाओं के माध्यम से वृहद आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, उस पर प्रकाश डाला. महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण में आये बड़े बदलाव को रेखांकित किया. उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे मुख्यमंत्री की पहल से मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण से लेकर श्रम का पलायन रोक कर झारखंड की आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को बदला जा रहा है. उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ संभावनाओं पर भी चर्चा की.



**खनिजों के खनन व उपकरण कारखाना की स्थापना में ज्वाइंट वेंचर की अपार संभावनाएं**

खान सचिव राहुल कुमार सिन्हा ने अमेरिकी काउंसलेट जेनरल को बताया कि खनन के क्षेत्र में कोयला समेत विभिन्न खनिजों के खनन, खनन उपकरण कारखाना स्थापना में ज्वायंट वेंचर की अपार संभावनाएं हैं. वहीं लिथियम, ग्रेफाइट और टेटानियम के प्रसंस्करण में भी आपसी सहयोग से आगे बढ़ा जा सकता है. टास्क फोर्स-सस्टनेबल जस्ट ट्रांजिशन के चेयरमैन एके रस्तोगी ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला. बताया कि झारखंड पूरे भारत में सर्वाधिक 33 प्रतिशत वन क्षेत्र वाला राज्य है. उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में आपसी सहयोग की बड़ी संभावना है. इसके अतिरिक्त झारखंड के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में भी निवेश और सहयोग की प्रचुर संभावना है. राज्य में लगभग 70 प्रतिशत लोग कृषि कार्य से जुड़े हैं, यह क्षेत्र भी सहयोग और निवेश के लिए आकर्षक क्षेत्र है.

अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज ने चर्चा के दौरान चिह्नित क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रक्रिया शुरू करने पर बल दिया.

अमेरिकी काउंसलेट जेनरल के साथ बैठक के दौरान मुख्य सचिव के अतिरिक्त टास्क फोर्स-सस्टनेबल जस्ट ट्रांजिशन के चेयरमैन एके रस्तोगी, खान सचिव राहुल कुमार सिन्हा और अमेरिकी काउंसलेट जेनरल की सहयोगी संगीता डे चंदा उपस्थित थे.



## राज्यपाल से अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली डियाज ने की मुलाकात

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास, कोलकाता की महावाणिज्य दूत कैली जाइल डियाज़ ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की. इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कैली जाइल डियाज़ को झारखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विशेषताओं से अवगत कराया. कहा कि इस राज्य में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा उपलब्ध है. भेंट के दौरान उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड में अनेक विश्वप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं, जो राज्य की आध्यात्मिक समृद्धि के प्रतीक हैं. राज्यपाल ने बताया कि वर्तमान में सावन के पावन महीने में देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु श्रद्धा और भक्ति के साथ कांवर यात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम और दुमका स्थित बासुकीनाथ मंदिर पहुंच रहे हैं.

### भाजपा का इंडी गठबंधन पर तीखा वार प्रदेश प्रवक्ता अजय साह बोले

# तुष्टिकरण में डूबे गठबंधन ने नारी सम्मान और न्याय की बलि चढ़ाई

**शुभम संदेश। रांची**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने मंगलवार को इंडी गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह गठबंधन मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में इतना लिप्त हो चुका है कि उसे नारी सम्मान और न्याय व्यवस्था की कोई परवाह नहीं रह गई है. उन्होंने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति में गठबंधन के नेता मर्यादाओं को पार कर रहे हैं.

साह ने समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों का हवाला देते हुए पूछा कि जब एक हिंदू महिला सांसद के पारंपरिक वस्त्रों पर अभद्र टिप्पणी की जाती है, तब अखिलेश यादव और इंडी गठबंधन चुप क्यों रहते हैं. उन्होंने इसे महिला गरिमा का सीधा अपमान बताया.

झारखंड में कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए साह ने कहा कि जिन मामलों में हिंदू बेटियों को जलाया या बेरहमी से मारा गया, उन पर सरकार चुप रही, लेकिन दुष्कर्म के आरोपी आफताब अंसारी की मौत पर जांच कमेटी गठित कर दी गई. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता सिर्फ एक खास समुदाय की चिंता करते हैं और हर बार मुस्लिम नाम सामने आते ही सबसे पहले प्रतिक्रिया देने पहुंच जाते हैं.साह ने कहा कि आज का इंडी गठबंधन एक "तुष्टिकरण गठबंधन" बन गया है, जो न्याय, संविधान और सामाजिक संतुलन की बलि देकर केवल वोटबैंक की राजनीति कर रहा है.

## युवा कांग्रेस को सशक्त बनाने के लिए रियाज अंसारी पर्यवेक्षक नियुक्त

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने झारखंड में युवा कांग्रेस को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाया है. इसी क्रम में रियाज़ अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों में युवा कांग्रेस की पहुंच को और व्यापक बनाने तथा समाज के सभी वर्गों, विशेषकर हाशिए पर रहने वाले तबकों के युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने के उद्देश्य से की गई है. प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देशित किया है कि जिला कांग्रेस समितियां ( और प्रखंड कांग्रेस समितियां पूर्ण सहयोग प्रदान करें, ताकि संगठनात्मक ढांचे को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा सके. यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी. यह जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने दी.

# सीएम हेमंत सोरेन आज दिल्ली से रांची लौटेंगे, गुरुजी के स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव

**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 30 जुलाई यानी बुधवार को दिल्ली से रांची लौटेंगे. आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बुधवार की शाम रांची आएंगे. रांची आने के बाद वह अगले दिन 31 जुलाई को रांची आ रही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हवाई अड्डे पर स्वागत करेंगे. साथ ही सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों के साथ अपने आवास पर बैठक करेंगे. विधानसभा के मानसून सत्र से पहले होनेवाली इस बैठक में सत्ता पक्ष अपनी रणनीति को अंजाम देगा. मालूम हो कि विधानसभा के मानसून सत्र में विपक्ष भी सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी में जुट गया है. इसके लिए विपक्ष की भी जल्द बैठक होगी.

इधर आधिकारिक जानकारी के अनुसार गुरुजी के इलाज और सेवा को लेकर दिल्ली में जमें मुख्यमंत्री के इस बार कुछ दिनों तक रांची में रहने की संभावना है. क्योंकि विधानसभा सत्र को लेकर मुख्यमंत्री का रांची में रहना आवश्यक माना जाता है. सूत्रों के अनुसार दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में इलाजरत शिबू सोरेन के स्वास्थ्य में लगातार उचार-चढ़ाव हो रहा है. सोमवार को उनके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार देखा गया. चिकित्सक उनके स्वास्थ्य पर गंभीरता से नजर रखे हुए हैं. स्वास्थ्य में तेजी से सुधार के प्रयास कर रहे हैं. लेकिन बीच बीच में गुरुजी के स्वास्थ्य में गिरावट आ जा रही है.

## झारखंड जनजातीय महोत्सव की देशभर में गूंज, 15 शहरों में होगा आयोजन



**रांची।** इस बार विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर झारखंड जनजातीय महोत्सव की गूंज पूरे देश में सुनाई देगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिया है कि देश के सभी प्रमुख शहरों में झारखंड जनजातीय महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाए. इसके तहत पोर्ट ब्लेयर से लेकर दिल्ली तक आयोजन होगा. नौ अगस्त को झारखंड के सभी 24 जिलों में झारखंड जनजातीय महोत्सव का आयोजन होगा. यह महोत्सव नौ अगस्त 2025 को एक साथ देश के 15 प्रमुख शहरों में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य झारखंड की समृद्ध जनजातीय विरासत को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है. यह महोत्सव राज्य की पारंपरिक – संस्कृति, लोक कला, नृत्य, संगीत,खानपान, हस्तशिल्प और पर्यटन स्थलों को देशभर के लोगों के समक्ष प्रस्तुत करेगा. रांची के मोरहाबादी मैदान में यह तीन दिवसीय झारखंड जनजातीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. यह 9 अगस्त से आरंभ होगा 11 अगस्त को समापन होगा. महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे. इस आयोजन में बॉलीवुड के कई कलाकारों के आने की उम्मीद है.

### नागरिक समाज संपर्क विभाग (रचनात्मक कांग्रेस) का गठन

## दयामनी बरला को प्रदेश पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) ने राज्य में पार्टी की जनपहुंच को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नागरिक समाज संपर्क विभ ाग (रचनात्मक कांग्रेस) के गठन की घोषणा की है. यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में लिया गया है. इस नवगठित विभाग का उद्देश्य झारखंड में सक्रिय जनसरोकारों, नागरिक समाज संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करना है, ताकि जनहित के मुद्दों पर मिलकर कार्य किया जा सके. विभाग की पहली नियुक्ति के तहत दयामनी बरला को नागरिक समाज संपर्क विभाग का प्रदेश पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है. उन्हें पीसीसी एवं डीसीसी स्तर पर विभाग के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

### मिलन समारोह : आजसू छात्र संघ में शामिल हुए झारखंड छात्र मोर्चा के दर्जनों सदस्य

# सुदेश महतो का आरोप : राज्य सरकार राज्यपाल के अधिकारों पर कर रही प्रहार

**शुभम संदेश। रांची**



आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य में शिक्षा का सुधार नहीं, बल्कि राजनीतिक स्वार्थ है. उनका आरोप है कि राज्यपाल के अधिकारों पर हमले किए जा रहे हैं, जो लोकतांत्रिक परंपराओं और संविधान के खिलाफ हैं.आजसू पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए महतो ने कहा कि झारखंड की सरकार ने युवाओं और छात्रों को ठगा है. राज्य में बेरोजगारी चरम पर है और नौकरियां केवल कागजों तक सीमित हैं. सरकार की प्राथमिकता शराब की दुकानों का समय तय करना है, न कि युवाओं के भविष्य पर ध्यान देना. उन्होंने कहा कि कुलपति के चयन का अधिकार अब राज्य सरकार को सौंपा जा रहा है, जो युवाओं के अधिकारों का उल्लंघन है. साथ ही, जनजातीय सलाहकार परिषद के मामलों में भी राज्यपाल के अधिकारों में कटौती की गयी है.

आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने पार्टी के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि आजसू ने संघर्ष कर झारखंड राज्य की स्थापना की थी. उन्होंने कहा कि आजसू हमेशा छात्रों, युवाओं और हर वर्ग के लिए संघर्ष करती रही है. हम सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे और हमारा लक्ष्य झारखंड को समृद्ध बनाना है. झारखंड छात्र मोर्चा के प्रमुख प्रताप सिंह के नेतृत्व में रांची, बोकारो, देवघर, चतरा और गिरिडीह जिलों से कई छात्र आजसू में शामिल हुए. प्रताप सिंह ने कहा कि आजसू कोई संगठन नहीं, बल्कि एक सोच है. यह वीर योद्धाओं की पार्टी है, जो झारखंड को सुनहरा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.

छात्र आजसू में रांची से प्रताप सिंह, विद्यानंद राय, ऋषभ सिंह, अरुण चौहान, राहुल पासवान, पृथ्वी एक्का, राजा चौहान, सिकंदर मुंडा, अनुराग ठाकुर, रोहन चौहान, बोकारो से कार्तिक गुप्ता, अरुण जायसवाल, हर्षवर्धन सिंह, गौरव कुमार, देवघर से सचिन सिंह, आयुष सिंह, चतरा से शुभम तिवारी, रोशन कुमार, प्रभाकर चौहान, गिरिडीह से किशोर मंडल शामिल हुए.

मिलन समारोह में दीपक महतो, संजय मेहता, बसंत महतो, कुमुद वर्मा, परवाज खान, ऋतुराज शाहदेव, ओम वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, मोहसिन खान, अभिषेक सहित अन्य पार्टी सदस्य उपस्थित थे. आजसू ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि उनका उद्देश्य झारखंड के हर नागरिक का उत्थान करना है.

### भाकपा सचिव पाठक बोले : नियम ताक पर रख हो रहा काम, गुणवत्ता की अनदेखी, गुस्से में जनता

# रामगढ़-हजारीबाग में ग्रामीण विकास विभाग में बड़ा टेंडर घोटाला, भाकपा ने सीबीआई जांच की मांग की

**शुभम संदेश। रामगढ़/हजारीबाग**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने झारखंड सरकार से ग्रामीण विकास विभाग में बड़े स्तर पर हुए टेंडर घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया कि रामगढ़ ग्रामीण विकास प्रमंडल द्वारा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले निकाले गए 9 टेंडरों में से 8 टेंडर एक ही ठेकेदार विंध्याचल कंस्ट्रक्शन को दिए गए. कहा कि यह टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पक्षपातपूर्ण और भ्रष्टाचार से भरी है. उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री और विभाग के चीफ इंजीनियर को पत्र लिखकर पूरे मामले की गहन जांच करा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

**क्या-क्या आरोप**



- रामगढ़ ग्रामीण विकास प्रमंडल पर एक ही ठेकेदार को लगातार टेंडर देने का गंभीर आरोप
- नौ में से आठ टेंडर विंध्याचल कंस्ट्रक्शन को ही दिए जाने पर उठ रहे सवाल
- सीएम हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री और विभाग के चीफ इंजीनियर को लिखा पत्र, जांच की मांग की
- हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड में भी साल भर से टेंडर लटका, मनपसंद ठेकेदार के इंतजार का आरोप

उन्होंने यह भी बताया कि हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड में चटकारी से उचरिंगा भैया रोहनियाटांड़ तक पीसीसी पथ निर्माण के लिए एक साल पहले टेंडर निकाला गया था, जिसमें दस ठेकेदारों ने हिस्सा लिया है. बावजूद इसके, विभाग अभी तक टेंडर खोलने से कतरा रहा है. आरोप है कि अधिकारी सबसे अधिक बोली लगाने वाले 'मनचाहे' ठेकेदार का इंतजार कर रहे हैं, जो नियमों के पूरी तरह खिलाफ है.

भाकपा के प्रदेश सचिव पाठक ने चेताया कि एक ही ठेकेदार को सारे बड़े काम सौंपने से काम की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हो रही है और आम जनता में भारी असंतोष है. उन्होंने कहा कि 2024 में भी इसी तरह क्लासिक कंस्ट्रक्शन को मनमाने ढंग से ठेके दिए गए थे. उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि पूरे झारखंड, खास कर रामगढ़ और हजारीबाग जिले में चल रहे टेंडर प्रकरण की सीबीआई से जांच कराई जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुधरे.

## होमगार्ड नियुक्ति के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में हो रही होम गार्ड बहाली के विरुद्ध झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है.



झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने झारखंड गृह रक्षक स्वयंसेवक नियमावली 2014 के कंडिका 4 के नोट 1 एवं 2 के खिलाफ याचिका दायर की है. इस वाद में राजीव कुमार तिवारी के अलावा चाईबासा जिला के अध्यक्ष चरण चातर, सरायकेला-खरसावां के जिला अध्यक्ष प्रकाश पुर्ति एवं सरायकेला के 3 अभ्यर्थी प्रार्थी हैं. याचिका में झारखंड के सभी उपायुक्त, होमगार्ड डिजी, गृह सचिव, जिला समादेष्टा चाईबासा एवं पुलिस अधीक्षक को पार्टी बनाया गया है.

### अपना ही केस साबित नहीं कर पाई पुलिस

# कोर्ट ने कल्लू बंगाली समेत अन्य को किया बरी

**शुभम संदेश। रांची**

रांची सिविल कोर्ट ने कुख्यात हिस्ट्रीशीटर कल्लू बंगाली उर्फ समीर बागची, अभिजीत सिंह उर्फ सेंटी सिंह, जगत कुमार उर्फ लक्की और शिवनारायण महतो को पर्याप्त साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया है. सिविल कोर्ट ने उक्त आरोपियों को जिस मामले में बरी किया है, वह आर्म्स एक्ट और लूट की योजना बनाने से संबंधित था.

**8 पुलिस वालों के बयान हुए दर्ज, पर आरोप साबित नहीं कर पाई पुलिस :** उक्त सभी लोगों पर आरोपों को साबित करने के लिए 8 पुलिस वालों के बयान भी कोर्ट में दर्ज हुए. लेकिन ट्रायल के दौरान पुलिस अपने ही लगाए गए आरोपों को साबित नहीं कर पाई. जिसके बाद अपर न्यायायुक्त संजीव झा की कोर्ट ने सभी आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया. आरोपियों की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की.

**सभी पर आर्म्स एक्ट और लूट की योजना बनाने का आरोप**

पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया था कि कल्लू बंगाली, अभिजीत सिंह, जगत कुमार और शिवनारायण महतो डकैती की योजना बना रहे थे. कल्लू बंगाली के पास से एक लोडेड रिवॉल्वर और एक पिस्टल भी बरामद हुआ था. इस संबंध में रांची के चुटिया थाना में कांड संख्या 128/2020 दर्ज की गई थी.



अक्षय कुमार ने मुंबई के बोरिवली में अपने दो फ्लैट्स बेचे


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




पेज 07



रांची, बुधवार 30 जुलाई 2025, श्रावण शुल्क पक्ष 06, संवत 2082

### झुसल चुके इलाके के पेड़-पौधे, इसी जहरीले वातावरण में सांस लेकर पल रहे नौनिहाल

# बांसजोड़ा 12 नंबर बन चुका खंडहरों का मोहल्ला





40 से अधिक मकान बन गए खंडहर, सड़कों में भी पड़ चुकी हैं दरारें

**शुभम संदेश। लोयाबाद**

सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा कोलियरी का 12 नंबर मोहल्ला अब खंडहरों में तब्दील होता जा रहा है. बीते चार वर्षों में यह इलाका धीरे-धीरे भू धंसान की चपेट में आ चुका है.अब तक करीब 40 से अधिक मकान खंडहर में तब्दील हो चुके हैं.पीसीसी सड़कों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं और ज़मीन जगह-जगह धंस रही है.यहां की हवा में जहरीली गैस और धुआं मिल चुका है,जिससे न केवल पेड़-पौधे झुलस चुके हैं,बल्कि इंसानी जिंदगी भी खतरनाक दौर से गुजर रही है. संतोष भुइंया के आंगन में पहले जो गोफ बना था, वह आज भी गैस उगल रहा है. इस इलाके में रहने वाले लोग अब इस धुएं और गैस के आदि हो चुके हैं. घरों के बच्चे इसी संकट और आपदा के माहौल में खेलते-कूदते बड़े हो रहे हैं.उनके लिए यह विषैली और असुरक्षित ज़िंदगी ही सामान्य हो गई है.

## तीन में से दो स्कूल हुए बंद

कभी इस इलाके में तीन स्कूल संचालित होते थे,लेकिन भूधंसान के खतरे को देखते हुए दो स्कूलों को बंद कर दिया गया है. हैरानी की बात यह है कि एक स्कूल आज भी इसी डेंजर ज़ोन में संचालित है, जिसमें 64 बच्चे रोज़ अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं .स्कूल के हेडमास्टर ने बताया कि वर्ष 2014 में बीसीसीएल द्वारा यह भवन उपलब्ध कराया गया था .पहले यह स्कूल बांसजोड़ा 6 नंबर पंजाबी धौड़ा में संचालित था,जिसे भू धंसान के कारण शिफ्ट कर यहां लाया गया लेकिन अब यहां भी हालात बद से बदतर हो चुके हैं और सभी को बीसीसीएल के अगले आदेश का इंतज़ार है कि यह स्कूल कब सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा. बंद किए गए दो अन्य स्कूल भवन अब पूरी तरह खंडहर हो चुके हैं. खतरे में जी रहे 40 से अधिक परिवार : सरकारी रिपोर्ट के अनुसार बांसजोड़ा 12 नंबर को पहले ही अति संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया जा चुका है. इसके बावजूद आज भी करीब 40 परिवार जान जोखिम में डालकर इसी इलाके में रह रहे हैं .स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है .अति संवेदनशील परिवारों की सूची में संतोष भूईंया, शशि भूईंया, शंभू भूईंया, कालका भूईंया, गुड्डू पासवान, आरती देवी, कपूरिया देवी, बैजनाथ सिंह, ललन पासवान, बिनोद पासवान, देवनाथ राम, मनोज यादव, महिपत रजक, रघु ठाकुर, बबीता देवी, रोशन भूईंया, रवि भूईंया, सुरेन्द्र भूईंया, बैजनाथ राम सहित अन्य कई परिवार शामिल हैं. इन लोगों ने स्थानीय प्रशासन और बीसीसीएल से मांग है कि तत्काल पुनर्वास की व्यवस्था की जाए और स्कूल सहित सभी नागरिक सेवाओं को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो.

### सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ पीपी पांडेय और डॉ शीला |
| शिशु रोग | - | डॉ पल्लवी |
| हड्डी रोग | - | डॉ मुकेश प्रसाद |
| सर्जरी | - | डॉ संजीव गोलाश |
| नेत्र रोग | - | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | - | डॉ अनुपमा |
| फिजियोथेरेपी | - | डॉ दीपाली राय |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ सुमन |
| न्यूरो | - | डॉ मनोज |

### गायनी इमर्जेंसी

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ रुमा प्रसाद |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ अपूर्वा दत्ता |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |

### जेनरल इमर्जेंसी

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ ईपिल टोपनो |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ मासूम आलम |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ राकेश रंजन |

## ब्रीफ खबरें

### सोहेल हत्याकांड में चार दोषी करार

**धनबाद।** वासेपुर निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद सोहेल की हत्या धारदार हथियार से करने के मामले में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम मनीष की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने जेल में बंद मो सद्दाम अंसारी ऊर्फ कासिम, जमानत पर रहे मो शकील अंसारी उर्फ बलिस्टर, मो गुलाम मुस्तफा अंसारी उर्फ मिस्टर व मो शाकिब अंसारी उर्फ भोलू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. अदालत 31 जुलाई 2025 को दोषियों को सजा सुनाएगी. अभियोजन का संचालन अपर लोक अभियोजक भरत राम ने किया.

### तालाब में मिला दस वर्षीय समर का शव

**तेतुलमारी।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निचितपुर टाउनशिप स्थित तालाब में मंगलवार सुबह 10 वर्षीय समर अंसारी का शव तैरता मिला. वह राजू अंसारी का पुत्र था और संत जेवियर स्कूल, तेतुलमारी में चौथी कक्षा का छात्र था. समर सोमवार शाम को घर से खेलने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला. सुबह तालाब में शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया.

### सरकारी कार्य में डाला बाधा, जेल

**चासनाला।** पाथरडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 जुलाई को हुए घटना में साउथ कॉलोनी आज़ाद नगर निवासी गुडू ओझा को गिरफ्तार कर पाथरडीह पुलिस ने जेल भेज दिया है और अन्य की गिरफ़्तारी के लिए छापमारी कर रही है. बताते चले की रात में पुलिस गश्ती के दौरान साउथ क्लोनी स्थित आज़ाद नगर के निकट कुछ युवक जमावाड़ा लगाए हुए थे. पुलिस मौक़े पर पहुंच पूछताछ करने लगी. इसी क्रम में कुछ युवक पाथरडीह थाना प्रभारी अंशु कुमार झा, सअनि रामजी रवि अन्य के साथ उलझ गए और दुर्व्यवहार कर मौक़े से फरार हो गए थे.

### डीसी से मिला झामुमो प्रतिनिधि मंडल

**धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन और जिला सचिव मन्नू आलम के नेतृत्व में धनबाद उपायुक्त से मिला. प्रतिनिधिमंडल ने आसनबनी में जबरन भूमि अधिग्रहण और रैयतों पर हो रहे अन्याय के मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त की. साथ ही, शीघ्र त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित कर प्रभावित रैयतों को न्याय दिलाने की मांग की. उपायुक्त ने झामुमो द्वारा उठाए गए मुद्दे पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और जल्द ही इस दिशा में सार्थक कदम उठाए जाएंगे. उपायुक्त से मुलाकात के बाद झामुमो नेताओं ने स्पष्ट किया कि रैयतों की जमीन किसी भी कीमत पर छीनी नहीं जाएगी. न्याय की लड़ाई हर मंच पर जारी रहेगी. प्रतिनिधिमंडल में झामुमो के केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, जिला उपाध्यक्ष कालीचरण महतो, जिला प्रवक्ता समीर रवानी और महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान भी शामिल थे.

## जायका या जहर

# कोयलांचल में नकली मसाले बने जानलेवा

### झरिया में ही दर्जन भर से अधिक नकली मसालों की बड़ी फैक्ट्री



- मिलावट करने वाले मुनाफे की चक्कर में बना रहे बीमार

**पवन वर्मा**

**झरिया।** झरिया में इन दिनों मसाला में मिलावट करने का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है. जहां कुछ मिलावट खोरों द्वारा अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मसाले में मिलावट कर लोगों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है. बात हो रही है झरिया के उन मिलावट खोरों की जो धनिया, मिर्च, हल्दी, काली मिर्च पाउडर समेत विभिन्न मसाले के पाउडर में कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल कर रहे हैं. जो लोगों के लिए धीमा जहर का काम कर रहा है, लोग बड़े चाव से मसाले डालकर सब्जी बनाते हैं और बड़े ही चाव से खाते हैं लेकिन, अनजाने में ही वह जहर के समान मिलावट वाले मसाले का सेवन कर रहे हैं. झरिया के विभिन्न क्षेत्रों में नकली और मिलावटी मसालों के कई कारखाने मौजूद हैं. जिसमें खुले आम मिलावट किया जा रहा है, लेकिन इन मिलावट खोरों से लोगों के जान बचाने वाले जिम्मेवार मौन बैठे हैं. जो इस सिस्टम पर कई तरह के सवालिया निशान खड़े करता है.

### चावल, बिचाली, एसेंस और रंग मिलाए जाते हैं

मिलावट खोरों द्वारा धनिया, मिर्च, हल्दी, गोलकी जीरा समेत विभिन्न कई मसाले का पाउडर तैयार किया जाता है. जिसमें अधिक मुनाफा कमाने के लालच में खाने के मसालों में चावल, बिचाली, आर्टिफिशियल एसेंस ( मसालों के सुगंध के लिए केमिकल ) व रंग मिलाया जाता है. जो आम लोगों के लिए धीमा जहर साबित होता है. इस तरह के मिलावट से लोगों के शरीर में कई तरह की बीमारियां उत्पन्न होती हैं. जो लोगों की जान पर बन आती है.

### बंगाल तक खपते हैं यहां के मसाले

धनबाद जिले के झरिया, बलियापुर, निरसा, तोपचांची, टुंडी क्षेत्रों समेत बंगाल के दुबड़ा, पूरेलिया, संथालडीह, रघुनाथपुर, आदरा समेत कई क्षेत्र इन मिलावट खोरों के लिए मुनाफे की जगह बने हुए हैं. धनबाद के अलावा इन इलाकों में भी यहां के मसालों की खासी बिक्री हो रही है. जानकारी के अनुसार मसाले में मिलावट का खेल जिन कारखानों में चलता है वह मुख्य रूप से झरिया के कोयरीबांध, लाल बाजार, दालपट्टी, भूंजा पट्टी, सब्जी पट्टी, बलियापुर आदि क्षेत्रों में है.

### धनसार में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

धनसार थाना क्षेत्र में एक नकली मसाला बनाने वाले की शिकायत न सिर्फ स्वास्थ्य विभाग बल्कि पुलिस से भी की जा चुकी है. मामले को एसएसपी को दिए गए पत्र के आलोक धनसार थाने को जांच कर रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेवारी मिली है. बावजूद इसके संबंधित मामले में टालमटोल का रवैया अपनाया जा रहा है. थाना के एक पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई को कहा गया लेकिन वे अब तक चुप बैठे हैं. नकली मसालों की यह फैक्ट्री थाना से महज कुछ दूरी पर ही है और काफी चर्चित स्थान पर है.

### इंटरमीडिएट सहायक आचार्य भर्ती 2023

## शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 31 से

**शुभम संदेश। रांची**

प्रारंभिक विद्यालय सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5) पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन (प्रमाण पत्रों की जांच) 31 जुलाई से शुरू होगा, जो 5 अगस्त तक चलेगा. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है.

**दो पालियों में होगी जांच, समय से एक घंटा पहले पहुंचना अनिवार्य :** जेएसएससी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, प्रमाण पत्रों की जांच आयोग के कार्यालय में दो पालियों में की जाएगी. पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से शाम 06:00 बजे तक होगी. उम्मीदवारों को पाली शुरू होने से 1 घंटा पहले जांच स्थल पर पहुंचना अनिवार्य है.

### ऑनलाइन आवेदन में दी गई

- ♦ जानकारियों से जुड़े सभी मूल प्रमाण पत्र
- ♦ सभी प्रमाण पत्रों की स्व-हस्ताक्षरित फोटो कॉपी
- ♦ हाल ही में खिंचवाया गया एक पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो

**आवश्यक दस्तावेजों की सूची**

लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र (सभी पेपर्स का)

- ♦ शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अंक पत्र :10वीं / मैट्रिक इंटरमीडिएट / 12वीं स्नातक (असभी वर्षों का मार्कशीट, जहां लागू हो)
- ♦ जे-टेट पास प्रमाण पत्र
- ♦ आरक्षण और स्थानीयता से संबंधित प्रमाण पत्र
- ♦ दिव्यांग/खेलकूद कोटा/पारा शिक्षक आदि से संबंधित प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

### अभ्यर्थियों के लिए जरूरी निर्देश

प्रत्येक उम्मीदवार को अपने साथ नीचे दिए गए दस्तावेज लाने होंगे. अगर कोई अभ्यर्थी निर्धारित समय पर प्रमाण पत्रों की जांच के लिए उपस्थित नहीं होता है, या जरूरी दस्तावेज नहीं लाता है, तो उसे अलग से मौका नहीं दिया जाएगा. ऐसे मामलों में आयोग उसका दावा निरस्त कर सकता है.

## बाइक चालक और वॉल्वो ड्राइवर में विवाद

- बीच सड़क पर घंटों चला हंगामा, यातायात ठप

**शुभम संदेश। झरिया**

पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला के के-गेट स्थित शिव मंदिर के समीप मंगलवार को झरिया सिन्दरी मुख्य सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ. आंख में कोयला डस्ट चले जाने से बाइक चालक युवक और टासरा प्रोजेक्ट के संवेदक टीपीएल की वॉल्वो गाड़ी के चालक के बीच घंटों हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ. झरिया-सिंदरी मुख्य सड़क पर हुए इस विवाद के कारण यातायात ठप हो गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई. घटना के दौरान कांडरा निवासी सूरज महतो नामक युवक ने आरोप लगाया कि कोयला लदी वॉल्वो जेएच 10 सीवी 1441 से उड़ने वाली डस्ट उसकी आंख में चली गई. इस पर उसने चालक को रुकने को कहा, लेकिन ड्राइवर नहीं रुका. युवक ने अपनी बाइक से वॉल्वो को ओवरटेक कर रोका और शीशा तोड़ने की कोशिश की. ड्राइवर ने गाड़ी भगाने की कोशिश की, जिससे एक मोटरसाइकिल वॉल्वो की चपेट में आ गई और कुछ दूर तक घसीटती चली गई. घटना से गुस्साए लोगों ने गाड़ी को घेर लिया, जबकि ड्राइवर मौके से भाग निकला. सूचना पर थाना प्रभारी अंशु कुमार झा दलबल के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया. टासरा प्रोजेक्ट के ट्रांसपोर्टर भी थाने पहुंचे. बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ और गाड़ियों को छोड़ा गया. युवक के पिता ने बताया कि उनका बेटा मानसिक रूप से अस्वस्थ है, जिससे यह घटना हुई.

## राष्ट्रपति के आगमन पर यातायात में बदलाव

**शुभम संदेश। धनबाद**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के धनबाद आगमन को लेकर यातायात व्यवस्था में कई बदलाव किए गए है. बरटांड बस स्टैण्ड और धनबाद रेलवे स्टेशन से चलने वाली बसे शहरी क्षेत्रों में नहीं चलेगी. 1 अगस्त को बरटांड़ बस स्टैण्ड एवं धनबाद रेलवे स्टेशन से परिचालित होने वाली सभी यात्री बसों का परिचालन बिनोद बिहारी चौक के पास किया जायेगा. किसी भी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश निम्न गोल-बिल्डिंग, मेमको मोड़, बिनोद बिहारी चौक, मटकुरिया चेकपोस्ट आदि रास्ते से वर्जित रहेगा. किसान चौक से मैथन बार्डर तक किसी भी बड़े एवं छोटे वाहन का सड़क पर ठहराव वर्जित रहेगा. किसान चौक से आईएसएम मुख्य द्वार तक के निम्न आने-जाने वाले सड़क के किनारे मोटरसाईकिल / कार एवं अन्य सभी प्रकार के वाहन का पड़ाव वर्जित रहेगा. किसान चौक - निरंकारी चौक - प्रभातम मॉल - सिटी सेंटर- एसएसएसएलटी कॉलेज - रणधीर वर्मा चौक - पुलिस केन्द्र धनबाद - आईएसएम गेट के रास्ते मे सड़क के किनारे मोटरसाईकिल / कार एवं अन्य सभी प्रकार के सभी वाहन का पड़ाव वर्जित रहेगा. किसान चौक से मेमको मोड़-सिटी सेन्टर लूबी स्कूलर रोड़-रणधीर वर्मा चौक-पुलिस केन्द्र, धनबाद-आईएसएम गेट-सरायढेला थाना मोड़ तक कारकेड के गमनागमन के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पुर्णतः वर्जित रहेगा.

### जब हाकिम खुद कराए सरकारी इलाज तो जगेगी बेहतरी की उम्मीदें

# डीसी पहुंचे सदर अस्पताल, कराई इलाज

- हाथ में लगी थी चोट, कहा सरकारी सुविधाओं पर रखें भरोसा

**शुभम संदेश। धनबाद**



इरादा किसी को बदलने का हो तो बदलाव की बयार में सबसे पहले खुद बहना होता है. धनबाद के उपायुक्त ने इसी बात की मिसाल पेश की है. सरकारी व्यवस्थाएं कैसे बेहतर रूप से जनता के लिए काम करेंगी, इसकी तो कोशिशें जारी हैं ही, लेकिन अब उन्होंने इस दिशा में एक और नया कदम आगे बढ़ाया है. धनबाद के उपायुक्त ने खुद अपना इलाज यहां के सरकारी अस्पताल में कराकर एक तरफ जनता को यह बताया कि सरकारी इलाज में अब कोई कमी नहीं होगी तो दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग को भी सचेत किया कि अब खुद को बदल लें. जी हां, जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए अपने हाथ की लगी चोट का इलाज सदर अस्पताल में करवाया. आम नागरिकों की तरह कतार में लगकर इलाज कराने वाले उपायुक्त ने धनबाद वासियों को सरकारी अस्पतालों पर भरोसा बनाए रखने का संदेश दिया. वहीं उपायुक्त के अचानक अस्पताल पहुंचने की खबर से सदर अस्पताल में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया. अस्पताल प्रशासन और चिकित्सा कर्मी तुरंत सक्रिय हो गए और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गईं. उपायुक्त ने अपनी उंगली की चोट का इलाज करवाया और प्रक्रिया को बेहद सामान्य और सहज बताया. इलाज के बाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं. जब तक हम स्वयं इन सुविधाओं का उपयोग नहीं करेंगे, तब तक जनता का विश्वास कैसे बढ़ेगा.मेरा उद्देश्य है कि आम लोग बिना किसी हिचकिचाहट के सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं. उनके इस कदम ने न केवल सरकारी अस्पतालों की विश्वसनीयता को रेखांकित किया, बल्कि आम जनता को भी यह संदेश दिया कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं सभी के लिए सुलभ और प्रभावी हैं. उपायुक्त के इस प्रयास की जिले भर में सराहना हो रही है, और यह कदम अन्य अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के लिए के लिए भी एक प्रेरणा बन सकता है.

## सोहेल हत्याकांड में चार दोषी करार, सजा 31 को

**शुभम संदेश। धनबाद**

वासेपुर निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद सोहेल की हत्या धारदार हथियार से करने के मामले में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम मनीष की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने जेल में बंद मो सद्दाम अंसारी ऊर्फ कासिम, जमानत पर रहे मो शकील अंसारी उर्फ बलिस्टर, मो गुलाम मुस्तफा अंसारी उर्फ मिस्टर व मो शाकिब अंसारी उर्फ भोलू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. अदालत 31 जुलाई 2025 को दोषियों को सजा सुनाएगी. अभियोजन का संचालन अपर लोक अभियोजक भरत राम ने किया. आरा मोड़ मटकुरिया निवासी मोहम्मद अकबर ने बैंक मोड़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 16 अक्टूबर 2022 को उसे फोन पर खबर मिली कि उसका पुत्र मोहम्मद सोहेल (20) जो वासेपुर के गुड़िया खान व जूली खान के घर में रहता था. उसने आरोप लगाया है कि चारों अभियुक्तों ने मिलकर उसके पुत्र सोहेल की हत्या गनी कॉलोनी मारूफगंज सन राइज स्कूल के गली में धारदार हथियार से गला रेतकर कर दी है. सोहेल पिछले पांच साल से गुड़िया खान व जूली खान के घर में रहता था. जब भी सोहेल के पिता मो अकबर गुड़िया व जूली दोनों सगी बहन है, के घर जाकर अपने पुत्र के बारे में पूछते थे तो दोनों बहन कहती थी कि यहां सोहेल नही है जबकि वह वहीं रहता था. पुलिस ने अनुसंधान के उपरांत 16 जनवरी 2023 को अदालत में चारों अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किया था.

# महुदा की तीन पंचायतों में 15 दिनों से जलापूर्ति बाधित

## अशोका कम्पनी के खिलाफ जिप सदस्य ने दी आंदोलन की चेतावनी

शुभम संदेश। महुदा




तेलमोचो ग्रामीण जलापूर्ति योजना की मेन सप्लाई पाइप तेलमोच्चो बाजार चौक के समीप फोरलेन सड़क के बीच क्षतिग्रस्त हो गई है. इस कारण पिछले पन्द्रह दिन से तीन पंचायतों में जलापूर्ति बाधित है. लोग गांव में ही लगे चापाकल या तालाब से पानी लाकर घर की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं. इस सम्बन्ध में जिला परिषद क्षेत्र संख्या बीस की सदस्य आशा देवी ने कहा कि संवेदक द्वारा लगाया गया निम्न क्वालिटी के पाइप के उपर फोरलेन सड़क निर्माण कार्य करने वाले अशोक बिल्डकॉन कम्पनी द्वारा भारी मशीन चलाने से पाइप क्षतिग्रस्त हुई है. उन्होंने उपायुक्त धनबाद से संवेदक एवं अशोका बिल्डकॉन कंपनी पर कार्रवाई कर क्षतिग्रस्त पाईप को जल्द ठीक करवाने की मांग की है. उन्होंने कहा है कि लोहपिट्टी कसियाटाँड़ से लेकर तेलमोचो पेट्रोल पम्प तक सड़क निर्माण के दौरान कई जगह पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिससे तीन पंचायत लोहपिट्टी, तेलमोचो एवं काण्ड्रा में जलापूर्ति बाधित हो गई है. जलापूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को लगभग 15 दिनों से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा है कि पाइप लाइन को मरम्मति कर ग्रामीण जलापूर्ति योजना को अतिशिघ्र चालू करवाई जाय ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से मुक्ति मिले. अगर 15 दिनों के अन्दर पाइप लाइन को ठीक कर जलापूर्ति बहाल नहीं की गयी तो पंचायत के लोग संवेदक एवं अशोका कम्पनी के खिलाफ आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे. इस संबंध में कनीय अभियन्ता मोहन मंडल ने बताया कि नदी से जो पाइप तेलमोच्चो जलमीनार तक आया है. जिसे फोरलेन मार्ग में नीचे से पार किया है, वह जगह पाइप पार करने के लिए बहुत पतला जगह छोड़ा गया है. उसी से जलमीनार में चढ़ाने वाला राइजिंग पाइप और ग्राम में सप्लाई देने वाला डिस्ट्रीब्यूशन पाइप को एक साथ बिछा दी गई है. उसी में एक पाइप फट गई है. जिससे पाइप के अन्दर जाकर काम करने में काफी हो रही है. फोरलेन के किनारे स्ट्रीट लाइट के लिए जमीन के नीचे जो बिजली तार बिछाया गया है उसका भी करंट आ रहा है. उन्होंने कहा कि काम चल रहा है, दो से तीन दिन में पानी की सप्लाई चालू हो जायेगी.

## बाघमारा विधायक ने बेहराकुदर गांव में की समीक्षा बैठक

**बरोरा (शुभम संदेश)।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने मंगलवार को बेहराकुदर गांव का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की. इस दौरान उन्होंने माँ दुर्गा मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण की अनुशंसा की, जिससे गांव में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा. विधायक के इस दौरे से गांव के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है. विधायक महतो ने इससे पहले भी कई गांवों का दौरा कर शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए ठोस कदम उठाए हैं. ग्रामीणों ने विधायक के इस सक्रिय रवैये की सराहना की और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया. मौके पर नागेश्वर सिंह, निप्पू सिंह, अम्बिका सिंह, अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### बारिश में ढह गया था घर, सामुदायिक भवन में काट रही जिंदगी



**कुमारधुबी (शुभम संदेश)।** शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के संजयनगर की रहने वाली बेघर बबीता देवी को जल्द ही पीएम आवास का लाभ मिल जायेगा. उनका मिट्टी व खपरैल का घर पिछले साल बारिश में गिर गयी थी. सामुदायिक भवन में एक साल से वह बच्चों के साथ रह रही है. मुखिया मलका मेहर निगार ने मंगलवार को लाभुक के घर पहुंच यह जानकारी दी. कहा कि अब उन्हे चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है. बबीता देवी ने कहा कि घर गिरने पर मुखिया ने ही सामुदायिक भवन में शरण दी थी. उनके प्रयास से ही पीएम आवास की स्वीकृति मिली है. लोगों ने बताया कि इससे पहले पीएम आवास की राशि आयी थी. पर पति-पत्नी के झगड़े के कारण रूपया लौट गया था. नये सिरे से पुनः पीएम आवास की स्वीकृति मिली है. मुखिया निगार ने बताया कि दस दिन के भीतर लाभुक के बैंक खाते में योजना की राशि आ जायेगी. उसके बाद त्वरित उनका आवास बनवा दिया जाएगा.

**शिवलीबाड़ी की बबीता देवी को मिलेगा पीएम आवास**

### गोफ स्थल की बीसीसीएल ने कराई डोजरिंग



**लोयाबाद (शुभम संदेश)।** सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा 12 नंबर में बीच पीसीसी सड़क पर बने खतरनाक गोफ को मंगलवार को बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा अस्थायी रूप से भर दिया गया. प्रबंधन ने भारी वाहनों से पत्थरों की डंपिंग कर सड़क पर लेवलिंग का कार्य किया, जिससे आवागमन के लिए रास्ता फिलहाल खोल दिया गया है. घटना स्थल पर प्रबंधक कमलेश कुमार,सेफ्टी विभाग के सुजीत कुमार,रोबिन कुमार,रामराजभर,अमलेश नोनिया सहित अन्य कर्मी मौजूद थे और निगरानी में गोफ को भरा गया. हालांकि स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक तात्कालिक उपाय है. सड़क और आसपास के क्षेत्र में भूधंसान का खतरा अभी भी बना हुआ है. ग्रामीणों का आरोप है कि स्थायी समाधान की दिशा में बीसीसीएल अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है, जिससे वे निरंतर डर और असुरक्षा के बीच जीवन गुजारने को मजबूर हैं. स्थानीय निवासियों ने बीसीसीएल प्रबंधन से मांग की है कि पूरे क्षेत्र की भौगोलिक जांच कराकर दीर्घकालिक समाधान की कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना टाली जा सके.

## ब्रीफ खबरें

### डॉ. मनीष शर्मा नेशन्स प्राइड ऑनर से सम्मानित

**झरिया।** मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा को नेशन'स प्राइड ऑनर से सम्मानित किया गया. यह सम्मान भारतीय प्राइड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा 26 जुलाई – कारगिल विजय दिवस के अवसर पर घोषित किया गया, और 29 जुलाई को औपचारिक रूप से प्रदान किया गया. सम्मान-पत्र में उनके नेतृत्व, सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य व सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान को सराहा गया है. डॉ. शर्मा की शिक्षण विधियों ने कई छात्रों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया है. उनके प्रयासों ने युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित किया है. इस उपलब्धि पर विवेक लिल्हा, अनिल खेमका, विकास खेमका सहित कई स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी.

### डीएवी बरोरा में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस

**बरोरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा में इको क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन जीव विज्ञान शिक्षिका ममता कुमारी के निर्देशन में संपन्न हुआ. इस अवसर पर प्राचार्य राकेश शर्मा, आशीष कुमार सिंह और ममता कुमारी के साथ छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में छोटे-छोटे पौधे लगाए. प्राचार्य राकेश शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, प्रकृति के संसाधनों का उपयोग करने के साथ-साथ इसका संरक्षण करना भी हमारा दायित्व है. अधिक से अधिक पौधे लगाकर हम प्रकृति को सुरक्षित रख सकते हैं. इस आयोजन ने छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### सड़क पर बने गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण

**चासनाला।** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग का स्थिति इन दिनों बरसात में भयावह हो गयी है. सड़कों पर कई स्थान पर गडढ़े बन गए है, जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है. सड़क किनारे पाइप लीक होने के कारण और गड्ढ़ों का दायरा और भी बढ़ता जा रहा है. वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. बताते चले कि नुनूडीह स्थित विद्युत कार्यालय के निकट सड़क पर नगर निगम का पाइप लीक हो जाने के कारण पानी सड़कों पर बह रहा था, जिस कारण सड़को की स्थिति खराब हो गई थी.मरम्मती करने आए मजदूरों ने गड्ढा कर छोड़ दिया, लेकिन इस ओर न ही किसी प्रतिनिधि न किसी समाजसेवी का ध्यान है. विगत कई महीनों से पाइप लीक होने के कारण यहां से पानी सड़क पर बह रहा था.जिसकी सूचना पर बनाने के लिए गड्ढा खोद कर लगभग 15दिनों से छोड़ दिया गया है जो और भी जान लेवा हो चुका है . इसका जिम्मेदार कौन होगा?

### टुंडी प्रखंड में खरीफ फसल पर कार्यशाला

**टुंडी ।** टुंडी प्रखंड सभागार में खरीफ फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया. विधिवत उद्घाटन टुंडी बीडीओ विशाल कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया. इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक निर्मल किशोर पाण्डेय ने धान में बोखी, अरहर, उरद, मड़आ, मूंगफली की रोपाई के बाद होनेवाली बिमारियों व समस्याओं की रोकथाम के बारे जानकारी दी. इसके अलावे उन्होंने डिजीटल क्रोप सर्वे के बारे प्रशिक्षण दी. इस कार्यशाला में प्रखंड प्रभारी कृषि पदाधिकारी बबलेश कुमार के अलावे कृषक मित्र, जनसेवक व 17 पंचायत के किसान मौजूद थे.

# भागा नाग मंदिर में मना 33वां नाग पंचमी उत्सव



शुभम संदेश। झरिया

मंगलवार को भागा स्थित श्री नाग मंदिर में 33वां नाग पंचमी उत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया. इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और नाग देवी माता की पूजा-अर्चना कर दूध व लावा चढ़ाया. उत्सव की शुरुआत सुबह कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया. मंदिर परिसर में 31 कलशों का जल श्री नारायण स्वामी जी पर चढ़ाया गया. पुरोहित अजय शर्मा ने मुख्य यजमान श्याम सुंदर अग्रवाल की उपस्थिति में 201 किलो दूध, मधु, दही, 12 प्रकार के फल व 56 तरह की सामग्रियों से अभिषेक कराया. इसके बाद कन्या पूजन व दंपति पूजन आयोजित हुआ, जिससे समाज में बुजुर्गों के सम्मान का संदेश दिया गया. संध्या में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने माता के भजनों पर झूमते हुए आधी रात तक भक्ति का आनंद लिया. मंदिर समिति अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि लगभग 800 श्रद्धालुओं ने नारायण स्वामी का दूध से अभिषेक किया. उन्होंने कोयलांचलवासियों और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विशेष रूप से भू-धंसान व अग्निपीड़ित क्षेत्रों में राहत की प्रार्थना की. इस अवसर पर पंकज अग्रवाल, श्याम सुंदर मोदी, रविंद्र मिश्रा, रमन मुरारका, वीरेंद्र सिंह, अनिल खेमका सहित कई गणमान्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे. दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और मंदिर परिसर भक्ति व आस्था के रंग में रंगा रहा.

### ओंकारेश्वर नाथ महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक

धनबाद । श्रीश्री महाकाली माता एवं ओंकारेश्वर नाथ महादेव मंदिर, पांडरपाला में इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ 26 जुलाई से 30 जुलाई तक चार दिवसीय भव्य भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. मंदिर समिति और पांडरपाला के सभी लोगों की सहभागिता से यह वार्षिक भक्ति कार्यक्रम 26 जुलाई को मंदिर प्रांगण में संपूर्ण रामायण पाठ के साथ शुरू हुआ. सोमवार को पांडरपाला की सैंकड़ों महिलाओं ने सुबह 9 :00 बजे मंदिर प्रांगण से एक भव्य कलश यात्रा निकाली, जो राजेंद्र सरोवर, बेकारबांध तक गई. 251 महिलाओं ने कलश में जल भरकर वापस मंदिर प्रांगण में लौटते हुए, अन्य महिलाओं, बच्चों और पांडरपाला के लोगों के साथ ₹हर–हर महादेव₹ और ₹जय माँ काली₹ का जयघोष करते हुए नाचते–गाते उत्साहपूर्वक यात्रा पूरी की. मंगलवार को ओंकारेश्वर नाथ महादेव शिवलिंग का श्रृंगार कर संपूर्ण रुद्राभिषेक दोपहर 1:00 बजे से शाम 6 :00 बजे तक किया गया. बुधवार को मंदिर प्रांगण में हवन, प्रसाद वितरण और भंडारे के साथ चार दिवसीय भक्ति कार्यक्रम का समापन होगा .इस आयोजन में मंदिर समिति के लोकनाथ महतो, छोटू महतो, भाजपा के जिला मंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, नवलेश शर्मा, अमन कुमार, पुजारी मुन्ना पाठक, अरविंद राय, शिवम कुमार, दुखहरण प्रसाद, धनेश्वर महतो सहित पांडरपाला के सैकड़ों लोग भगवान शिव के भव्य रुद्राभिषेक में शामिल हुए.

## तेलमोचो जलापूर्ति योजना की पाइप क्षतिग्रस्त

**महुदा (शुभम संदेश)।** क्षेत्र की तेलमोचो ग्रामीण जलापूर्ति योजना का मुख्य पाइप तेलमोचो बाजार चौक के पास फोरलेन सड़क के बीच क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे लोहपिट्टी, तेलमोचो और कांड्रा पंचायतों में पिछले 15 दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह बाधित है. ग्रामीण चापाकल और तालाब से पानी लाकर गुज़ारा कर रहे हैं. जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने आरोप लगाया कि पाइप की गुणवत्ता बेहद खराब थी, और अशोका बिल्डकॉन कंपनी द्वारा भारी मशीन चलाने से यह पाइप फट गया. उन्होंने धनबाद उपायुक्त से मामले में संवेदक और निर्माण कंपनी पर कार्रवाई और पाइप की तत्काल मरम्मती की मांग की है. आशा देवी ने चेतावनी दी कि अगर 15 दिनों में जलापूर्ति बहाल नहीं हुई, तो पंचायत स्तर पर आंदोलन होगा. इस बीच, कनीय अभियंता मोहन मंडल ने बताया कि पाइप फोरलेन के नीचे संकरी जगह से डाला गया है, जहां एक पाइप फट गया है. पाइप मरम्मत में बिजली करंट और सीमित जगह की वजह से कठिनाई हो रही है. उन्होंने कहा कि 2–3 दिनों में जलापूर्ति बहाल हो जाएगी.

**तीन पंचायतों में पानी संकट**

## मुखिया ने फूटस्लोप, पीसीसी का किया शिलान्यास



**गोमो (शुभम संदेश)।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत गुनघुसा एवं खरियो ग्राम पंचायत के मध्य स्थित सुकुडीह गांव समीप काडा काटा जोरिया स्थित सव दाह स्थल पर मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के डीएमएफटी मद की राशि से बनने वाली फुट स्लोप एवं पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास ग्राम पंचायत के मुखिया लक्ष्मी नारायण के हाथों नारियल फोड़कर किया गया, इस मौके पर मुखिया लक्ष्मी नारायण ने कहा कि सडक से नीचे श्मशान घाट में जाने के लिए रास्ता नहीं होने से होने से ग्रामीणों की बड़ी परेशानी हो रही थी उन्होंने कहा अपने प्रयास से योजना को धरातल पर लाया है जो आज पूरा हो रहा है. फुट स्लोप एवं पीसीसी बन जाने से ग्रामीणो को सुविधा होगी इस मौके पर संवेदक संतोष पांडेय , उप मुखिया बिरबल मंडल, पंचायत समिति सदस्य निजामुद्दीन अंसारी,वार्ड सदस्य प्रभु नाथ गोस्वामी, शंकर हासदा,धंनजय हेम्ब्रम,लालू साव,सुधीर मंडल, मन्ना वर्णवाल सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## स्वास्थ्य केंद्र को सक्रिय करने के लिए सिविल सर्जन से मिले भाजपाई



**कतरास (शुभम संदेश)।** कतरास मंडल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सूरज देव मिश्रा के नेतृत्व में जिला सहायक सिविल सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार से मुलाकात किया. कतरास क्षेत्र के एक लाख की आबादी को सुलभ उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जोगता स्वास्थ्य केंद्र कतरास रानी बाजार को सक्रिय करने की मांग की. उनके मांगों में अस्पतालों में डॉक्टर की पदस्थापना, बीमारियों का अनुभवी चिकित्सकों द्वारा इलाज की सुलभ व्यवस्था, महिला चिकित्सकों की पदस्थापना हो ताकि महिलाओं के प्रसव की सुलभ व्यवस्था का लाभ प्राप्त कराने की मांग की. इसके अतिरिक्त कुत्ता और सांप काटने के समुचित उपचार, दवा एवं उपचार की व्यवस्था इंजुरी लिखने एवं इलाज की व्यवस्था, आपात स्थिति में मरीज को भर्ती करने की व्यवस्था, एक्स-रे सहित अन्य जांच की भी सारी व्यवस्थाओं की मांग की गई. शिष्ट मंडल में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, कतरास मंडल महामंत्री राजेश स्वर्णकार, मंडल उपाध्यक्ष श्याम किशोर, कल्लू मंडल, मंत्री कुंदन सिंह मुख्यरूप से थे. सूर्य देव मिश्रा ने कहा कि 15 दिनों के अंदर सारी सुविधा मुहैया नही की जाती है तो भारतीय जनता पार्टी कतरास मंडल बैनर के तले विशाल प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जवाब देही स्वास्थ्य विभाग सिविल सर्जन धनबाद एवं जिला

# पीएम श्री विवेकानंद सेवाश्रम हमारा गौरव : मथुरा महतो

शुभम संदेश। टुंडी



मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय से सटे पीएम श्री विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय, टुंडी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. टुंडी विधायक सह मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल के मथुरा प्रसाद महतो ने स्मृति पट्ट एवं जादुई पिटारा का भी उदघाटन किया. अतिथियों ने उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 के लिए झारखंड राज्य से कुल 24 सर्वोत्कृष्ट पीएम श्री विद्यालयों का चयन किया गया है. जिसमें पीएम श्री विवेकानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय, टुंडी का नाम भी शामिल हुआ है, जो टुंडी प्रखंड ही नहीं, सम्पूर्ण धनबाद जिले के लिए गौरव का विषय है. सबने इसका पूरा श्रेय यहां के शिक्षकों एवं बच्चों के साथ कर्मियों को दिया व लक्ष्य हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी. इसके बाद सबने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में भारत के शिक्षा मंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित करने का ऐतिहासिक पल का सीधा प्रसारण देश भर के सभी चयनित पीएम श्री विद्यालयों के साथ टुंडी के छात्र-छात्राएं भी इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बने. समारोह में बीडीओ विशाल पाण्डेय,सीओ जितेन्द्र प्रसाद,विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनन्त शक्ति, टुंडी बीआरपी गौतम दास, मनोज कुमार,सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक पाठक, विद्यालय के सभी शिक्षक गण, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य समेत अभिभावक उपस्थित रहे.

## नया प्राथमिक विद्यालय का सीओ ने किया निरीक्षण

**बलियापुर (शुभम संदेश)।** बलियापुर के सीओ प्रवीण कुमार सिंह मंगलवार को परसबनिया पंचायत के नया प्राथमिक विद्यालय चिटाही पहुंचे. उन्होंने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया. सीओ ने विद्यालय की भूमि की मापी, चारदीवारी निर्माण, भवन की मरम्मती, शौचालय की समुचित व्यवस्था, डिजिटल कक्षाओं के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण, पुस्तकालय की स्थापना तथा विद्युतापूर्ति की आवश्यकता को चिन्हित किया. निरीक्षण के क्रम में सीओ ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया. साथ ही शिक्षकों को भी बच्चों की नियमित उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया. मालूम हो कि बीआईटी सिंदरी के प्राध्यापक डॉ राहुल कुमार ने सामाजिक संस्था प्रयास इंडिया की ओर से नया प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा केंद्र संचालित करने के लिए सीओ को ज्ञापन सौंपा था. ज्ञापन में विद्यालय भवन की जर्जरावस्था, चारदीवारी नहीं होने, बिजली, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था नहीं होने का जिक्र किया गया था. इसी के आलोक में सीओ निरीक्षण करने पहुंचे थे.मौके पर पंचायत के मुखिया राजाराम रजक, झामुमो नेता अशोक कुमार महतो, बीआईटी की प्राध्यापक डॉ राहुल कुमार, अजय कुमार, रामप्रसाद महतो, रंजीत निषाद, रंजीत श्रीवास्तव, विनोद मलिक आदि थे.

# कामेश्वरधाम में शिव पुराणकथा, निकली कलश यात्रा

शुभम संदेश। मधुबन





सिनिडीह जिंक कॉलोनी स्थित कामेश्वर धाम शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा के शुभारंभ से पहले मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर मंदिर प्रांगण से महेशपुर,सिनीडीह टुंडू मोड़, सिनिडीह कांटा का भ्रमण करते हुए बिलबेड़ा नदी पहुंचे. जहां आचार्य कन्हैया द्विवेदी महाराज के द्वारा वैदिक पूजन व मंत्रोचारण के पश्चात बिलबेड़ा स्थित नदी से 101 पवित्र कलशों में जल भरा गया और उसी मार्ग से पुनः गाजे, बाजे के साथ नगर का भ्रमण करते हुए कामेश्वर धाम शिव मंदिर प्रांगण पहुंची. जहां मंदिर में वैदिक पूजन,पचांग पूजन,शिव पूजन,शिवमहापुराण परायण आदि का कार्यक्रम संपन्न हुए. सात दिनों तक होने वाले श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से श्री शिव महापुराण कथा प्रचार समिति सिनिडीह द्वारा किया गया है. प्रत्येक दिन संध्या 6:00 बजे से श्री शिव महापुराण में वर्णित सभी अध्याय जिसमें शिव महापुराण कथा का महात्म की कथा, शिवलिंग की उत्पत्ति महात्म एवं पूजन विधि की कथा, नारद मोह एवं धनपति कुबेर का पूर्व चरित्र, संध्या देवी की कथा सती चरित्र सती शिव विवाह कथा, पार्वती जी प्राकट्य, शिव पार्वती विवाह महोत्सव, माता पार्वती को उपदेश ,कार्तिक गणेश प्राकट्य एवं सप्तम दिन प्रातः 9:00 बजे से शिव महापुराण कथा हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा किया जाएगा.कलश यात्रा में श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय शिव,हर हर महादेव, जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे.कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में रमेश रजक,मृत्युंजय यादव,महावीर चौहान, टुन्नू बरनवाल,अशोक वर्णवाल ,छोटू मिस्त्री सह धर्मपत्नि थे।यात्रा में मुख्य रूप से बाघमारा के लोकप्रिय विधायक शत्रुघ्न महतो,लाल बहादुर यादव, जगन्नाथ ग्याली ,गुंजन सिंह,हेमंत ग्याली, वीरेन उरांव, विशु बरनवाल, सौरभ बरनवाल, रामएक्बाल यादव ,गोपाल बाउरी, मनोज बरनवाल ,टिंकू ग्याली,सरवन उरांव, वीरेंद्र कुमार, शंभू गुप्ता, वेबी देवी,मीरा देवी,पिंकी देवी, प्रियंका कुमारी,हेमंती देवी,आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री शिव महापुराण कथा प्रचार समिति सिनीडीह का योगदान रहा.

## 6.25 एकड़ सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने को लेकर ग्रामीण आर-पार के मूड में

**कुमारधुबी (शुभम संदेश)।** मुंडापाड़ा प्रावि के पास 6.25 एकड़ सरकारी जमीन को भू-माफियाओं से कब्जामुक्त को लेकर ग्रामीणों ने आर-पार की लड़ाई ठान ली है. मंगलवार को ग्रामीणों ने सामूहिक हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी से गुहार लगायी. कहा कि फर्जी कागजात के जरिये उक्त जमीन की खरीद फरोख्त की जा रही है. जमीन कब्जा हो जाने से कई सरकारी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पायेंगी. ग्रामीणों ने उक्त जमीन पर डीएमएफटी फंड से मैरेज हॉल निर्माण कराने की मांग की है. साथ ही सीओ से उक्त जमीन को चिन्हित कर बोर्ड लगाने की मांग की है. भू माफिया द्वारा उक्त गैर आबाद जमीन का बड़ा भू भाग पहले ही बेच दिया गया है, जिसपर कई मकान दुकान बन चुके हैं. कुछ जमीन बची हुई है. ग्रामीण चाहते हैं कि बची जमीन पर कुछ योजनाएं धरातल पर उतर सके. जिप सदस्य बादल बाउरी ने भी गलफरबाड़ी पुलिस से लिखित शिकायत देकर उक्त जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है. शिकायत पर पुलिस ने कार्यस्थल जाकर निर्माण पर रोक लगा दी है.

**विधायक अरूप से लगायी जमीन को कब्जामुक्त कराने की गुहार**

# कॉलेज कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

## नामांकन प्रक्रिया बाधित, भविष्य को लेकर छात्राएं चिंतित

शुभम संदेश। पथरगामा



बकाए वेतन भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर एसबीएस एसपीएस जनजातीय कॉलेज, पथरगामा के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सोमवार से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही. कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई और नामांकन प्रक्रिया ठप्प हो गई है.

**कॉलेज प्रशासन पर आरोप और छात्रों की चिंता :** हड़ताली कर्मियों ने कॉलेज प्रशासन पर पिछले तीन माह से वेतन और ईपीएफ भुगतान में देरी और 2024-25 के लिए अनुदान की राशि वितरण में लापरवाही का आरोप लगाया है. कॉलेज के बैंक संचालन पर रोक के कारण सेमेस्टर थर्ड और फोर्थ के छूटे हुए छात्रों की नामांकन प्रक्रिया बाधित हो गई है. साथ ही, सत्र 2025-29 के लिए सेमेस्टर वन के नए छात्रों का नामांकन भी अधर में लटक गया है. हड़ताली कर्मियों ने बताया कि पहले प्रभारी प्राचार्य द्वारा आश्वासन दिए जाने पर छात्रहित में 19 जुलाई से प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई थी, लेकिन समस्याओं का समाधान न होने की वजह से 28 जुलाई से सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए हैं. सभी कर्मियों ने शासी निकाय से अविलंब पहल करने की मांग की है.

**वित्तीय अनियमितताओं की आशंका और कॉलेज अध्यक्ष का रुख :** सूत्रों के अनुसार, कॉलेज में पिछले कई वर्षों से ऑडिट नहीं हुआ है, जिससे वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है. कॉलेज प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज अध्यक्ष सह श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के निर्देश पर बैंक संचालन पर रोक लगाई गई है. वहीं, कॉलेज सचिव ने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने कोई रोक लगाई है और कहा कि यह रोक कॉलेज अध्यक्ष सह श्रम मंत्री द्वारा लगाई गई है. शासी निकाय के अध्यक्ष सह श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने इस पूरे मामले पर गंभीर रुख अपनाते हुए जल्द कार्रवाई की बात कही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉलेज प्राचार्य से कई बार पत्र के माध्यम से विभिन्न विषयों पर रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन उनकी ओर से अब तक किसी प्रकार की रिपोर्ट नहीं सौंपी गई है. इसे उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही बताया जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा और नामांकन प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई गई है.

**छात्रों पर असर और हड़ताली कर्मी :** हड़ताल से उत्पन्न स्थिति को लेकर छात्र वर्ग बेहद चिंतित है. बीए पार्ट-वन की छात्रा ममता कुमारी ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि नजदीक है और प्रक्रिया बाधित रहने से उनका भविष्य खतरे में है. छात्रा डोली कुमारी ने कहा कि दूर-दराज से छात्र-छात्राएं नामांकन के लिए आते हैं, लेकिन हड़ताल के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. मौके पर हड़ताली कर्मियों में प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. विपिन बिहारी सिंह, प्रो. नवलेश्वरी झा, प्रो. डॉ. उमेश पंडित, प्रो. डॉ. सचित प्रसाद यादव, प्रो. कुमारी सुमन, शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिव्येंदु सामंत, सचिव देवानंद कुंवर, प्रसनजीत सिंह, अमरेंद्र कुमार अमर, शिशिर कुमार शिशिर, राजीव गुप्ता, सौरभ कुमार सिंह, शुभम कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे.

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कसमार हाई स्कूल का किया लोकार्पण

शुभम संदेश। कसमार



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच साल पूरे होने के अवसर पर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम का सीधा प्रसारण मंगलवार को बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार में किया गया. इस दौरान विद्यालय के शिक्षक और स्कूली बच्चे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के राष्ट्र को समर्पित संबोधन को सुना.

**कसमार हाई स्कूल पीएमश्री विद्यालयों में शामिल :** बताया गया कि इस कार्यक्रम में देश के 644 पीएमश्री विद्यालयों सहित झारखंड राज्य के 24 जिलों के एक-एक पीएमश्री विद्यालय को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकार्पित किया. इसमें बोकारो जिले से पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय, कसमार को भी राष्ट्र को समर्पित किया गया. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सुकांत मजूमदार, झारखंड के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन सहित अन्य प्रदेशों के शिक्षा मंत्री शामिल हुए. इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया. समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने त्रिपुरा, मिज़ोरम एवं गोवा द्वारा शत-प्रतिशत साक्षरता दर प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं.

**प्रसारण में शिक्षक, छात्र व अभिभावक हुए शामिल :** इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पीएमश्री एसएस उच्च विद्यालय, कसमार में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया. प्रसारण के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, एसएमसी सदस्यों के अलावा स्कूली बच्चे व अभिभावक शामिल हुए. मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक फारुक अंसारी, नोडल शिक्षक डॉ. अवनीश कुमार झा समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद रहे.

## ब्रीफ खबरें

### करंट लगने से भैंसा के साथ एक की मौत

**दुमका।** दुमका जिले के पठार औद्योगिक क्षेत्र, शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत मलूटी पंचायत के बाकी जोर गांव में सोमवार देर शाम विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण एक हृदय विदारक घटना हुई. एक भैंसा बिजली की चपेट में आ गया और उसे बचाने के प्रयास में मानेश्वर मरांडी भी बिजली की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठे. इस घटना के बाद क्षेत्र में बिजली विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध ग्रामीणों में काफ़ी रोष देखा जा रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने पुलिस बल के साथ सहायक अवर निरीक्षक सोमाई किस्कू को घटनास्थल पर भेजा, जिन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया.

### दो लोगों को सांप और बिच्छू ने डंसा

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र में खेत पर काम करते समय दो लोगों को सांप व बिच्छू ने डंस लिया. दोनों लोगों को परिजनों ने गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया. परिजनों के मुताबिक, मंझने पंचायत के चिह्नुटिया गांव निवासी 61 वर्षीय धनेश्वर चौधरी को मंगलवार सुबह करीब दस बजे खेत में धान की मोरी एकत्रित करते समय एक जहरीले सर्प ने पैर में काट लिया. चीख-पुकार की आवाज सुनकर पहुंचे परिजन उन्हें उपचार के लिए गावां अस्पताल लेकर आए. वहीं, नगवां गांव निवासी कपिल प्रसाद यादव के 32 वर्षीय पुत्र संदीप यादव को मंगलवार दोपहर खेत में काम करने के दौरान दाहिने हाथ में बिच्छू ने डंस लिया. उन्हें भी परिजनों ने उपचार के लिए गावां अस्पताल में भर्ती कराया. चिकित्सकों ने दोनों पीड़ितों का उपचार किया और उन्हें घर भेज दिया.

### कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना

**कसमार (बोकारो)।** कसमार समेत आसपास के कई गांवों के युवाओं का जत्था मंगलवार को बौराहा बम कंवरिया संघ के बैनर तले बाबाधाम देवघर के लिए प्रस्थान किया. जत्थे के नेतृत्वकर्ता सूरज तोगड़िया ने बताया कि सुल्तानगंज से जलाभिषेक के बाद यह जत्था पैदल यात्रा कर देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर जलार्पण करेगा. उन्होंने यह भी बताया कि जत्थे में शामिल सभी युवा कांवर यात्रा के साथ-साथ रास्ते में दिव्यांगों और बच्चों की सेवा भी करेंगे. बाबाधाम में जलार्पण के बाद वे बासुकीनाथ धाम, त्रिकूट पर्वत, नवलखा मंदिर समेत अन्य तीर्थस्थलों का भी दर्शन व पूजन करने जाएंगे. इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने कसमार बाजार टांड़ स्थित शिवालय एवं सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर बाबाधाम के लिए रवाना हुए.

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**बोकारो।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत डीएवी सेक्टर-4 में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की संयुक्त सहभागिता से संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य अपनी मातृ सदृश धरा को हरा-भरा और पर्यावरण को सुरक्षित करना है. यह अभियान जननी और संतति के मध्य पवित्र बंधन को आधार मानकर प्रकृति संरक्षण का व्रत लेने और उसे हर विद्यार्थी व स्कूल शिक्षा संस्थानों तक पहुंचाने की एक सार्थक व सामयिक आवश्यकता है.

# आदिवासियों का विकास प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

शुभम संदेश। गोमिया



उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मंगलवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत के बिरहोरटांडा में आयोजित विशेष शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन की सफलता तभी मानी जाएगी जब समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे. उन्होंने ज़ोर दिया कि आदिवासियों का विकास प्रशासन के एजेंडे में सबसे ऊपर है और यह प्रशासन का संकल्प है.

**पीवीटीजी गांवों को गोद लेकर बनाया जाएगा आदर्श :** अपने संबोधन में उपायुक्त ने घोषणा की कि जिले में स्थित सभी 04 पीवीटीजी गाँवों को ज़िला प्रशासन स्वयं गोद लेगा और उन्हें आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा. इस पहल से न केवल बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि इससे समाज के लोगों का सामाजिक और आर्थिक मुख्यधारा में भागीदारी भी सुनिश्चित होगी. इन गांवों में प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, खेलकूद मैदान, स्वास्थ्य उपकेंद्र, रोजगार केंद्र तथा सांस्कृतिक मंच जैसी बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ रूप से स्थापित की जाएंगी. इससे ग्रामीण युवाओं को शिक्षा और प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलेगा, साथ ही सांस्कृतिक पहचान को भी बल मिलेगा. इस पर अगले 02 माह में विकास कार्य शुरू होगा.

**15 दिनों में पीवीटीजी परिवारों के सर्वेक्षण का निर्देश :** शिविर के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले 15 दिनों के भीतर पीवीटीजी परिवारों का आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण पूर्ण करें. ताकि, जमीन की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप योजनाएं तैयार हों, जिससे सभी का विकास हो सके.

**मेरे गांव-मेरे लोग अभियान से सीधा संवाद :** डीसी ने बताया कि ज़िले में मेरे गाँव – मेरे लोग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक शनिवार को जिले के वरीय पदाधिकारी विभिन्न पंचायतों में जाकर वहां के ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे हैं. गांव की जरूरतें और लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है. यह पहल जनभागीदारी और प्रशासनिक उत्तरदायित्व का समन्वय है. इसका मकसद लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार करना है. डीसी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि हम सभी आपके लिए, आपके कल्याण के लिए काम कर रहे हैं.

**शैक्षणिक सामग्री और बीज का वितरण :** शिविर में उपस्थित पीवीटीजी परिवार के बच्चों के बीच डीसी, जिला परिषद अध्यक्ष, डीडीसी, जिला कल्याण पदाधिकारी, मुखिया आदि के द्वारा शैक्षणिक सामग्री (पुस्तकें, कॉपियाँ), लाभुकों को मक्का एवं मूंग दाल का बीज तथा महिलाओं को वस्त्र वितरित किया गया. मौके पर क्रमवार डीसी और डीडीसी ने ग्रामीणों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया.

## न्यूज अपडेट

### 25 पेटी नकली शराब के साथ एक गिरफ्तार



**जमुआ (शुभम संदेश)।** जमुआ पुलिस ने खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 पेटी नकली शराब लदे एक वाहन और एक तस्कर को जमुआ-द्वारपहारी मुख्य मार्ग पर डोमनपहाड़ी में धर दबोचा. गिरिडीह के जमुआ थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह से दूरभाष पर सूचना मिली थी कि एक सिल्वर रंग की मारुति ओमनी कार में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब लोड कर डोमनपहाड़ी होते हुए जमुआ की तरफ ले जाई जा रही है. उक्त सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु जमुआ पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार दास के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया. गठित छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जमुआ के डोमनपहाड़ी चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध सिल्वर रंग की मारुति ओमनी कार को रोका. जांच के क्रम में पाया गया कि वाहन में अवैध अंग्रेजी शराब लोड है. इस दौरान चालक सह गाड़ी मालिक गोपाल साहू को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में चालक ने बताया कि वह उक्त अवैध नकली शराब को वासुदेव साव (पिता खेलो साव, ग्राम बेको सोनापहाड़ी, थाना बगोदर, जिला गिरिडीह) एवं मनोज यादव के साथ मिलकर अवैध रूप से तस्करी और व्यापार करता है. इस संबंध में जमुआ थाना कांड संख्या 168/25 उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है. छापेमारी दल में एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, पुलिस इंस्पेक्टर जमुआ प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी जमुआ मणिकांत कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे. गिरफ्तार गोपाल साहू का आपराधिक इतिहास खंगाला गया, जिसमें विभिन्न थानों में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज पाए गए और वह कई बार जेल जा चुका है.

### डीसी ने किया बासुकीनाथ मेलाक्षेत्र का निरीक्षण

**दुमका (शुभम संदेश)।** श्रावणी मेला के 19वें दिन, मंगलवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बासुकीनाथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा और विधि-व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए. उपायुक्त ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को कतार में अधिक देर तक खड़ा न रहना पड़े. उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से कतारबद्ध होकर जलार्पण करने की व्यवस्था बनाए रखने पर ज़ोर दिया. उन्होंने बताया कि सोमवार को देवघर स्थित बाबा धाम में जलार्पण के बाद मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुंचते हैं. ऐसे में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहते हुए पूरी तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है. कतार में खड़े श्रद्धालुओं के लिए पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया. जो श्रद्धालु कतार में खड़े नहीं रह सकते, उन्हें जलार्पण काउंटर के संबंध में समुचित जानकारी देने का निर्देश भी उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सिंह द्वार स्थित स्वास्थ्य शिविर और टेंट अस्पताल का भी जायजा लिया. उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दवाइयाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें और श्रद्धालुओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाए. इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की. उन्होंने सभी चेक पॉइंट्स पर विशेष नज़र रखने तथा विधि-व्यवस्था की किसी भी स्थिति से निपटने हेतु सतर्क रहने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए.

### थाना दिवस पर चार जमीन विवादों का निष्पादन

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रखंड के बगदा, खुदीबेड़ा, गर्री व दुर्गापुर गांव के कुल चार जमीन विवादों का निष्पादन अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार और थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने किया. सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि थाना दिवस पर जमीन विवाद से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के साथ सुनवाई की गई. उन्होंने बताया कि इस बार खुदीबेड़ा निवासी विनय गोस्वामी व मनोज करमाली, बगदा निवासी रजिया सुल्ताना व रियाज अंसारी, दुर्गापुर निवासी बासुदेव महतो व रंजीत महतो के अलावा गर्री निवासी तैयब अंसारी का जमीनी विवाद कई वर्षों से चल रहा था, जिसका निपटारा किया गया. थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है. ऐसे मामलों का समाधान यदि स्थानीय स्तर पर हो जाए तो न केवल न्याय मिल सकता है बल्कि विवाद बढ़ने से भी रोका जा सकता है. थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे भूमि विवादों को लेकर हर रोज आपसी झगड़े और मारपीट की घटनाएँ सामने आ रही हैं. थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य ऐसे मामलों का शांतिपूर्ण निपटारा कर लोगों को न्याय दिलाना और सामंजस्य बनाना है. मौके पर थाने के एसआई कुंदन कुमार, बैजनाथ महतो सहित अन्य रैयत मौजूद थे.

### जनता दरबार में मंजू देवी को न्याय, मृत पुत्र के मुआवजे की मिली स्वीकृति

**बोकारो (शुभम संदेश)।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया. जनता दरबार का संचालन निदेशक डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी और सहायक निदेशक-सामाजिक सुरक्षा पीयूष द्वारा किया गया. जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 50 से ज़्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा. संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए और सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया. सोनाटांड़ एलएच मोड़, शिव मंदिर, पोस्ट सिवनडीह, थाना माराफारी निवासी मंजू देवी ने जनता दरबार में जानकारी दी कि उनके इकलौते पुत्र की मृत्यु 06 अगस्त 2023 को निर्धन कूलिंग पाउंड में डूबने से हो गई थी. उन्होंने बताया कि मृत्यु उपरांत सभी आवश्यक दस्तावेज़ वर्ष 2024 में ही जमा कर दिए गए थे, लेकिन मुआवजे की राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई थी. जनता दरबार में आवेदन प्राप्त होते ही आपदा प्रबंधन कार्यालय द्वारा त्वरित जांच की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए, अपर समाहर्ता ने एक सप्ताह के भीतर मुआवजा राशि स्वीकृत करने का निर्णय लिया.

# झाआंसंमो ने सत्ता पक्ष के मुख्य सचेतक को सौंपा ज्ञापन



शुभम संदेश। डुमरी

चिह्नित झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की डुमरी इकाई के अध्यक्ष लालमणि साव के नेतृत्व में सत्ता पक्ष के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को उनके सिजुआ स्थित आवासीय कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में आगामी विधानसभा सत्र में चिह्नित आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन और अन्य सुविधाएं देने से संबंधित मामला उठाने की अपील की गई. इस दौरान मोर्चा डुमरी के उपाध्यक्ष जितेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष जागेश्वर यादव, सह सचिव चिंतामणि महतो, सदस्य प्रयाग यादव, ताराचंद महतो, डालोराम महतो आदि उपस्थित थे. अध्यक्ष ने बताया कि मुख्य सचेतक ने सभी चिह्नित आंदोलनकारियों को सत्र के दौरान 5 अगस्त को रांची आमंत्रित किया है.

# साहिबगंज-सकरीगली मार्ग पर बने गड्ढे से जनता परेशान

शुभम संदेश। साहिबगंज



साहिबगंज से सकरीगली जाने वाले मदनशाही गांव के पास पुराने एनएच 80 पर अब सड़कें कम और पानी के विशाल गड्ढे ज़्यादा दिखाई देते हैं. आलम यह है कि सड़क निर्माण विभाग ने मानो मॉनसून में जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह 'नवाचार' किया हो. सड़क पर बने गहरे गड्ढों को देखकर लगता है कि इनमें मछली पालन योजना शुरू की जा सकती है, क्योंकि मछलियों के लिए पर्याप्त जल, गहराई और वाहनों के आवागमन से उत्पन्न कंपन, सभी प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं. कई युवाओं ने तो चुटकी लेते हुए इसे साहिबगंज फिशरी कॉरिडोर का नाम दे दिया है. स्थानीय लोगों का व्यंग्य है कि अब तो इन गड्ढों में नहा-धोकर ही स्कूल और अस्पताल जाना पड़ता है. कुछ बच्चे तो इन्हें मिनी स्वीमिंग पूल मानकर बारिश के मौसम में तैराकी की ट्रेनिंग शुरू करने पर विचार कर रहे हैं. ई-रिक्शा, बाइक और चारपहिया वाहन इन गड्ढों को पार करते हुए ऐसे झुकते हैं जैसे किसी पहाड़ी ट्रैक पर चढ़ाई कर रहे हों. रोजाना इन गड्ढों को पार करते हुए बाइक सवार, ऑटो, बस और पैदल चलने वाले लोग बुरी तरह परेशान हैं. बरसात में तो हालत और बदतर हो चुकी है. न तो गड्ढों की गहराई का पता चलता है, न ही उसमें छिपे खतरों का. स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि अब ग्राहक नहीं, बल्कि मच्छर और मेंढक उनकी दुकानों में आसानी से पहुँच रहे हैं.

**प्रशासन पर सवाल और समाधान की मांग :** प्रशासन की चुप्पी और जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता अब लोगों की सहनशक्ति की सीमा पार कर रही है. सवाल यह है कि जब यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत आती है, तब इसकी यह हालत क्यों है? क्या गड्ढों को भरने के लिए चुनावी मौसम का इंतज़ार किया जा रहा है? स्थानीय लोगों की मांग है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं हुई, तो मत्स्य विभाग और राष्ट्रीय सड़क निर्माण विभाग को मिलकर इस रास्ते पर एक संयुक्त परियोजना शुरू करनी चाहिए, जिसका नाम हो 'गड्ढा विकास योजनाः रोज़गार भी, व्यापार भी'.

# चार दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'तरंग' का शुभारंभ

शुभम संदेश। बोकारो



छात्र-छात्राओं की कलात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो की सीनियर इकाई में मंगलवार को चार-दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'तरंग' का शुभारंभ हुआ. इसके साथ ही गीत-संगीत, नृत्य और सुरों की महफिल का सिलसिला शुरू हो गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंगलदीप प्रज्ज्वलित कर किया.

**पहले दिन तबला-वादन और शास्त्रीय गायन का जादू :** कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों ने अंतर-सदन समूह तबला-वादन में एक ताल के विभिन्न स्वरूपों का मनोरम प्रस्तुतीकरण किया. वहीं, भारतीय शास्त्रीय रागों पर आधारित एकल गायन प्रतियोगिता में विभिन्न रागों की रूहदारी के साथ पेशकश की. आकर्षक पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे बच्चों की तबले पर फिरकियों की तरह नाचती उंगलियाँ, उनकी थाप और लयकारी का आपसी सामंजस्य देखते ही बन रहा था. एक ताल के विभिन्न प्रकारों में कायदा, टुकड़ा, परन, गत आदि को उन्होंने बखूबी पेश किया. बेहतर प्रदर्शन के आधार पर चेनाब हाउस की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. जमुना की टीम द्वितीय, तो सतलज हाउस टीम तृतीय स्थान पर रही. इसी प्रकार, एकल गायन में गंगा सदन से अर्नव राज ने राग जौनपुरी में 'पायल बाजन लागी रे...', जमुना हाउस की गीत पाठक ने राग देश में 'कान्हा तो पे जाऊँ...', झेलम सदन की छात्रा उत्पल वर्ना चारुकेशी ने राग मालकोश में 'आज मोरे घर आए...', चेनाब हाउस से शांभवी गोस्वामी ने राग भैरवी में 'कैसी ये भलाई रे...', रावी हाउस के आर्यन सिंह ने राग भैरव में 'जग करता तू ही...' तथा सतलज हाउस के पीयूष ने राग यमन में 'तू दरस दिखा जा...' की सुरीली बंदिशें सुनाकर शास्त्रीय गायन पर अपनी बेजोड़ पकड़ का परिचय दिया. उनके हरेक आलाप, तान, मुरकियाँ उनकी प्रतिभा बयाँ कर रही थीं. विभिन्न मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर झेलम हाउस की उत्पल वर्ना चारुकेशी प्रथम स्थान पर रहीं. जबकि, गंगा हाउस के अर्नव राज तथा सतलज के पीयूष क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे.

**प्राचार्य ने जीवन में संगीत के महत्व पर जोर दिया :** बाल कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए प्राचार्य डॉ. गंगवार ने जीवन में संगीत की महत्ता रेखांकित की. उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संगीत हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है. यह केवल मनोरंजन का ही नहीं, बल्कि आत्मिक सुख एवं तनाव-मुक्ति का भी सशक्त माध्यम है. यह महसूस करने की विधा है. उन्होंने ज़ोर दिया कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में संगीत का महत्वपूर्ण स्थान है और डीपीएस बोकारो इसके लिए उन्हें हर अवसर और मंच प्रदान करता रहा है. उन्होंने बच्चों को सदैव सकारात्मक बने रहने की भी प्रेरणा दी.

# आईजी ने की राष्ट्रपति के आगमन पर सुरक्षा समीक्षा

## एयरपोर्ट से आईएसएम तक चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का दिया निर्देश




**शुभम संदेश।धनबाद**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के धनबाद आगमन को लेकर पुलिस की सुरक्षा तैयारियां अपने अंतिम चरण में है. सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए आज उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र (बोकारो जोन) के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) क्रांति कुमार गढ़ीदेशी समाहरणालय स्थित जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचे. एसएसपी प्रभात कुमार महोदय पुष्पगुछ देकर उनका स्वागत किया. राष्ट्रपति के धनबाद प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी ने जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की. बैठक में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एयरपोर्ट, कारकेड, कार्यक्रम स्थल आईआईटी आइएसएम, आवासन स्थल में सुरक्षा व्यवस्था सहित रूट की सुरक्षा के संबंध में सूक्ष्मता से विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए आवश्यक व महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए . राष्ट्रपति के धनबाद आगमन को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने का निर्देश दिया गया. कार्यक्रम के मद्देनज़र एयरपोर्ट व कार्यक्रम स्थल आईएसएम में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी. इसके अलावा एयरपोर्ट से आईएसएम तक के रूट को सैनेटाइज किया जाएगा. एयरपोर्ट और कार्यक्रम स्थल आईएसएम के आसपास तीन सौ मीटर की परिधि में कम्युनिटी सेंसस करने का निर्देश दिया गया. इसके अलावा एयरपोर्ट से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक से आईएसएम तक के रूट में सडक के दोनों तरफ 50 मीटर के दायरे में रहने वाले लोगों, आवास, दुकान, कार्यालय व निजी प्रतिष्ठानों की पहचान सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा सम्बन्धित आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे. सुरक्षा के मद्देनज़र तीन हिस्सों में जिले की नाकेबंदी की जाएगी. बंगाल समेत आसपास के जिलों से सटे बॉर्डर पर चेकपोस्ट स्थापित किया जाएगा. इसके साथ ही शहर की इंट्री पॉइंट पर भी नाकेबंदी की जाएगी. एयरपोर्ट और आईएसएम के आसपास भी घेराबंदी की जाएगी. रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. जिले के सभी होटल और लाउंज में जांच अभियान चलाया जा रहा है और वहां रहने वालों की जानकारी हासिल की जा रही है. एयरपोर्ट व कार्यक्रम स्थल आइएसएम के पास मौजूद रहने वाले सभी लोगों की जानकारी हासिल करते हुए उनकी पहचान सुनिश्चित करने का भी निर्देश जारी किया गया. बिना पहचान पत्र किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा. एयरपोर्ट और आइएसएम के कार्यक्रम स्थल पर मेटल डिटेक्टर के साथ एक्सरे स्कैनर भी लगाया जायेंगे. एयरपोर्ट से धैया, सिटी सेंटर, लूबी सर्कुलर रोड, रणधीर वर्मा चौक होते हुए आईएसएम तक मुख्य सडक से दोनों तरफ जुड़ने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया जाएगा व उन सभी स्थानों पर सुरक्षाकर्मी की तैनाती होगी. इस दौरान रूट में आने वाली सभी प्रमुख ईमारतों के ऊपर भी सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे.

# 25 किसानों को मिलेगा मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण : उपायुक्त



**शुभम संदेश।धनबाद**

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की प्रबंध समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने 25 किसानों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिलाने का निर्देश दिया. बैठक में सहकारी संघ को पूर्व आवंटित जमीन के बदले अन्य उपयुक्त स्थल आवंटित करने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया गया. कार्यालय संचालन के लिए प्रोफेशनल मैनपावर और मल्टी टास्क स्टाफ को जैप-आईटी द्वारा निर्धारित दर पर देने का निर्णय भी लिया गया. संघ का कार्यालय अब मिश्रित भवन के कमरा संख्या 16, 17 एवं 18 में संचालित होगा. बैठक के दौरान दो नए पैक्स को सदस्यता भी प्रदान की गई. इस अवसर पर डीएफओ विकास पालीवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, विधायक प्रतिनिधि और अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे. बैठक में सहकारिता से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए.

# टिकट जांच कर्मी ने घर से भागे दो बच्चों को परिजनों से मिलाया



**शुभम संदेश।धनबाद**

रेलवे द्वारा सदैव यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है. इसी क्रम में मंगलवार को गाड़ी संख्या 09620 रांची- मदार एक्सप्रेस में कार्यरत वाणिज्य विभाग के टिकट जांच कर्मी रोशन कुमार द्वारा अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए घर से भागे हुए दो बच्चों को पहचान कर रेलवे सुरक्षा बल चोपन को सुपुर्द किया गया. तत्परता दिखाते हुए बच्चों के परिजनों को इसकी सूचना भी दी गयी. बच्चों के परिजनों ने टिकट जांच कर्मी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बच्चों को उनके संरक्षण में रखने का निवेदन किया, जिस पर उन्हें आश्वस्त किया गया कि बच्चे चोपन आरपीएफ थाना में पूर्णतः सुरक्षित है. उनका यह संवेदनशील एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य काफी सराहनीय है तथा अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है.

## जनशिकायत कोषांग प्रभारी ने सुनी आम जनों की शिकायत

**धनबाद (शुभम संदेश)।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार जनशिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी नियाज अहमद ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्या सुनी. जनता दरबार में पारिवारिक सूची बनाने, रैयती जमीन पर हुए अवैध कब्जा हटाने, पंजी 2 में सुधार करने, आंगनबाड़ी सेविका चयन करने, पोषण सखी के मानदेय भुगतान करने, सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने, बाबुडीह में सड़क निर्माण करने, गोविंदपुर में तालाब के आउटलेट बनाने, मुहल्ले से नमक फैक्ट्री हटाने, माइयां सम्मान योजना का लाभ देने सहित अन्य मामले प्राप्त हुए. लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है. जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा. मौके पर सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा एवं जन शिकायत कोषांग के कर्मी मौजूद थे.

# कांवड़ियों की मौत पर विधायक राज सिन्हा ने जताया शोक

**खास बातें**

- पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद की अपील



**शुभम संदेश।धनबाद**

देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनिया चौक के पास मंगलवार सुबह कांवड़ियों से भरी एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई श्रद्धालुओं की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. इस हृदयविदारक घटना पर धनबाद के विधायक एवं झारखंड विधानसभा के सचेतक राज सिन्हा ने गहरा शोक व्यक्त किया है. विधायक सिन्हा ने कहा कि कांवरयात्रा के दौरान इस तरह की भीषण दुर्घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है. उन्होंने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस अत्यंत दुखद क्षण में बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना करता हूँ कि वे शोकसंतप्त परिवारों को इस दुख की घड़ी में धैर्य और साहस प्रदान करें.उन्होंने राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन से घायलों के समुचित इलाज की तत्काल व्यवस्था करने की मांग की. सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों से भी राहत व बचाव कार्यों में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की.

**भाजपा धनबाद महानगर ने भी जताया शोक:** देवघर के मोहनपुर प्रखंड में जमुनिया चौक के पास मंगलवार सुबह हुए भीषण बस हादसे में कांवड़िया श्रद्धालुओं की मृत्यु और घायल होने की घटना पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धनबाद महानगर ने गहरा दुख व्यक्त किया है. महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि श्रद्धालुओं के दुखद निधन की खबर अत्यंत पीड़ादायक है. बाबा बैद्यनाथ दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकसंतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति दें. जिला महामंत्री मानस प्रसून, धनेश्वर महतो और जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ईश्वर से मृतक श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बीरेंद्र हाँसदा, शेखर सिंह, महेश पासवान, विष्णु त्रिपाठी, जिला मंत्री नरेंद्र त्रिवेदी, अभिमन्यु कुमार, रीता यादव, राजकिशोर जैना, सुरेश महतो, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल, नित्यानंद मंडल, शिवांश, सुरज पासवान आदि शामिल हैं.

# रघुकुल में स्व. बच्चा सिंह की पहली पुण्यतिथि मनाई गई



**शुभम संदेश।धनबाद**

झारखंड सरकार के पूर्व नगर विकास मंत्री सह जनता मजदूर संघ के महामंत्री बच्चा सिंह की पहली पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई. जहां मौके पर कई वरिष्ठ नेता, समाजसेवी सहित कई अन्य लोग पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया. जनता मजदूर संघ के महामंत्री बच्चा सिंह की पहली पुण्यतिथि सरायढेला स्थित रघुकुल में मनाई गई. जहां हरि-कृतन का भी आयोजन किया गया है.बताते चलें कि पूर्व विधायक बच्चा सिंह ने अपने मजदूर संगठन जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के माध्यम वह मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे थे. मजदूरों के हित में उनके कार्यों के लिए एक अपनी पहचान है. बिहार से अलग होकर जब झारखंड राज्य बना तो वह मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सरकार में वे नगर विकास मंत्री बने थे. उस वक्त वे झरिया से विधायक थे. बच्चा सिंह कोयलांचल के मसीहा कहे जाने वाले सूर्यदेव सिंह के छोटे भाई थे. विक्रमा सिंह, सूर्यदेव सिंह, बच्चा सिंह, राजन सिंह और रामाधीर सिंह, इन पांचों भाइयों में बच्चा सिंह तीसरे स्थान पर थे.

## आसनसोल

### खान श्रमिक कांग्रेस बीएमएस की बेजडीह में सभा

# कोयला उद्योग बचेगा तो मजदूर बचेगा : जयनाथ चौबे




**शुभम संदेश।सांकतोड़िया**

खान श्रमिक काँग्रेस (बीएमएस) के बैनर तले एक मजदूरों की आम सभा बेजडीह कोलियरी में आयोजित की गई. इस सभा को संबोधित करते हुए बीएमएस पश्चिम बंगाल प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य जयनाथ चौबे ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ मजदूरों को सिर्फ उनके अधिकारों के लिए ही जागरूक नहीं करता बल्कि उन्हें उनके अधिकारों के साथ साथ कर्तव्य के प्रति भी जागरूक करता है. उन्होंने कहा कि कोयला उद्योग बचेगा तो मजदूर बचेगा, क्योंकि उद्योग और मजदूर दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं. अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के निर्णयानुसार आठ सूत्री मांगों के समर्थन में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है. 24 जुलाई से 17 सितम्बर तक अभियान चलने वाला है. उत्पादन के साथ साथ कोयले की गुणवत्ता एवं माइन्स सुरक्षा अति आवश्यक है. कामर्शियल माइनिंग, एम डी ओ रेवेन्यू शेयरिंग आदि के द्वारा किए जा रहे उत्पादन पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये सब अन्ततः निजीकरण की प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका बीएमएस विरोध करता है. जय नाथ चौबे ने कहा कि कोयला उद्योग में पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीरता से हम सभी को प्राथमिकता देनी चाहिए जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे. उन्होंने मजदूरों को भरोसा दिलाया कि आने वाले दुर्गा पूजा में आपको बोनस सम्मान जनक मिले बीएमएस इस के लिए सचेष्ट रहेगा. प्रदेश सचिव महेंद्र गुप्ता ने कहा कि बीएमएस हड़ताल को अन्तिम विकल्प मानता है, जब कि कुछ लोग हड़ताल को प्रत्येक वर्ष उत्सव के रूप में मनाते हैं जो गैर जरूरी है. चार श्रम संहिता के बारे में जानकारी दी कि सामाजिक संघिता 2020 एवं वेज संघिता 2019 श्रमिकों के पक्ष में है.महामंत्री मृतुन्जय सिंह ने कहा कि प्रबन्धन मजदूरों की समस्या का समाधान सुलझाने की वजाय उलझा देता है. डिसेन्ट आवास योजना के नाम पर सिर्फ लीपापोती की गई. कम्पनी के हास्पीटल को अपग्रेड करने की आवश्यकता है. मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ वर्दास्त नहीं किया जा सकता है. सभा को संबोधित करने वाले में दया चंद नोनिया,दीपक चौबे, गुरू देव महतो, लखन महतो दशरथ प्रसाद महतो, प्रभुभरेठा, उत्तम नोनिया सहित सैकड़ों मजदूरों की उपस्थिति रही.

## तृणमूल श्रमिक संगठन ने बनायी रेल प्रशासन के विरोध की रणनीति

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** तृणमूल श्रमिक संगठन आद्रा रेलवे शहर में रेलवे प्रशासन की कई जन विरोधी गतिविधियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन शुरू करने की रणनीति बनायी. तृणमूल कांग्रेस श्रमिक संगठन के रघुनाथपुर नंबर 1 ब्लॉक अध्यक्ष तूफान कुमार रॉय ने बताया कि कार्यकर्ता कुल सात सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को आद्रा बंगाली समिति की ओर से जुलूस निकालकर आद्रा डीआरएम कार्यालय का घेराव करेंगे. आद्रा रेल नगरी के दुकानदारों का पुनर्वास किए बिना रेलवे की दुकानों को खाली न कराया जाए, आद्रा रेल नगरी में ओवरब्रिज और अंडरपास बनने तक रेलवे क्रॉसिंग को बंद न किया जाए, आद्रा रेलवे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बहाल की जाएं और आद्रा मंडल की सभी यात्री ट्रेनें समय पर चलें आदि मांगे शामिल हैं.

# दीक्षा एवं दृष्टि महिला समिति ने की कुष्ठ रोगियों की सहायता

### निर्मला जनरल एंड लेप्रोसी हॉस्पिटल के रोगियों को दिया ओढ़ना बिछावन



**शुभम संदेश।बराकर**

दीक्षा एवं दृष्टि महिला समिति की निचले तबके के क्षेत्र में गरीब और असहाय के लिए महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है. इसी क्रम में दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्षा मिली दत्ता के नेतृत्व में सभी उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन में निर्मला जनरल एंड लेप्रोसी हॉस्पिटल गोविंदपुर कुष्ठ रोगियों के बैठने-सोने के लिए चादर और गद्दे प्रदान किए गए. बीसीसीएल सीवी एरिया बारह की दृष्टि महिला समिती की अध्यक्षा रुद्राणी एस कुमार के नेतृत्व में कुष्ठ रोग के उपचार के लिए मरीजों की सुविधा हेतु बिस्तर आदि की व्यवस्था की गयी. उपचाररत रोगियों की सोने तथा बैठने में हो रही दैनिक असुविधा को देखते हुए मरीजों की सुविधा प्रदान की गई. 25 गद्दे, 25 चादर तथा 25 तकिया तथा 25 तकिया कवर के साथ कुल 100 सामान हॉस्पिटल प्रशासन को सौंपा. इस मौके पर मीता शेठ, समिता चक्रवर्ती, श्राबनि भट्टाचार्जी, बान श्री बनर्जी, ममता कुंडू, रिंकू मंडल मुख्य रूप से शामिल रही. समाज कल्याण में तत्पर दृष्टि महिला समिती द्वारा किये गए इस कल्याण कार्य से कुल 25 उपचाररत रोगी लाभान्वित हुए.

# सिख अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव पर पीएम को पत्र



**शुभम संदेश।बर्नपुर**

बर्नपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव सुरेन्द्र सिंह अत्तू ने राजस्थान उच्च न्यायालय सिविल न्यायाधीश प्रारंभिक परीक्षा 2025 में सिख अभ्यर्थियों के साथ धार्मिक भेदभाव और संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन पर कड़ा विरोध जताया है. उन्होंने इस मामले को लेकर पश्चिम बर्दवान के जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है. यह घटना 27 जुलाई को जयपुर स्थित पूर्णिमा विश्वविद्यालय में आयोजित परीक्षा के दौरान घटी, जब सिख अभ्यर्थियों को उनके धार्मिक प्रतीकों (ककार) को हटाने के लिए बाध्य किया गया. अत्तू ने इसे न केवल अनुच्छेद 25 का उल्लंघन बताया, बल्कि सिख पहचान और गरिमा पर सीधा हमला कहा.

उन्होंने घटना की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की. कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय परीक्षा प्राधिकरण और विश्वविद्यालय प्रशासन सिख समुदाय से सार्वजनिक माफी मांगे, दोषी परीक्षा अधिकारियों को निलंबित व कानूनी कार्यवाही की जाए, भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए जाएं और गुरप्रीत कौर, जिन्होंने सिख पहचान की रक्षा में साहस दिखाया, को राष्ट्रीय सम्मान दिया जाए. उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस मामले में चुप्पी बनी रही, तो इसे सिखों के अधिकारों की जानबूझकर की गई उपेक्षा माना जाएगा. इस पत्र की प्रतियां राजस्थान के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और परीक्षा समिति को भी भेजी गई हैं.

# मालदा टाउन स्टेशन पर 1.01 करोड़ की ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार



**शुभम संदेश।कोलकाता**

पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 203 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. बरामद नशीले पदार्थ की बाजार में अनुमानित कीमत 1.01 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है. यह कार्रवाई 28 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे के करीब मालदा टाउन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर फुट ओवर ब्रिज के पास की गई. ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ एसआईबी कर्मियों ने दो युवकों को संदिग्ध व्यवहार करते देखा और उन्हें पूछताछ के लिए रोका. तलाशी के दौरान, उनके पास से दो पारदर्शी पैकेटों में 203 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई. इस नशीले पदार्थ का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1,01,50,000/- रुपये है. नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत सभी कानूनी औपचारिकताओं का सख्ती से पालन किया गया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिहान रजा (18) और मो. तालिब रजा (27) के रूप में हुई है, जो बिहार के रहने वाले हैं. आरपीएफ ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए आरोपियों और जब्त सामग्री को जीआरपी/मालदा टाउन के हवाले कर दिया. जीआरपी ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

## एनएच पर तेज धमाके के साथ भू-धसान

**आसनसोल (शुभम संदेश)।** लगातार बारिश के कारण पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक बार फिर कोलकाता-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर भू-धसान की घटना सामने आई है. यह हादसा एथोड़ा मोड़ के पास हुआ, जहां तेज धमाके के साथ सड़क का लगभग 2 से 2.5 फुट हिस्सा धँस गया. इस घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मियों ने तत्काल बेरीकेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो. इसके चलते दिल्ली से कोलकाता की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है. उल्लेखनीय है कि इससे पहले एक सप्ताह पूर्व, आसनसोल के चंद्रचूड़ टेम्पल इलाके में भी इसी तरह का बड़ा भू-धसान हुआ था, जिसमें सड़क का लगभग 20 से 25 फुट हिस्सा जमींदोज हो गया था. उस समय भी यातायात पूरी तरह ठप हो गया था, जिसे घंटों की मरम्मत के बाद बहाल किया गया था. मौजूदा हालात में भारी बारिश के चलते कई इलाके जलमग्न हैं और नदियाँ उफान पर हैं.

# देवर-भाभी के चक्कर की गयी पति की जान



**शुभम संदेश।पुरुलिया**

देवर भाभी के बीच अवैध संबंध का विरोध करने पर पति 35 वर्षीय गौतम सिंह सरदार को अपनी जान गंवानी पड़ी. आरोप है कि युवक को फांसी पर लटकाकर उसकी लाश तालाब में फेंक दिया गया. यह सनसनीखेज वारदात पुरुलिया के मानबाजार थाना इलाके में हुई. घटना में मंगलवार को पुलिस देवर और भाभी को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार मृत युवक गौतम सिंह सरदार का शव सोमवार को मानबाजार के घासटेरिया गाँव के एक तालाब से बरामद किया गया. मानबाजार थाने की पुलिस ने इस घटना में मृतक की पत्नी ज्योत्सना सिंह सरदार (24) और गौतम के छोटे भाई उतम (23) को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार तालाब से गौतम का शव बरामद होने के बाद पुलिस को शक हुआ.मानबाजार थाने के अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है. उत्तम की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ शुरू हुई. पूछताछ के दौरान मृतक गौतम की पत्नी ज्योत्सना और उत्तम के बयानों में विरोधाभास पाया गया.

इसके बाद जब पुलिस ने उन पर दबाव डाला तो भाभी और देवर टूट गए. उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया. ज्योत्सना और उत्तम ने बताया कि रविवार की दोपहर दोनों ने मिलकर गौतम की हत्या कर दी. रात में उन्होंने शव घर के पास एक तालाब में फेंक दिया.



## दो खंभों पर समुद्र के बीच बसा हुआ दुनिया का सबसे छोटा देश

इग्लैंड के पास स्थित सीलैंड दुनिया का सबसे छोटा देश है, लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि यह समुद्र के बीच दो बड़े खंभों के ऊपर बसा है। इस देश को माइक्रो नेशन कहा जाता है। इसका क्षेत्रफल मात्र 250 मीटर है। यहां 50 से भी कम लोग रहते हैं। हालांकि इसे अंतर्राष्ट्रीय मान्यता नहीं मिली है लेकिन इनकी अपनी मुद्रा और स्टाम्प टिकट है। बता दें कि ब्रिटेन ने द्वितीय विश्वयुद्ध के समय इसका निर्माण किया था। फिर इसे खाली करा दिया गया। इस पर अलग-अलग लोगों का कब्जा रहा। साल 2012 में सीलैंड के प्रिंस के तौर पर रॉय बेट्स नाम के शख्स ने खुद को पेश किया। उनकी मौत के बाद उनके बेटे माइकल ने गद्दी संभाल ली।



## ये है गर्म पानी का फव्वारा, जानिए क्या है इसका रहस्य

यह तस्वीर है फ्लाई गीजर यानी गर्म पानी के फव्वारे की। यह फव्वारा हमेशा गर्म पानी फेंकता है। अमेरिका के एक छोटे से शहर नेवाडा में स्थित यह रहस्यमयी और अजब-गजब फव्वारा प्राकृतिक रूप से बना है जिसकी खोज एक किसान ने की थी। किसान खेती के लिए गड्ढा खोद रहा था और पानी का स्तर बहुत नीचे था तो उसे गहरा गड्ढा खोदना पड़ा। लेकिन ये क्या! गहराई में निकला पानी बेहद गर्म था। पानी दो सौ डिग्री तापमान में खौल रहा था। यह देखकर वह भाग खड़ा हुआ। पानी का तेज दबाव होने और खूब गर्म होने के कारण इसे फ्लाई गीजर का नाम दिया गया। इस गड्ढे ने समय के साथ खूबसूरत रूप ले लिया। गर्म पानी में जो खनिज थे उसके कतह से इसने रंग बिरंगे पहाड़ का रूप ले लिया जिसमें से गर्म पानी फव्वारे की तरह आता है।





# बेहद अनोखा है रेगिस्तान में जश्न का तरीका
# बर्निंग मैन फेस्टिवल

**दुनियाभर में कई तरह के फेस्टिवल होते हैं. जो अपने आप में खास होते हैं. इनकी खासियत ही इन्हें एक दूसरे से हटकर बनाती है. लेकिन क्या आपने कभी ऐसे फेस्टिवल के बारे में सुना है जिसमें लोग पूरा शहर ही जलाकर राख कर देते हैं. हैरानी की बात तो ये है कि ऐसा करने पर लोगों को बधाई भी दी जाती है और उनकी तारीफ की जाती है. ये पूरा फेस्टिवल रेगिस्तान में आयोजित किया जाता है, जहां सबकुछ जलने के बाद रेत पर राख का सिर्फ काला रंग ही पसरा होता है. ये अनोखा फेस्टिवल अमेरिका के नेवाडा प्रांत में स्थित ब्लैक रॉक डेजर्ट में आयोजित किया जाता है.**



बड़ी मेहनत से जी-जान लगाकर, अपना समय देकर, अपनी रचनात्मकता का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए आपने कोई चीज तैयार की हो, तो आप उसे कितना सहेज कर रखेंगे ना! लेकिन क्या आप अपनी ही उस खूबसूरत कलाकृति को खुद आग लगाने की हिम्मत कर सकते हैं। नहीं ना, लेकिन अपनी कलाकृति को आग लगाने का एक फेस्टिवल अमेरिका के नेवाडा प्रांत स्थित ब्लैक रॉक डेजर्ट में मनाया जाता है। इस फेस्टिवल को बर्निंग मैन फेस्टिवल के नाम से जाना जाता है। रेगिस्तान में होने वाला यह अनोखा फेस्टिवल अगस्त के आखिरी रविवार से शुरू होता है और सितंबर के पहले सोमवार तक चलता है। इसमें लोग खुद कई तरह की कला से जुड़ी चीजें तैयार करते हैं। एक तरह से अपना एक शहर बसाते हैं। नाच-गाना होता है और इन कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगती है। लेकिन फेस्टिवल के आखिरी दिन खुद की बनाई कलाकृतियों को वे खुद जला देते हैं।

यह काम आसान नहीं है लेकिन इस फेस्टिवल की फिलॉसफी ही यही है कि खुद की रचना को जलाने से अहंकार भी राख हो जाता है। 1986 में सैन फ्रांसिस्को के बेकर बीच पर पहली बार ये फेस्टिवल आयोजित किया गया था और आज तक इसका आयोजन हो रहा है। कला और संगीत के इस आयोजन में दस हजार से ज्यादा लोग इकट्ठा होते हैं।

दुनियाभर में कई तरह के फेस्टिवल होते हैं. जो अपने आप में खास होते हैं. इनकी खासियत ही इन्हे एक दूसरे से हटकर बनाती है. लेकिन क्या आपने कभी ऐसे फेस्टिवल के बारे में सुना है जिसमें लोग पूरा शहर ही जलाकर राख कर देते हैं. हैरानी की बात तो ये है कि ऐसा करने पर लोगों को बधाई भी दी जाती है और उनकी तारीफ की जाती है. ये पूरा फेस्टिवल रेगिस्तान में आयोजित किया जाता है, जहां सबकुछ जलने के बाद रेत पर राख का सिर्फ काला रंग ही पसरा होता है. ये अनोखा फेस्टिवल अमेरिका के नेवाडा प्रांत में स्थित ब्लैक रॉक डेजर्ट में आयोजित किया जाता है, इस फेस्टिवल का नाम बर्निंग मैन फेस्टिवल है, जिसमें हर साल हजारों लोग पहुचते है. इस बार इसमें करीब 70 हजार लोगों ने शिरकत ली. यहां आने वाले लोग अपने हिसाब से पहले शहर बनाते हैं और फिर फेस्टिवल के अंत में वो खुद अपने हाथों ही सबकुछ जला देते हैं,

साल 1986 से शुरू किए गए इस फेस्टिवल में पहली बार सिर्फ 80 लोग ही आए थे, लेकिन बाद में ये इतना पॉपुलर हुआ कि हर साल ये संख्या बढ़ती ही गई. यहां पर लोग आते हैं और खुद का शहर बसाते हैं. वो कई कलात्मक वाहन और दूसरी कला से जुड़ी चीजें बनाते हैं. इस दौरान नाचना-गाना भी होता है और कला की प्रदर्शनी भी होती है.

फेस्टिवल के आखिरी दिन ये लोग खुद की बनाई कला को जला देते हैं, ऐसा वो यहां की फिलॉसफी के कारण करते हैं, जिसमें माना जाता है कि खुद ही अपनी रचना को जलाकर अहं भी राख हो जाता है. यहां लोगों को अपने तरीके से जीने की आजादी दी जाती है. उन पर किसी भी तरह की रोक नहीं लगाई जाती है, ताकि वो सही मायने में आजादी का मतलब समझ सकें.

इस फेस्टिवल का सिर्फ एक नियम भी है, जो कम हैरान करने वाला नहीं है. यहां पर ऐसी किसी भी चीज का उपयोग नहीं कर सकते है, जो पर्यावरण को नुकसाना पहुंचाए. इस नियम के कारण ही यहां पर प्लास्टिक के सामान से लेकर फ्यूल वाहन तक बैन हैं. आप यहां पर सिर्फ साइकिल या पैदल ही घूम सकते हैं.





## एक व्यक्ति पर होता है 65000 रुपए का खर्च

फेस्टिवल में कला और संगीत को जगह दी गई है। हर कोई वह काम करता है, जो उसका फेवरेट होता है। अमेरिका में हर साल होने वाले इस त्योहार में हजारों लोग शामिल होते हैं और कई चीजों से अलग-अलग आकृतियां बनाकर दुनिया को दिखाते हैं। यह जरूरी नहीं कि यह आकृतियां आकर्षक हो इसलिए ज्यादातर आकृतियां अजीब ही होती हैं। इतना ही नहीं इस फेस्टिवल में लोग अलग और अजीब वेशभूषा भी धारण करते हैं। इस फेस्टिवल में कोई नियम नहीं है कि आप खुद को कैसे प्रेजेंट करते हैं। इस त्योहार को संस्कृति में लेने देने वाला पर्व भी कहते हैं। यहां पर खुले मैदान में दूर से दिखने वाली आकर्षक आकृति लकड़ी से बनाई जाती है, जिसे अंतिम दिन जला दिया जाता है। इस तरह पर्व समाप्त हो जाता है। इसे फेस्टिवल ऑफ फायर भी कहते हैं।

फेस्टिवल के लिए अस्थायी तौर पर ब्लैक रॉक सिटी बनती है। 25 हजार रुपए का टिकट खरीदकर उसके सदस्य बनते हैं। पिछले साल 65 हजार लोग वहां पहुंचे थे। एक व्यक्ति का खर्च तकरीबन 65 हजार रुपए होता है। तकरीबन 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में हजारों लोग अपनी धुन में मग्न रहते हैं। हजारों लोग रेगिस्तान में नाचने, गाने और अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा होते हैं।

## तीन दोस्तों ने की थी शुरुआत

द बर्निंग मैन फेस्टिवल की शुरुआत साल 1986 में कलाकार लैरी हार्वे ने मित्र जॉन ला और जैरी जेम्स के साथ सैन फ्रांसिस्को के बेकर तट पर की थी। उस समय 9 फीट ऊंचा लकड़ी का पुतला जलाया गया था और तभी से पुतले जलाने की परंपरा है। इस समय यह फेस्टिवल अमेरिका के अलावा दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्पेन, स्वीडन, इजराइल, जापान, दक्षिण कोरिया और कनाडा में भी मनाया जाता है।

## कहाँ है ब्लैक रॉक रेगिस्तान

यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका (यूएसए) के नेवाडा राज्य में स्थित ब्लैक रॉक डेजर्ट, एक अर्द्ध-शुष्क क्षेत्र है। -21 जून 1986 से इस रेगिस्तान में बर्निंग मैन-फेस्टिवल मनाया जाता है। यहां दुनियाभर से आए लोग सेलफोन, इंटरनेट, जैसी अत्याधुनिक सुख-सुविधाओं से दूर रहकर पारम्परिक नाच-गाने और गीत संगीत के बीच एक सप्ताह गुजारते हैं।





# ...क्या अमेरिका के पास हैं एलियन?



एलियन को लेकर अक्सर चर्चा होती है। दुनिया में कई ऐसे हैं जो एलियन और यूएफओ देखने के दावा करते हैं। अब इस बीच अमेरिका ने एलियन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका गुप्त रूप से एलियन टेक्नोलॉजी या एलियन जीवों को जनता से नहीं छिपा रहा है। पेंटागन ने ऑल डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस की तरफ से जांच के बाद निष्कर्षों को जारी किया। ऑल डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस की स्थापना साल 2022 में की गई थी। इसका उद्देश्य विषम, अज्ञात स्थान, हवाई और जलमग्न खतरों के बारे में पता लगाने और उन्हें कम करना है। पेंटागन की तरफ से पहले भी एलियन जीवन से जुड़ी रिपोर्ट जारी की जाती रही है। अमेरिका पर काफी लंबे समय से एलियन की जानकारी छिपाने के आरोप लगते हैं। आइए जानते हैं कि इस रिपोर्ट में अमेरिका ने क्या कहा है?

पेंटागन ने एलियन पर किया बड़ा खुलासा

पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में कहा एक कहानी बताई जाती है कि अमेरिका की सरकार ने कई एलियन एयरक्राफ्ट और अलौकिक जीवन के अवशेष की खोज की है। 1940 के दशक से इन कहानियों की शुरुआत हुई है। इसमें कहा जाता है कि अमेरिका ने जानकारियों को लोगों और कांग्रेस से छिपाकर रखा है। इस पर रिवर्स इंजीनियरिंग कर रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि टेलीविजन प्रोग्राम, किताबों, फिल्मों, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर मौजूद सामग्री लोगों में इनसे जुड़ी मान्यताओं को मजबूत किया है।

जांचकर्ताओं को अमेरिका के सभी जरूरी संवेदनशील प्रोग्राम तक जाने की इजाजत दी थी। उनके द्वारा 1945 के बाद से सभी आधिकारिक सरकारी जांच प्रयासों की समीक्षा की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे यह पता चल सके कि अमेरिकी सरकार की जांच यूएफओ देखने या एलियन से संबंधित है। पेंटागन के एक प्रवक्ता ने बताया कि जांचकर्ताओं को इस बात का कोई सबूत नहीं मिला कि आसमान में कोई अज्ञात चीजें मिली हों।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 1950 और 60 के दशक में यूएफओ देखने से जुड़ी रिपोर्ट में बढ़ोत्तरी हुई है। इसकी वजह नई नई टेक्नोलॉजी का विकास हो सकता है। दरअसल, इस दौरान जासूसी विमानों और अंतरिक्ष तकनीक को टेस्ट किया जा रहा था, जिसमें ऊंचाई वाले गुब्बारे शामिल थे। इनमें से एक 1947 में न्यू मैक्सिको के पास हादसे का शिकार हुआ। इसने यूएफओ की अटकलों को बढ़ावा मिला, लेकिन रिपोर्ट में डेटा की कमी और वीडियो फुटेज की खराब गुणवत्ता की भी बात कही गई है।

मंथन

# झारखंड में गुणवत्तायुक्त शिक्षा की दिशा में बड़ी पहल

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार द्वारा झारखंड के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ की गई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस बैठक के माध्यम से विश्वविद्यालयों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि शैक्षणिक गुणवत्ता, जवाबदेही व पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. राज्यपाल का यह निर्देश कि परीक्षा समाप्ति के एक माह के भीतर परिणाम घोषित किया जाए, लंबे समय से विद्यार्थियों के मन में बनी अनिश्चितता को समाप्त करेगा. इसके साथ ही शैक्षणिक कैलेंडर का पालन, समय पर दीक्षांत समारोह और नामांकन बढ़ाने की दिशा में भी यह बैठक दिशा-निर्देशक साबित होगी. विशेष रूप से यह बात उल्लेखनीय है कि झारखंड का ग्रास एनरोलमेंट रेशियो राष्ट्रीय औसत से 10 प्रतिशत कम है, जो दर्शाता है कि उच्च शिक्षा अभी भी आम जन तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाई है. इस स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों में नामांकन को बढ़ावा देना न केवल चुनौती है बल्कि आवश्यकता भी है. विश्वविद्यालयों की रैंकिंग सुधारने, वित्तीय अनुशासन बनाए रखने और भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने पर भी राज्यपाल का जोर स्वागतयोग्य है. इससे संस्थानों में भरोसा बहाल होगा और संस्थागत कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी. वहीं प्लेसमेंट सेल को प्रभावी बनाने, छात्रावास, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं की स्थिति सुधारने जैसे निर्देश छात्रों की समग्र शिक्षा को मजबूती देंगे. राज्यपाल की यह पहल यदि जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू होती है, तो झारखंड की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित होगा.

नजरिया

# रांची में होटल ताज की सौगात विकास को नई उड़ान मिलेगी

राजधानी रांची में होटल ताज के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो चुका है. नगर विकास विभाग द्वारा ताज ग्रुप के नाम जमीन की लीज रजिस्ट्री कर दी गई है, जिससे यह परियोजना अब औपचारिक रूप से आगे बढ़ने को तैयार है. यह न केवल राज्य के आतिथ्य उद्योग के लिए बड़ी उपलब्धि है, बल्कि झारखंड की राजधानी की छवि को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में भी यह अहम कदम है. धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी क्षेत्र में प्रस्तावित यह फाइव स्टार होटल राजधानी की बुनियादी संरचना और पर्यटन क्षमता को मजबूत करेगा. होटल ताज जैसे ब्रांड का आगमन रांची को व्यावसायिक बैठकों, उच्चस्तरीय सम्मेलनों और अंतरराष्ट्रीय आयोजन के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में स्थापित कर सकता है. यह भी उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के लिए ताज ग्रुप ने 4.20 करोड़ रुपए का राजस्व स्टांप शुल्क के रूप में राज्य सरकार को प्रदान किया है, जो राज्य के लिए आर्थिक दृष्टि से भी लाभकारी है. होटल ताज के लिए झारखंड सरकार और इंडियन होटल्स लिमिटेड के बीच 24 जुलाई 2024 को हुआ एमओयू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा समूह की शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में, इस परियोजना की गंभीरता और संभावनाओं को दर्शाता है. यदि यह परियोजना समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरी होती है, तो रांची न केवल उभरती राजधानी के रूप में उभरेगी, बल्कि इससे पर्यटन, रोजगार और निवेश के नए अवसर भी सृजित होंगे.

# हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का सफल परीक्षण

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



भारत की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का सफल परीक्षण हो चुका है.

जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और ऊर्जा संकट जैसे अस्तित्व के सवालों से दो-चार है, भारतीय रेलवे हरित ऊर्जा के क्षेत्र में न सिर्फ साहसिक कदम उठा रही है, बल्कि तकनीकी नवाचारों और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के सामंजस्य का अनुकरणीय मॉडल भी प्रस्तुत कर रही है. हाल ही में चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में भारत की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन के सफल परीक्षण ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि नवाचार और नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है.रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा साझा जानकारी बता रही है कि चेन्नई में विकसित इस 'ड्राइविंग पावर कार' ने हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक के सफल प्रयोग के साथ नया कीर्तिमान रचा है. ये तकनीक हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रतिक्रिया से बिजली उत्पन्न करती है, जिससे उत्सर्जन के रूप में सिर्फ जलवाष्प निकलता है- कोई कार्बन, कोई धुआं नहीं.

यह न केवल प्रदूषण रहित है, बल्कि शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छ परिवहन का श्रेष्ठ समाधान भी बनकर उभरा है. वस्तुतः भारत सरकार की 'विरासत के लिए हाइड्रोजन' योजना के तहत भारतीय रेलवे ने 35 हाइड्रोजन-संचालित ट्रेनों का लक्ष्य तय किया है. उत्तर रेलवे के जींद-सोनीपत खंड पर एक डीज़ल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट को हाइड्रोजन ईंधन से पुनर्निर्मित करने का कार्य प्रगति पर है. 111.83 करोड़ की लागत से प्रारंभ इस पायलट परियोजना के तहत हर ट्रेन की अनुमानित लागत 80 करोड़ होगी. जम्मू-कश्मीर के चिनाब नदी पर बना चिनाब रेल पुल जो 359 मीटर की ऊंचाई के साथ एफिल टॉवर से भी ऊंचा है. आज यह पुल भारत की इंजीनियरिंग शक्ति और ऊंचाइयों को छूने की महत्वाकांक्षा का प्रतीक बन चुका है. यह पुल भीषण भूकंप और 260 किमी/घंटा की हवाओं को झेलने में सक्षम है और कश्मीर को रेल मार्ग से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है.

इसी तरह से आज वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे भारत की तेज़ रफ्तार पहचान के रूप में देखा जा रहा है, पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से निर्मित है. यह 160 किमी/घंटा की गति से चलने में सक्षम है और इसमें जीपीएस-आधारित सूचना प्रणाली, स्वचालित दरवाजे, और बायो-वैक्यूम शौचालय जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं. आत्मनिर्भर भारत अभियान का यह उत्कृष्ट उदाहरण है.भारतीय रेलवे ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रयोग शुरू कर दिए हैं. कई कोचों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं, जिससे डीज़ल की खपत में भारी कमी आई है. गुजरात का गांधीधाम स्टेशन, इंदौर, गुवाहाटी, और मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसे कई प्रमुख स्टेशन पूरी तरह या आंशिक रूप से सौर ऊर्जा से संचालित हो रहे हैं. गुवाहाटी रेलवे स्टेशन भारत का पहला ऐसा स्टेशन बना, जो शत प्रतिशत सौर ऊर्जा से चलता है.

रेलवे की भूमि पर 1 जीडब्ल्यू से अधिक सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी है और आगे यह क्षमता कई गुना बढ़ाई जा रही है. वहीं, रेलवे ने 2030 तक पूरे नेटवर्क के सौ प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा है. इसके पूर्ण होते ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन रेलवे नेटवर्क बन जाएगा. हरित ऊर्जा के साथ-साथ रेलवे का डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन भी ज़ोर पकड़ रहा है. रेलवे ने देश के कई स्टेशनों को ग्रीन स्टेशन का दर्जा दिलाया है. उदाहरण के लिए, हैदराबाद का काचीगुड़ा स्टेशन देश का पहला रेलवे स्टेशन बना, जिसे आईजीबीसी से ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन प्राप्त हुआ. यह स्टेशन ऊर्जा की खपत कम करने, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन और सौर ऊर्जा उपयोग जैसे मापदंडों पर खरा उतरा.

रेलवे ने पिछले वर्षों में सभी यात्री कोचों में बायो-वैक्यूम टॉयलेट्स लगाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है. वर्ष 2021 तक लगभग सभी कोचों में बायो-टॉयलेट्स लगाए जा चुके थे, जिससे रेलवे ट्रैकों पर गंदगी गिरने की समस्या लगभग खत्म हो गई है. यह न केवल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में भी सहायक है.इतना ही नहीं भारत की हरित रेलवे पहल को संयुक्त राष्ट्र, इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं से प्रशंसा मिली है. इसके साथ ही भारत हाईड्रोजन वेली इनोवेशन प्लेटफॉर्म का भी हिस्सा बना है, जिससे वैश्विक स्तर पर हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा समाधानों में सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है.

रेलवे ने कई स्टेशनों को 'स्मार्ट स्टेशन' में बदलना शुरू किया है. इनमें वाई-फाई कनेक्टिविटी, स्मार्ट एस्केलेटर, इलेक्ट्रॉनिक सूचना डिस्प्ले, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट्स और ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइटिंग, स्मार्ट टिकिटिंग सिस्टम, रेल मदद ऐप, फेस रिकग्निशन कैमरे, एआई आधारित निगरानी, और नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) जैसे नवाचार शामिल हैं. भारतीय रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को मॉडर्न, सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव देना है. कहना होगा कि भारतीय रेलवे में हो रहे ये परिवर्तन केवल तकनीकी बदलाव नहीं हैं, बल्कि भारत की उस दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं, जो एक स्वच्छ, तेज़, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर बढ़ने का सपना देखती है. हाइड्रोजन ट्रेन इसका प्रतीक बन चुकी है-एक ऐसी रेल सेवा जो न केवल आगे बढ़ती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वायु और स्वच्छ ऊर्जा का रास्ता भी बनाती है. वहीं, भारतीय रेलवे अब केवल गंतव्य तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि भारत के सतत और समावेशी विकास की पटरी पर दौड़ती हुई एक प्रेरक गाथा बन चुकी है. वस्तुतः इन सभी प्रयासों से स्पष्ट होता है कि भारतीय रेलवे आज एक परिवहन साधन के साथ ही पर्यावरणीय नेतृत्व, तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है. हरित ऊर्जा की ओर इसकी तीव्र गति, स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों की स्वीकार्यता और टिकाऊ परिवहन की परिकल्पना भारत को विश्व मंच पर एक अग्रणी भूमिका में स्थापित कर रही है.

**भारतीय रेलवे में हो रहे ये बदलाव केवल तकनीकी नहीं हैं, बल्कि भारत की उस दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं, जो एक स्वच्छ, तेज, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर बढ़ने का सपना देखती है. हाइड्रोजन ट्रेन इसका प्रतीक है.**

## आज का इतिहास

**1836:** अमेरिका के हवाई में अंग्रेजी भाषा का पहला अखबार प्रकाशित हुआ.
**1886:** देश की पहली महिला विधायक एस. मुथुलक्ष्मी रेड्डी का जन्म.
**1909:** राइट बंधुओं ने सेना के लिए विमान बनाया.
**1930:** एनबीसी रेडियो पर डेथ वैली डेज का पहला प्रसारण हुआ.
**1942:** जर्मन की सेना ने बेलारूस के मिंस्क में 25000 यहूदियों की हत्या की.
**1957:** एक्सपोर्ट रिस्क इंस्योरेंस कॉर्पोरेशन आफ इंडिया प्रा. लिमिटेड की स्थापना.
**1966:** इंग्लैंड ने फुटबॉल का विश्वकप जीता.
**1980:** वानूआतो देश को स्वतंत्रता मिली.
**2002:** कनाडा ने अलकायदा सहित सात समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित किया.
**2007:** चीनी वैज्ञानिकों ने झेंगझाऊ में 50 लाख साल पुरानी चट्टानों की खोज की.
**2012:** उत्तरी ग्रिड में खराबी के चलते दिल्ली सहित सात राज्यों में बिजली गुल.

## खुद में झांक कर देखिए, आप का जीवन भी सुंदर है

चिंतन

किसी शहर से कुछ दूर एक किसान गांव में रहता था. वैसे तो वह संपन्न था पर फिर भी वो खुश नहीं था. एक दिन उसने एक जान -पहचान के रियल एस्टेट एजेंट को बुलाया और बोला, भाई, मुझे ये जगह छोड़नी है, कोई सही प्रॉपर्टी दिल दो तो बात बन जाए. क्यों, क्या दिक्कत हो गयी यहां आपको? एजेंट ने पूछा. आओ मेरे साथ, किसान बोला, देखो कितनी समस्याएं हैं यहां पर, ये खराब रास्ते और ये छोटी सी झील देखो, इसके चक्कर में पूरा घूम कर रास्ता पार करना पड़ता है. क्या करूंगा मैं ऐसी बेकार प्रॉपर्टी का. एजेंट ने इलाके का जायजा लिया और कुछ दिन बाद किसी ग्राहक के साथ आने का वादा किया.

इसके एक–दो दिन बाद किसान सुबह अखबार पढ़ रहा था कि कहीं किसी अच्छी प्रॉपर्टी का पता चल जाए जहां वो सब बेच - चला जाए. तभी उसकी नज़र एक आकर्षक ऐड पर पड़ी, लें सपनो का घर, शांत सुंदर जगह, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर, सुंदर झील और पहाड़ियों के बीच, शहर की भीड़ से दूर बसाएं स्वस्थ-सुंदर आशियाना. संपर्क करें -XXXXXXX. किसान को ये ब्यौरा पसंद आया, वो बार-बार ऐड को पढ़ने लगा, पर ध्यान देने पर उसे लगा कि ये तो उसी की प्रॉपर्टी का ऐड है. पुष्टि करने के लिए उसने दिए हुए नंबर पर फ़ोन लगाया और सचमुच ये उसी की प्रॉपर्टी का ऐड था. तब किसान को पता चला कि वो वाकई में अपनी मनचाही जगह पर रहता है और ये उसकी गलती थी कि उसने अपनी ही चीजों को गलत ढंग से देखा.अब किसान वहीं रहना चाहता था. उसने एजेंट को कॉल किया और इस ऐड को हटाने को कहा.

दोस्तों, इसी किसान की तरह ही कई बार हमें भी जीवन से बहुत शिकायत होती हैं, लगता है कि हमारा जीवन ही सबसे बेकार है, हमारी नौकरी में ही ज्यादा प्रेशर है, हमारी पर्सनालिटी ही सबसे खराब है. पर क्या आपने कभी दूसरों की नज़र से अपने को देखने की कोशिश की है? क्या वाकई आपका जीवन इतनी खराब है या आपने खुद उसे ऐसा बना रखा है? किसान की तरह आप भी अपने जीवन के सौंदर्य को अनदेखा तो नहीं कर रहे ? कहीं आपको भी आपकी खुशियां गिनाने के लिए किसी ऐड की ज़रूरत तो नहीं है?

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. नाग पंचमी
2. #PosthumousBodyDonation
3. Dera Sacha Sauda
4. #InternationalTigerDay
5. #GauRaksha
6. #NagPanchami
7. Benefits Of Desi Cow
8. अंतरराष्ट्रीय बाघ
9. #NimishaPriya
10. मेडिकल रिसर्च

# बहुरंग



## बॉक्स ऑफिस पर थमी नहीं 'सैयारा' की रफ्तार, दर्शकों को खूब भा रही जोड़ी

'सैयारा' ने 18 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी और तभी से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही 'सैयारा' ने अपने रिलीज के 10वें दिन भी शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि इसका जादू अभी थमा नहीं है. 'सैयारा' ने अपनी रिलीज के 10वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ फिल्म का घरेलू कलेक्शन 247.25 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है. केवल भारत ही नहीं, विदेशों में भी फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया है और दुनियाभर में 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. गौरतलब है कि 'सैयारा' अब इस साल की 'छावा' के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है. इसने 'हाउसफुल 5' और 'रेड 2' जैसी बड़ी फिल्मों को भी कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है. 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत करते हुए 21.5 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी. दूसरे दिन फिल्म ने 26 करोड़, तीसरे दिन 35.75 करोड़ और चौथे दिन 24 करोड़ रुपये की कमाई की. पांचवें दिन भी फिल्म का जलवा बरकरार रहा और इसने 25 करोड़ रुपये जुटाए. छठे दिन 21 करोड़, जबकि सातवें दिन 19 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ. इस तरह फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में कुल 172.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. इसके बाद आठवें दिन 18 करोड़ और नौवें दिन 26.5 करोड़ रुपये की कमाई के साथ इसका ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ता रहा.

'सैयारा' के साथ अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है, वहीं अनीत पड्डा की भी यह बतौर लीड एक्ट्रेस पहली फिल्म है.

## वरुण धवन की हीरोइन बनीं मेधा राणा



आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं, जिनमें से एक बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' भी है. खासकर देशभक्ति फिल्मों के चाहने वालों के लिए यह फिल्म किसी ट्रीट से कम नहीं होगी. फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे दमदार भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, मेधा राणा भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं. वह फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आएंगी. इस फिल्म के जरिए मेधा एक बड़े बजट की वॉर-ड्रामा में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रही हैं.

रिपोर्ट के अनुसार, 'बॉर्डर' के लिए वरुण धवन की हीरोइन की तलाश काफी वक्त से जारी थी, जो अब जाकर मेधा राणा के नाम पर खत्म हुई है. फिल्म में मेधा वरुण की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी. मेधा के लिए यह फिल्म किसी सपने से कम नहीं है एक मेनस्ट्रीम वॉर-ड्रामा में बड़े सितारों के साथ स्क्रीन शेयर करने का यह शानदार मौका है, जिससे वह खुद को बड़े पर्दे पर साबित कर सकती हैं. इससे पहले मेधा शांतनु माहेश्वरी के साथ एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'इश्क इन द एयर' में नजर आ चुकी हैं, मेधा को बाबिल खान अभिनीत फिल्म 'फ्राइडे नाइट प्लान' में भी देखा गया था. जहां उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों का ध्यान खींचा था. निर्माता भूषण कुमार ने मेधा राणा की तारीफ करते हुए कहा, मेधा एक सैन्य परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनकी क्षेत्रीय बोली पर शानदार पकड़ है. हमें ऐसी अभिनेत्री की तलाश थी जो इस क्षेत्र की भाषा, संस्कृति और भावनाओं को पूरी प्रामाणिकता से निभा सके. मेधा ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग स्किल्स से, बल्कि अपनी सहजता, बोली की समझ और इमोशनल रेंज से पूरी टीम को प्रभावित किया. उनकी मौजूदगी फिल्म में एक नई ताजगी और गहराई लेकर आएगी. 'बॉर्डर 2' का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं और इसे जेपी दत्ता व भूषण कुमार संयुक्त रूप से प्रोड्यूस कर रहे हैं. यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी. खास बात यह है कि यह 'बॉर्डर' का सीक्वल नहीं है, बल्कि एक नई कहानी पर आधारित फिल्म है. इसमें नए कलाकारों के साथ एक नया युद्ध और पूरी तरह नए किरदार देखने को मिलेंगे. यहां तक कि सनी देओल भी उस किरदार में नहीं हैं, जिसे उन्होंने 1997 की 'बॉर्डर' में निभाया था.

## अक्षय कुमार ने मुंबई के बोरिवली में अपने दो फ्लैट्स बेचे



'सूर्यवंशी' के बाद अक्षय कुमार की कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी कमाई नहीं कर पाई है. हालांकि, फिल्मों से कम कमाई के बावजूद अक्षय अपनी निवेश की गई संपत्तियों से मोटा मुनाफा कमा रहे हैं. हाल ही में उन्होंने मुंबई में मौजूद अपनी दो प्रॉपर्टी बेच दीं, जिससे उन्हें लगभग दोगुना फायदा हुआ है. अक्षय ने मुंबई के बोरीवली ईस्ट में एक ही हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में 2 संपत्तियां कुल 7.10 करोड़ रुपये में बेची हैं. खास बात ये है कि साल 2017 में अक्षय ने इन दोनों संपत्तियों को 3.7 करोड़ रुपये में खरीदा था. इसका मतलब है कि करीब 8 साल में इन दोनों संपत्तियों से अक्षय को 3.4 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है यानी इनमें करीब 90 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. अक्षय कुमार द्वारा बेची गई दोनों संपत्तियां बोरीवली ईस्ट स्थित स्काई सिटी प्रोजेक्ट में हैं, जो करीब 25 एकड़ में फैला हुआ है. ये दोनों फ्लैट्स एक-दूसरे के पास ही स्थित हैं. पहली प्रॉपर्टी का एरिया 1,101 वर्ग फुट है, जिसे अक्षय ने साल 2017 में 3.02 करोड़ रुपये में खरीदा था और अब इसे 5.75 करोड़ रुपये में बेचा गया है. वहीं दूसरी संपत्ति 252 वर्ग फुट की है, जिसे उन्होंने 2017 में 67.90 लाख रुपये में खरीदा था और अब यह 1.35 करोड़ रुपये में बिकी है. दोनों सौदे जून 2025 में रजिस्टर्ड हुए हैं.

## कलर्स टीवी के लाफ्टर शेफ 2 ने इस बार दर्शकों को खूब हंसाया और लुभाया




कलर्स टीवी का लोकप्रिय रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 2' ने इस बार भी दर्शकों को खूब हंसाया और लुभाया. प्रतियोगियों ने जहां अपनी कमाल की कॉमिक टाइमिंग, वहीं दूसरी ओर शानदार कुकिंग स्किल्स से लाखों दिलों पर राज किया. लंबे इंतजार और रोमांचक मुकाबलों के बाद आखिरकार शो को उसकी विजेता जोड़ी मिल गई है. फैंस बेसब्री से जानना चाह रहे थे कि इस बार सेलेब कुकिंग शो की ट्रॉफी किसके नाम होगी और अब पर्दा उठ चुका है. करण कुंद्रा और एल्विश यादव की जोड़ी ने शानदार परफॉर्मेंस के दम पर 'लाफ्टर शेफ 2' की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है.

'लाफ्टर शेफ सीजन 2' के भव्य फिनाले में तीन जोड़ियां अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-एल्विश यादव और अली गोनी-रीम शेख आमने-सामने थीं. लेकिन अंत में, जबर्दस्त परफॉर्मेंस और दर्शकों के प्यार के दम पर करण और एल्विश की जोड़ी ने बाकी दोनों जोड़ियों को पीछे छोड़ते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया. कलर्स चैनल ने विजेता जोड़ी की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं, जिनमें करण और एल्विश ट्रॉफी हाथ में लिए खुशी से झूमते नजर आ रहे हैं. दोनों के चेहरे पर जीत की चमक और बड़ी मुस्कान फैंस का दिल जीत रही है. जीत के बाद एल्विश यादव-शो की जीत के बाद एल्विश यादव ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, जब मैंने इस शो से जुड़ने का फैसला किया था, तब कभी नहीं सोचा था कि आप सभी से मुझे इतना प्यार मिलेगा. मेरे पास शब्द नहीं हैं यह बताने के लिए कि मैं आप सभी का कितना आभारी हूं. जो दया, प्यार और समर्थन आपने मुझे दिया, वो वाकई में बेमिसाल है.

बॉलीवुड न्यूज

## 72 करोड़ की संपत्ति संजू के नाम कर गई थी उनकी फैन



कलाकारों और उनके प्रशंसकों का एक अनोखा रिश्ता होता है. कुछ प्रशंसक अपने पसंदीदा कलाकारों के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं. अब तक प्रशंसकों द्वारा अपने पसंदीदा कलाकारों के लिए किए गए कई अजीबोगरीब, अच्छे और अनोखे काम चर्चा में रहे हैं.

ऐसे किस्से बहुत कम सुनने को मिलते हैं जब कोई इंसान किसी गैर को अपनी पूरी संपत्ति सौंप दे. मगर बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ कुछ ऐसा ही हुआ था, जिसने सबको हैरान कर दिया. हाल ही में संजय दत्त ने अपनी जिंदगी का एक ऐसा किस्सा शेयर किया, जिसने सभी का ध्यान खींचा. बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त की जिंदगी में एक ऐसा पल भी आया, जिसने उन्हें हैरानी में डाल दिया. बात 2018 की है, जब उन्हें पुलिस की ओर से एक फोन आया. फोन पर उन्हें बताया गया कि उनकी एक महिला प्रशंसक ने अपनी 72 करोड़ रुपये की संपत्ति उनके नाम कर दी है. यह खबर सुनकर संजय दत्त स्तब्ध रह गए. एक इंटरव्यू के दौरान जब अभिनेता संजय दत्त से पूछा गया कि क्या यह सच है कि एक महिला प्रशंसक ने अपनी 72 करोड़ रुपये की संपत्ति उनके नाम कर दी थी, तो उन्होंने बेझिझक इस बात की पुष्टि करते हुए हां कहा. इसके बाद जब उनसे यह पूछा गया कि उन्होंने उस धनराशि का क्या किया, तो संजय दत्त ने जवाब दिया, मैंने उस महिला के परिवार को वापस कर दिया.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी. आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे. शुभांक-3-5-7

**वृष :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे. शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. शुभांक-2-5-6

**कर्क :** समय पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. आलस्य का त्याग करे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. शुभांक-1-4-8

**सिंह :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृद्धि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. शुभांक-2-6-8

**कन्या :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. शुभांक-3-5-8

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान मिलेगा. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. शुभांक-1-3-5

**धनु :** कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें. संतान की उन्नति के योग हैं. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-5-7-9

**मकर :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. शुभांक-1-6-8

**कुंभ :** सुख-आनंददायी समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. मनोविनोद बढ़ेंगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-1-3-8

**मीन :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-5-7-9

## ब्रीफ न्यूज

### संदिग्ध हालात में युवक का शव बरामद

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद कोवाली मैदान में मंगलवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब एक युवक का शव संदिग्ध हालत में बरामद हुआ.मृतक की पहचान छोटू कुरैशी के रूप में हुई है. युवक के शरीर पर कई जगह जख्म के निशान पाए गए हैं. जिससे घटना को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है. उधर घटना की सूचना मिलते ही बबरगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया.शव मिलने की खबर से मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई.

### तालाब में नहाने गईं 3 लड़कियों की डूब कर मौत

**अररिया ।** जिले में तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई है. जिले के कुर्साकांटा प्रखंड के सोनामनी गोदाम थाना क्षेत्र स्थित डूमरिया पंचायत के आशा भाग बटराहा वार्ड संख्या-15 में सोमवार की देर शाम तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई. घटना के समय जोरदार बारिश हो रही थी. मृतकों में बटराहा निवासी असगर अंसारी की आठ वर्षीया बेटी तस्कीन खातून, इम्तियाज अंसारी की सात वर्षीया बेटी आसिया खातून व सज्जाद अंसारी की सात वर्षीया बेटी शमा खातून शामिल है.

### पटवन के दौरान करंट से किसान की मौत

**नवादा।** पचम्बा गांव में मंगलवार को खेत में पटवन के दौरान करंट लगने से 45 वर्षीय किसान देवचंद प्रसाद की मौत हो गई. जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. ग्रामीणों ने बताया कि देवचंद प्रसाद प्रतिदिन की तरह खेत में धान की रोपाई के लिए पटवन कर रहे थे. इसी दौरान अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए. ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें रजौली अनुमंडल अस्पताल लाया, जहां डॉ. दिलीप कुमार ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. ग्रामीणों का कहना है कि हादसा कैसे हुआ, यह स्पष्ट नहीं हो पाया. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल और मृतक के घर पहुंच गए.

## नीतीश कैबिनेट की बैठक में 41 एजेंडों पर लगी मुहर

# पत्रकार पेंशन योजना में बदलाव की स्वीकृति

**संवाददाता ।पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में राजगीर खेल अकादमी के लिए 1100 (ग्यारह सौ ) करोड़ रुपये की मंजूरी और पत्रकार पेंशन योजना में बदलाव को स्वीकृति सहित कुल 41 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है.

नीतीश कुमार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में सबसे बड़ी घोषणा पत्रकारों की पेंशन योजना को लेकर रही. मुख्यमंत्री द्वारा कुछ दिनों पहले ही पात्र पत्रकारो की पेंशन को 6000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये करने की घोषणा की गई थी, जिसे अब कैबिनेट ने औपचारिक मंजूरी दे दी है. सरकार की के इस फैसले से राज्य के वरिष्ठ पत्रकारों को बड़ी राहत मिलने वाली है. इसके साथ ही राजगीर में खेल अकादमी की स्थापना के लिए 1100 (ग्यारह सौ ) करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई है, जिससे राज्य के



खेल क्षेत्र को नया आयाम मिलेगा.कैबिनेट की बैठक में पर्यटन विभाग की ओर से सीतामढ़ी जिला में पुनौरा धाम मंदिर के पास पर्यटकीय विकास एवं आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए 50.50 एकड़ भूमि अधिग्रहित करने के लिए 120 करोड़ 58 लाख 67,175 रुपये की राशि को संशोधित करते हुए, 50 एकड़ भूमि अधिग्रहित के नामित राशि 165 करोड़ 57 लाख 16 हजार 104 रुपये किया गया. पटना से एम्स एनएच-98 से दीघा रेल सह सड़क पुल से अशोक राजपथ के अतिरिक्त कनेक्टिविटी के लिए 1,368 करोड़ 46 लाख की राशि स्वीकृत की गई है.बिहार राज्य युवा आयोग में 6 नए पदों को भी स्वीकृति दी गई है, जो युवाओं की आवाज़ को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है.राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुंगेर के प्रसिद्ध सीताकुंड मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिया गया है. इसके अलावा छह डॉक्टरों को उनके कार्य से मुक्त कर दिया गया है, जो स्वास्थ्य विभाग में बदलाव की ओर इशारा करता है.बैठक में कन्या उद्योग योजना से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम है. बच्चों और माताओं के पोषण को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना को भी हरी झंडी मिली है, जिसके लिए 115 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं.बिहार में गन्ना उद्योग ईंख सेवा और भर्ती नियमावली-2025 को स्वीकृति प्रदान की गई है. कृषि विभाग में प्रशासनिक सहयोग के लिए प्रखंड कृषि अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है.ग्रामीण कार्य विभाग प्रयोगशाला संवर्ग में भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली-2025 को मंजूरी दी गई है. छपरा जिले में फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 696 करोड़ 26 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है. सरकार ने प्राथमिक स्कूलों को बनाए जाने को लेकर 270 करोड रुपये की मंजूरी दी है. वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में इक्विपमेंट खरीदे जाएंगे, इससे लिए 115 करोड़ 90 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है. बिहार राज्य निर्वाचन आयोग नियुक्ति प्रस्ताव को संशोधन के साथ मंजूरी मिली है. बिहार विधानमंडल के सदस्यों और न्यायिक सेवा के पदाधिकारी, राज्य सेवा के पदाधिकारी और आश्रितों को आयुष चिकित्सा पद्धति से कराई गई चिकित्सा के पैसे मिलेंगे.इन सबके अलावा दरभंगा जिला अन्तर्गत हनुमाननगर प्रखंड के मौजा गोढ़ौला, थाना संख्या-179, खाता संख्या-1203 विभिन्न खेसराओं की कुल प्रस्तावित रकबा-05 एकड़ भूमि केन्द्रीय विद्यालय-02, दरभंगा के भवन निर्माण के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, केंद्र सरकार को एक रूपये के टोकन मूल्य पर 30 वर्षों के लिए लीज नवीकरण विकल्प के साथ निःशुल्क बंदोबस्त किये जाने की स्वीकृति दी गयी है.

## इंटरकास्ट मैरिज से खफा बाप बना हैवान

# बेटे को मरवाई गोली, बहू को पीटा

**संवाददाता ।मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर के मनियारी थाना क्षेत्र के पकाही गांव में मंगलवार को अनिल कुमार के साथ मारपीट कर गोली मार दी गई. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी को उठाकार एसकेएमसीएच में भर्ती कराया. जहां उसका इलाज चल रहे है. बताया गया एक गोली जख्मी के बाएं कंधे पर लगी है.

मारपीट और गोली मारने का आरोप जख्मी अनिल कुमार ने अपने भाई अरविंद राय और पिता शिवजी राय पर लगाया है. पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़कर थाने पर लाया गया है. पुलिस की पूछताछ में जख्मी ने बताया है कि वर्ष 2014 ने इंटरकास्ट शादी किया था. जिसके कारण पिता और भाई समेत परिवार वाले हमेशा विरोध कर रहे थे. इस वजह से वह अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर बाहर रह रहा था. बीते 22 जुलाई को वह पत्नी और बच्चों के साथ घर गया था. इस दौरान मेरा गाड़ी छीन लिया था. पुलिस के द्वारा गाड़ी दिलवाया गया था. घटना से पूर्व मेरा भाई और पिता अपने पांच अन्य साथियों के साथ अचानक पहुंच कर उसके साथ मारपीट कर गोली मार दिया है. बीचबचाव करने आई पत्नी और बच्चों के साथ भी मारपीट किया है.

घायल युवक का एसकेएमसीएच में इलाज चल रहा है.इस मामले में मनियारी थानेदार देवब्रत कुमार ने बताया कि जख्मी को उठाकार एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है. फिलहाल आरोपित भाई और पिता को हिरासत में लिया गया है. दोनो को थाने पर रखकर पूछताछ की जा रही है. पीड़ित के बयान पर आगे की कारवाई की जाएगी. इस मामले में अनिल कुमार की पत्नी से पुलिस जानकारी ले रही है. थानाध्यक्ष ने कहा है कि पीड़ित का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. बिहार में इंटरकास्ट मैरीज को अभी भी सामाजिक मान्यता नहीं मिल पाती. अक्सर परिवार में ही विद्रोह हो जाता है. हालांकि सरकार इसे प्रमोट करने के लिए प्रोत्साहन राशि देती है.

## पटना सहित कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी

# बिहार में मानसून हुआ सक्रिय

**संवाददाता ।पटना**

बिहार में मानसून पूरी तरह एक्टिव हो गया है, जिसकी वजह से राजधानी पटना सहित कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है. सोमवार देर रात हुई बारिश ने पटना को पानी-पानी कर दिया, जिससे कई इलाके, जैसे राजेंद्र नगर और कंकड़बाग, तालाब और झील में तब्दील हो गए.सड़कों पर जलभराव से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, पटना और पूसा के ग्रामीण मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले 1-2 दिनों तक पटना में रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है. दक्षिण बिहार में मानसून की मजबूत स्थिति के कारण भारी बारिश हो रही है, जबकि उत्तर बिहार में यह कमजोर पड़ रहा है.आईएमडी ने 29 जुलाई यानि आज बिहार के कई जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी



की है. जमुई, बांका, भागलपुर, और अररिया में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.इसके अलावा नवादा और मुंगेर जैसे जिलों में भी एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना के साथ येलो अलर्ट जारी है.दक्षिण बिहार के जिलों में 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और वज्रपात की आशंका को देखते हुए भी येलो अलर्ट लागू है. अगले 3-5 दिनों तक बिहार के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है.पटना में सोमवार को 106 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसने शहर के निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया. पटना जंक्शन पर रेलवे ट्रैक पर पानी जमा होने और नवादा के सदर अस्पताल में वार्डों में पानी घुसने से मरीजों और यात्रियों को भारी दिक्कत हुई.स्थानीय प्रशासन ने जल निकासी के लिए पंप लगाए हैं, लेकिन कंकड़बाग और राजेंद्र नगर जैसे क्षेत्रों में जलभराव की समस्या बरकरार है. देर रात शहरी विकास मंत्री जीवेश मिश्रा ने जलभराव वाले इलाके में स्वयं दौरा कर अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया.भागलपुर में सोमवार को 62 मिमी बारिश दर्ज की गई.

## न्यूज अपडेट

### भाई वीरेन्द्र पर कार्रवाई करे राजद : तेजप्रताप



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेजप्रताप यादव ने राजद विधायक भाई वीरेंद्र की ओर से अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी/एसटी) समाज के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और धमकी को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है.तेजप्रताप यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर मंगलवार सुबह एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा क्या राजद अपने विधायक भाई वीरेंद्र पर भी कार्रवाई करेगी, जिन्होंने बाबा साहेब आंबेडकर के आदर्शों के उलट एससी-एसटी समाज के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणी की, जान से मारने की धमकी दी ?तेज प्रताप यादव ने कहा कि मुझे तो जयचंदों की साज़िश के तहत पार्टी से बाहर कर दिया गया... अब देखना है कि बवाल करने वालों पर भी पार्टी उतनी ही सख्ती दिखाएगी या नहीं ? संविधान का सम्मान भाषणों में नहीं, आचरण में दिखना चाहिए.तेजप्रताप यादव का यह बयान उस समय आया है जब पार्टी में संगठनात्मक अनुशासन और जातीय समरसता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं. उन्होंने इस पूरे विवाद को केवल भाई वीरेंद्र तक सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी इशारा किया कि पार्टी में कुछ ₹जयचंदों₹ की साज़िश के चलते उन्हें ही बाहर कर दिया गया, जबकि अन्य विवादास्पद नेताओं के खिलाफ चुप्पी साधी गई.

### दोस्त ने बुलाकर किया अपहरण, फिरौती की मांग

**नवादा।** जिले के नगर थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली अपहरण की घटना सामने आई है. जिसने दोस्ती के रिश्ते को शर्मसार कर दिया है.मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी मो शोएब अंसारी ने मंगलवार को नगर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके दामाद मो चांद अंसारी का अपहरण उनके ही एक भरोसेमंद दोस्त दीपक कुमार ने कर लिया.आरोपी दीपक कुमार मूल रूप से मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ओरैना गांव का रहने वाला है और प्रसाद बिगहा में खैनी की दुकान चलाता है.दीपक ने चांद को झांसे में लेकर समस्तीपुर बुलाया, जहां उसका अपहरण कर लिया गया.इसके बाद चांद के परिजनों से 2 लाख 70 हजार रुपये की फिरौती की मांग की गई. धमकी भी दी गई कि रकम नहीं मिलने पर चांद की रिहाई नहीं होगी.घटना से घबराए परिजनों ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल छानबीन शुरू कर दी है. पुलिस तकनीकी साक्ष्य और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है.यह मामला न सिर्फ नवादा बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए चेतावनी है कि लालच और अपराध का अंधकार अब रिश्तों की पवित्रता को भी निगल रहा है. फिलहाल पुलिस चांद अंसारी की सकुशल बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जुटी हुई है.

### नीतीश कुमार पर चिराग पासवान के सुर बदल गए



**पटना ।** केंद्रीय फूड प्रोसेसिंग मंत्री सह लोजपा रामविलास के सुप्रीमो चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा. गठबंधन ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा है. चुनाव जीतने के बाद नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे. इससे पहले चिराग पासवान ने बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा था कि दुख है कि ऐसी सरकार को समर्थन दे रहा. चिराग के बयान पर जमकर राजनीति हुई. जीतनराम मांझी ने तो भीड़ गए. जदयू की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया आई थी.पत्रकारों से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि मेरे शब्दों में बगावत नहीं बल्कि बिहार के लिए चिंता है. कुछ लोग इस पर राजनीति कर एनडीए को कमजोर करना चाहते हैं तो उन्हें सफलता नहीं मिलेगी. एनडीए के सभी दल चट्टानी एकता के साथ एकजुट हैं. उन्होंने कहा कि अगर सरकार में कुछ चिंताजनक बात है तो हम लोग चर्चा करें इस सोच के साथ काम करते हैं. बतौर सहयोगी यह मेरी जिम्मेदारी है. जो लोग साजिश करते हैं कि एनडीए को कमजोर कर अपनी राजनैतिक रोटी सेक लेंगे तो वे भ्रम में ना रहें. मैं 2020 में अकेले चुनाव लड़ा था लेकिन विपक्ष अब जीत नहीं सकता.

## कारोबार

### डायसन ने नया कैंपेन ‘द डिफरेंस इज़ डायसन’ किया लॉन्च

**नयी दिल्ली।** ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी डायसन ने अपना नया कैंपेन ‘द डिफरेंस इज़ डायसन’ लॉन्च कर दिया है, जिसमें ब्रांड की ब्यूटी एम्बेसडर दीपिका पादुकोन नज़र आ रही हैं. यह कैंपेन विभिन्न हेयर टाइप्स वाले उपभोक्ताओं को बिना हीट डैमेज के बालों की स्टाइलिंग के लिए प्रेरित करता है. इस फिल्म के माध्यम से दीपिका पादुकोन ने डायसन की एडवांस्ड हेयर स्टाइलिंग टेक्नोलॉजी को जीवंत किया है. डायसन के अनुसार, उनकी ब्यूटी रेंज बालों को नुकसान पहुंचाए बिना बेहतरीन लुक देने में सक्षम है.

### नई निसान मैग्नाइट को को मिली 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग

**नयी दिल्ली।** मेड इन इंडिया नई निसान मैग्नाइट को ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) की तरफ से वयस्क पैसेंजर सेफ्टी में 5-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है. बच्चों की सुरक्षा के लिए इसे 3-स्टार रेटिंग दी गई है. यह रेटिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित कड़े क्रैश टेस्ट के बाद दी गई है, जिसमें फ्रंटल और साइड इंपैक्ट प्रोटेक्शन, ईएससी टेस्टिंग, पैदल यात्री सुरक्षा और साइड पोल इंपैक्ट शामिल थे. निसान मैग्नाइट को चेन्नई स्थित प्लांट में तैयार किया जाता है और यह 65 से अधिक देशों में निर्यात की जाती है.

### आरबीआई 1 अगस्त को करेगी सरकारी बॉन्ड की नीलामी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक 1 अगस्त को 32,000 करोड़ रुपये मूल्य की दो सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी आयोजित करेगा. यह कदम सरकार के दीर्घकालिक बाजार उधारी प्रबंधन के तहत उठाया गया है. इस नीलामी में दो बॉन्ड्स का पुनर्निर्गम किया जाएगा—पहली जीएस 2024, जो 6.68 प्रतिशत प्रतिफल पर है और दूसरी जीएस 2065, जो 6.90 प्रतिशत प्रतिफल देती है. दोनों बॉन्ड्स के लिए अधिसूचित राशि 16,000-16,000 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है.

## एम्बर ग्रुप ने इजरायली कंपनी यूनिट्रोनिक्स में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

# 403 करोड़ रुपये में हुई डील

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बनाने वाली घरेलू कंपनी एम्बर ग्रुप ने इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए इजरायल की प्रतिष्ठित कंपनी यूनिट्रोनिक्स में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने का समझौता किया है. यह सौदा एम्बर ग्रुप की सहयोगी कंपनी इल्जिन इलेक्ट्रॉनिक्स के माध्यम से किया गया है.

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इल्जिन इलेक्ट्रॉनिक्स यूनिट्रोनिक्स के 56,24,591 शेयरों की खरीद करेगी. प्रत्येक शेयर की कीमत 27.75 इजरायली शेकेल तय की गई है. इस सौदे की कुल कीमत लगभग 403 करोड़ रुपये (नकद में) होगी. इस अधिग्रहण के बाद इल्जिन इलेक्ट्रॉनिक्स और यूनिट्रोनिक्स के जॉइंट चेयरमैन मिलकर कंपनी की



45.13% हिस्सेदारी के मालिक होंगे. एम्बर ग्रुप ने साफ किया है कि इस सौदे को पूरा करने के लिए किसी सरकारी या नियामक मंजूरी की आवश्यकता नहीं है.
एम्बर ग्रुप का मानना है कि यह डील दोनों कंपनियों के लिए फायदेमंद साबित होगी. इल्जिन इलेक्ट्रॉनिक्स की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में गहरी विशेषज्ञता है, जो यूनिट्रोनिक्स को अपनी तकनीकी दक्षता बढ़ाने, नए प्रोडक्ट्स विकसित करने और भारत में अपने पांव जमाने में मदद करेगी. दूसरी ओर, एम्बर ग्रुप इंडस्ट्रियल सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है. यूनिट्रोनिक्स के अधिग्रहण से उसे अमेरिका, यूरोप जैसे बाजारों में इंडस्ट्री 4.0 की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी. इंडस्ट्री 4.0 का मतलब है उद्योगों में ऑटोमेशन, रियल-टाइम डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का उपयोग बढ़ाना. एम्बर ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन और सीईओ जसबीर सिंह ने कहा, यह सौदा एम्बर के इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन को मजबूती देगा और इंडस्ट्री 4.0 व डेटा-आधारित टेक्नोलॉजी सेक्टर में हमारी मौजूदगी को और मजबूत करेगा. यूनिट्रोनिक्स के पास इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी की व्यापक रेंज है. जिसमें पीएलसी, एचएमआई और वीएफडी जैसे विभिन्न इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन प्रोडक्ट्स बनाती है.

इन सभी को एक ही सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म से कंट्रोल किया जा सकता है. इनका उपयोग विभिन्न उद्योगों में मशीनों और प्रक्रियाओं को ऑटोमेट करने के लिए किया जाता है. फिलहाल एम्बर ग्रुप कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑडियो डिवाइसेज, टेलीकॉम उपकरण, ऑटोमोटिव सॉल्यूशन, एनर्जी मीटर और डिफेंस सॉल्यूशन जैसे क्षेत्रों में काम कर रहा है. यह डील उसे इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर देगी. यूनिट्रोनिक्स के जॉइंट चेयरमैन हाइम शानी ने इस साझेदारी को ₹रणनीतिक मोड़₹ करार दिया.

उन्होंने कहा, एम्बर ग्रुप के साथ मिलकर हम अपने संयुक्त दृष्टिकोण से जबरदस्त तालमेल विकसित करेंगे और व्यापार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे. संयुक्त बयान के अनुसार, हाइम शानी यूनिट्रोनिक्स के बोर्ड में बने रहेंगे और एम्बर की लीडरशिप टीम के साथ मिलकर रणनीतिक दिशा तय करेंगे. यह डील दोनों कंपनियों के लिए विकास, नवाचार और वैश्विक विस्तार का द्वार खोल सकती है.

**घोषणा**

## कोटक म्युचुअल फंड ने लॉन्च किया 'कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड'

# अर्निंग्स ग्रोथ पर रहेगा खास फोकस

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्युचुअल फंड) ने मंगलवार को एक नई इक्विटी स्कीम 'कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड' लॉन्च करने की घोषणा की है. यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ‘मोमेंटम इन्वेस्टमेंट’ थीम पर आधारित है. यह फंड विशेष रूप से उन कंपनियों में निवेश करेगा, जिनकी आय में लगातार सुधार हो रहा है और विश्लेषकों की रेटिंग में उछाल देखा गया हो. यह नई स्कीम 29 जुलाई 2025 से लेकर 12 अगस्त तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेगी. कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड का मकसद है उन स्टॉक्स को पहचानना जिनकी प्रति शेयर आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो रही है. यह बढ़त या तो विश्लेषकों द्वारा रेटिंग अपग्रेड से आती है या कंपनी के अप्रत्याशित रूप से अच्छे तिमाही नतीजों से.

कोटक म्युचुअल फंड ने इस फंड के लिए एक इन-हाउस विकसित मॉडल तैयार किया है, जो सिर्फ स्टॉक की कीमतों पर आधारित न होकर अर्निंग्स, बिक्री में सुधार और विश्लेषकों की राय जैसे ठोस फंडामेंटल्स पर केंद्रित है. इस मॉडल की मदद से बाजार पूंजीकरण के आधार पर टॉप 250 कंपनियों की सूची से 40 से 50 उच्च गुणवत्ता वाले शेयरों का डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो तैयार किया जाएगा, जिसे समय-समय पर अपडेट और पुनः संतुलित किया जाएगा.
कोटक म्युचुअल फंड के मैनेजिंग डायरेक्टर नीलेश शाह ने कहा, बाजार हमेशा अर्निंग्स के प्रभाव में रहते हैं. हमारा मानना है कि अच्छे अर्निंग्स वाले शेयर लंबे समय में कीमतों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं. इसी सोच के आधार पर हमने यह मॉडल विकसित किया है जो ट्रेडिशनल मोमेंटम से आगे जाकर डेटा और फंडामेंटल्स को जोड़ता है. फंड के मैनेजर रोहित टंडन ने बताया कि यह स्कीम एक विशिष्ट रणनीति पर आधारित है जो डेटा साइंस और अनुशासित निवेश प्रक्रिया को मिलाकर बनाई गई है. उन्होंने कहा, जब अर्निंग्स बेहतर होते हैं और एनालिस्ट्स द्वारा स्टॉक्स को अपग्रेड किया जाता है, तो कीमतें आमतौर पर उसी दिशा में चलती हैं. हमारा मॉडल इसी मोमेंटम को पहचानता है और उसका लाभ उठाता है. कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो मिड टू लॉन्ग टर्म के लिए अर्निंग्स-आधारित रणनीति के साथ पोर्टफोलियो बनाना चाहते हैं.

### फिजिक्सवाला ने लॉन्च किया पीडब्ल्यूएनएसएटी 2025

**नयी दिल्ली।** अग्रणी एजुकेशन टेक्नोलॉजी कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने पीडब्ल्यूएनएसइटी 2025 के चौथे संस्करण की घोषणा की है. यह स्कॉलरशिप टेस्ट खासतौर पर नीट यूजी और आईआईटी-जेईई के अभ्यर्थियों के लिए एक बड़ा अवसर है, जिससे वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन बिना किसी आर्थिक बाधा के प्राप्त कर सकें. इस पहल की घोषणा रांची में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान की गई, जिसमें पीडब्ल्यू झारखंड के रीजनल हेड, पीडब्ल्यू विद्यापीठ रांची के सेंटर हेड और बिज़नेस हेड मौजूद थे. कार्यक्रम में शहर के कई प्रमुख स्कूलों के प्राचार्य भी शामिल हुए और उन्होंने इस कदम की सराहना की. पीडब्ल्यूएनएसइटी 2025 की परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी, ताकि देश के हर कोने के छात्र इसमें भाग ले सकें. इसमें ऑनलाइन मोड 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा.

## न्यूज अपडेट

### वरुण बेवरेजेज के शुद्ध लाभ में 5% की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली।** पेप्सी, माउंटेन ड्यू, मिरिंडा और सेवन अप जैसे मशहूर कोल्ड ड्रिंक ब्रांड्स की बॉटलिंग करने वाली कंपनी वरुण बेवरेजेज ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली के नतीजे जारी कर दिए हैं. कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5% बढ़कर 1,325.49 करोड़ रुपये हो गया है. पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी को 1,261.83 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था. तिमाही-दर-तिमाही आधार पर देखें तो कंपनी के मुनाफे में 81.2% की जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली है. मार्च 2025 तिमाही में कंपनी का पैट 731.36 करोड़ रुपये था. हालांकि, राजस्व के मोर्चे पर कंपनी को हल्की गिरावट का सामना करना पड़ा है. अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 2.3% घटकर 7,333.67 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 7,513 करोड़ रुपये था. कंपनी के निदेशक मंडल ने पहली तिमाही के नतीजों के साथ अंतरिम लाभांश देने का भी फैसला किया है.

### भारत-ब्रिटेन डील से कपड़ा उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

**नयी दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच हाल ही में हुई फ्री ट्रेड डील से भारतीय कपड़ा, चमड़ा और जूता उद्योग को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि इस समझौते से इन क्षेत्रों का निर्यात अगले तीन सालों में लगभग दोगुना होकर 1 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो वर्ष 2024 में 494 मिलियन डॉलर था. समझौते के तहत कस्टम की प्रक्रिया आसान होगी, तकनीकी मानकों का सामंजस्य बढ़ेगा और भारतीय भौगोलिक संकेतक उत्पादों को सुरक्षा मिलेगी, जैसे कि कोल्हापुरी चप्पल और मोजरी. इससे न केवल इन उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिलेगी, बल्कि उनके निर्यात में भी तेजी आएगी. सोमवार को वाणिज्य मंत्रालय ने कपड़ा और चमड़ा निर्यातकों के साथ बैठक की, जिसमें उन्हें इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने को कहा गया.

### ट्रेंट बने निफ्टी 50 के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले शेयर

**नयी दिल्ली।** साल 2025 में टाटा ग्रुप के दो प्रमुख शेयर—टीसीएस और ट्रेंट—निफ्टी50 इंडेक्स में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले स्टॉक्स के रूप में सामने आए हैं. देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के शेयरों में इस साल अब तक करीब 25% की गिरावट आई है, जबकि टाटा की रिटेल शाखा ट्रेंट, जो वेस्टसाइड और जूडियो जैसे ब्रांड संचालित करती है, लगभग 30% टूटी है. टीसीएस को एक समय निवेशकों का भरोसेमंद शेयर माना जाता था, जो पांच वर्षों में पूंजी को दोगुना कर देता था. लेकिन मौजूदा हालात 2008 की वैश्विक मंदी के बाद सबसे बुरे माने जा रहे हैं. उस समय इसके शेयर 55% तक गिरे थे. गिरावट की मुख्य वजह कंपनी विशेष नहीं, बल्कि पूरे आईटी सेक्टर की सुस्ती है.

### टीसीएस की लागत कटौती रणनीति पर चेतावनी

**मुंबई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा लागत में कटौती के तहत अपने कार्यबल के लगभग 2 प्रतिशत कर्मचारियों—करीब 12,000 लोगों—को नौकरी से निकालने के फैसले पर वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने चिंता जताई है. जेफरीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम कंपनी द्वारा लगातार विकास संबंधी चुनौतियों के बीच अपने मुनाफे (मार्जिन) को बनाए रखने की दिशा में बढ़ते फोकस को दर्शाता है, जो दीर्घकालिक दृष्टिकोण से नुकसानदायक साबित हो सकता है. रिपोर्ट में कहा गया है कि यह टीसीएस की हाल की तीसरी बड़ी लागत कटौती कार्रवाई है. इससे पहले अप्रैल 2025 में कंपनी ने वार्षिक वेतन वृद्धि को टाल दिया था, जबकि जून 2025 में नई बेंचिंग नीति लागू की गई थी, जो अब एक कर्मचारी की गैर-बिल योग्य अवधि को साल में 35 दिनों तक सीमित करती है. जेफरीज ने यह भी उल्लेख किया कि टीसीएस पारंपरिक रूप से आईटी क्षेत्र में सबसे अधिक वेतन देने वाली कंपनियों में नहीं रही है, लेकिन इसकी दीर्घकालिक करियर विकास और नौकरी की स्थिरता की नीति के चलते कंपनी ने कम एट्रिशन दर बनाए रखी है.

### इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से, शार्दुल-अंशुल होंगे बाहर? बुमराह-सिराज पर थकान हावी

# आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप की दावेदारी है मजबूत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट को शानदार ढंग से ड्रॉ कराने के बावजूद भारतीय टीम को पांचवें टेस्ट में आदर्श प्लेइंग-11 की तलाश है. पांच मैचों की सीरीज का अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से द ओवल में खेला जाएगा. भारतीय टीम प्रबंधन गेंदबाजी संयोजन में परिवर्तन कर सकता है. बल्लेबाजी में आठवें क्रम तक गहराई देने के लिए एक विशुद्ध गेंदबाज को बाहर बिठाने के निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं.मैनचेस्टर टेस्ट के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग का दौरा किया. इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा, 'दुनिया के इस हिस्से का दौरा करना हमेशा से ही रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच का इतिहास कभी नहीं भुलाया जा सकता. हमने हर बार इंग्लैंड दौरे पर मिले समर्थन की कद्र की है. पिछले पांच हफ्ते दोनों देशों के लिए वाकई रोमांचक रहे हैं. मुझे यकीन है कि जिस तरह का क्रिकेट खेला गया, उसने हर क्रिकेट प्रेमी को गौरवान्वित किया है. दोनों टीमों ने खूब जोर लगाया और हर मिनट संघर्ष किया. हमारे पास एक हफ्ता और है. एक आखिरी कोशिश करनी है. अपने देश को गौरवान्वित करने का एक आखिरी मौका देना है.



**शार्दुल का फॉर्म चिंता का विषय :** चोटिल ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की जगह शामिल किए शार्दुल ठाकुर से सिर्फ 11 ओवर फिंकवाने की भी आलोचनाएं हो रही हैं. शार्दुल इस सीरीज में गेंदबाजी से दमखम दिखाने में भी नाकाम रहे हैं. उनकी गेंदबाजी को विपक्षी बल्लेबाज आसानी से खेल रहे हैं. वर्ष 2014 के बाद पहली बार 600 से ज्यादा रन के बाद बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव का अंतिम एकादश में लिए जाने का दावा और मजबूत हुआ है. चाइनामैन कुलदीप को विकेट लेने वाला गेंदबाज माना जाता है, लेकिन इस सीरीज में पिछले 40 दिन से वह एक नेट गेंदबाज ही बनकर रह गए हैं.

**अंशुल छाप छोड़ने में रहे नाकाम :** अपने डेब्यू टेस्ट में निष्प्रभावी रहे युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को पांचवें टेस्ट में आराम दिया जा सकता है और उनकी जगह फिटनेस हासिल कर चुके आकाशदीप या प्रसिद्ध कृष्णा को लिया जा सकता है. कुलदीप की तरह इस दौरे में सिर्फ यात्री बनकर रह गए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की हाथ की चोट भी अब ठीक हो गई है. उनका भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का सपना भी पूरा हो सकता है. हालांकि भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि उनके सभी गेंदबाज फिट हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर थकान हावी है.

#### कुलदीप का दावा मजबूत

शार्दुल को आराम देकर चार विशुद्ध गेंदबाज लिए जा सकते हैं. अब यह चौथा गेंदबाज कुलदीप हो सकते हैं क्योंकि ओवल में पिच स्पिन को मदद कर सकती है या फिर एक तेज गेंदबाज लिया जा सकता है. भारतीय टीम प्रबंधन पहले खुद स्वीकार कर चुका है कि वह कुलदीप को एकादश में लेना चाहते हैं, लेकिन आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के कारण ऐसा नहीं कर पा रहे हैं. गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने कहा था कि हम कुलदीप के लिए राह तलाश रहे हैं, लेकिन इसके लिए हमारे शीर्ष छह बल्लेबाजों को निरंतर अच्छा करना होगा.

#### अर्शदीप को मिल सकता है डेब्यू का मौका

कुलदीप एक विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं और इस समय अच्छी गेंदबाजी भी कर रहे हैं. पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी कह चुके हैं कि वह समझ नहीं पा रहे हैं कि कुछ अतिरिक्त रनों के लिए आठवें नंबर तक बल्लेबाजी क्यों रखी जा रही है जबकि कुलदीप जैसा गेंदबाज बाहर बैठा, जबकि वह बल्लेबाज से कुछ योगदान भी कर सकता है. अगर शार्दुल, अंशुल, बुमराह और सिराज चारों ही बाहर होते हैं तो कुलदीप, आकाश दीप, अर्शदीप और प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिल सकता है.

#### पंत की अनुपस्थिति में शीर्ष-6 में खेल सकते हैं जडेजा

मैनचेस्टर में यादगार ड्रॉ के शिल्पकार रहे ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर को विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की चोट के कारण बल्लेबाजी में शीर्ष-6 में लाया जा सकता है. यदि ओवल में इसी क्रम को अपनाया जाता है तो विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को बल्लेबाजी में सातवें नंबर पर लाया जा सकता है. एक चीज और देखने लायक हो सकती है, वह है विकेटकीपर का हल निकालना. अगर राहुल विकेटकीपिंग के लिए तैयार होते हैं तो करुण नायर को भी खिलाया जा सकता है, लेकिन राहुल चारों टेस्ट से टीम का हिस्सा हैं और वह भी थके हुए होंगे. साथ ही उन्होंने इस प्रारूप में पिछले काफी समय से विकेटकीपिंग नहीं की है. ऐसे में टीम मैनेजमेंट जोखिम नहीं उठाना चाहेगा. साथ ही

**ऐसी हो सकती है प्लेइंग-11:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, आकाश दीप/जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह/मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा/अंशुल कंबोज.

### कनाडियन ओपन : पहले राउंड में जीत के साथ बाउचर्ड का संन्यास टला

# राडुकानू व ओसाका भी दूसरे दौर में

**एजेंसी।लॉस एंजेल्स**

कनाडियन ओपन के पहले राउंड में सोमवार को घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए कनाडा की युजिनी बाउचर्ड ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर अपने संन्यास की योजना को फिलहाल टाल दिया. पूर्व वर्ल्ड नंबर-5 बाउचर्ड ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि यह टूर्नामेंट उनके करियर का आखिरी होगा. लेकिन इस जीत के बाद उन्होंने अपने फैसले में एक शर्त जोड़ दी.मैच के बाद कोर्ट पर दिए इंटरव्यू में बाउचर्ड ने कहा, "अगर मैं यह टूर्नामेंट जीतती हूं, तो रिटायर नहीं होंगी.यह उनका इस साल का दूसरा सिंगल्स मुकाबला था. उन्होंने पहला सेट दमदार फोरहैंड विनर से जीता, लेकिन दूसरे सेट में लगातार अनफोर्स्ड एरर के चलते अरांगो ने वापसी की. निर्णायक सेट में बाउचर्ड ने 3-1 की बढ़त बनाई और फिर एक शानदार वॉली लगाकर 4-1 की लीड हासिल की. 31 वर्षीय वाइल्डकार्ड बाउचर्ड अब दूसरे दौर में 17वीं सीड स्विट्ज़रलैंड की बेलिंडा बेनसिच से भिड़ेंगी.



**राडुकानू और ओसाका भी अगले दौर में :** दूसरे राउंड में मिली जीत यूजिनी बुकार्ड के करियर की 300वीं मैच जीत थी. बुकार्ड को उम्मीद है कि यह उनकी आखिरी जीत नहीं होगी. डब्ल्यूटीए आंकड़ों के मुताबिक, वह अब तक बेलिंडा बेंचिच के खिलाफ तीन में से एक भी मुकाबला अपने नाम नहीं कर पाई हैं. बुकार्ड ने जीत के बाद कहा, मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने किस तरह प्रतिस्पर्धा की. मैंने पूरे मैच के दौरान फोकस और संघर्ष किया. यह एक शारीरिक और मानसिक लड़ाई थी. मॉन्ट्रियल में सबके सामने खेलना वाकई अद्भुत था.इस बीच, एम्मा रादुकानू और नाओमी ओसाका ने पहले राउंड में सीधे सेटों में जीत दर्ज की.रादुकानू ने नॉर्थ अमेरिकन समर हार्ड-कोर्ट सीजन की मजबूत शुरुआत को जारी रखते हुए रोमानिया की एलेना-गैब्रिएला रुसे को 6-2, 6-4 से हराया.पीआईएफ डब्ल्यूटीए सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 33 तक पहुंच चुकीं एम्मा रादुकानू ने पिछले हफ्ते वॉशिंगटन डीसी में हार्ड कोर्ट पर इस सीजन के अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचीं. मॉन्ट्रियल में उन्होंने समर हार्ड-कोर्ट सीजन की एक और जीत हासिल की, जहां एलेना-गैब्रिएला रुसे को 1 घंटे 37 मिनट के खेल में हराया.दूसरे दौर में रादुकानू का सामना अमेरिका की नंबर 32 वरीयता प्राप्त पेटन स्टर्न्स से होगा, जिन्हें पहले राउंड में बाई मिला था.वहीं, मॉन्ट्रियल के सेंटर कोर्ट पर खेले गए अगले मुकाबले में जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने कनाडा की क्वालीफायर एरियाना आर्सनॉल्ट को 6-4, 6-2 से हराया. यह मैच 1 घंटे 16 मिनट तक चला.दूसरे दौर में ओसाका का सामना नंबर 13 सीड ल्यूडमिला समसोनोवा से होगा. दोनों के बीच अब तक चार मुकाबले हुए, जिनमें से दो ओसाका ने जीते. खास बात यह है कि दोनों हार्ड कोर्ट पर ही आए हैं.

#### पुरुष वर्ग में वॉल्टन और करेनो बुस्टा की जीत

टोरंटो में खेले जा रहे पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन ने फ्रांस के बेंजामिन बॉन्ज़ी को 4-6, 6-0, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जहां अब उनका सामना टॉप सीड जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा .स्पेन के पाब्लो करेनो बुस्टा, जो 2022 में इस टूर्नामेंट के चैंपियन रहे थे, ने भी शानदार वापसी करते हुए लियाम ड्रैक्सल को 2-6, 6-4, 6-4 से हराया .इस बीच टूर्नामेंट से कई दिग्गज खिलाड़ियों ने नाम वापस ले लिया है, जिनमें विश्व नंबर-1 आर्यना सबालेंका, जानिक सिनर, कार्लोस अल्कारेज़, नोवाक जोकोविच और जैक ड्रेपर शामिल हैं .

### पिछले 9 टेस्ट मैचों में टीम इंडिया का हाल बेहाल

# आंकड़ों के लिहाज से आयरलैंड की टीम भी भारत से बेहतर



**एजेंसी ।नई दिल्ली**

टीम इंडिया का टेस्ट रिकॉर्ड पिछले 9 मैचों में बहुत खराब है. टीम इंडिया के टेस्ट स्टैट्स पिछले 9 टेस्ट मैचों में इतने खराब हैं कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और आयरलैंड की टीम भी आंकड़ों के लिहाज से भारत से बेहतर लगेगी. टीम इंडिया ने पिछले 9 टेस्ट मैचों में सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं, जबकि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और आयरलैंड ने 3-3 टेस्ट मैच अपने पिछले 9 मैचों में जीते हुए हैं. इस समय टेस्ट मैच जीतने के मामले में साउथ अफ्रीका की टीम शीर्ष पर है, जो एक भी मैच पिछले 9 मैचों में नहीं हारी है.12 टेस्ट प्लेइंग नेशन्स के अगर लास्ट 9-9 टेस्ट मैचों के रिकॉर्ड की बात करें तो शीर्ष पर साउथ अफ्रीका है, जिसने पिछले 9 टेस्ट जीते हैं. दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने पिछले 9 में से सात मुकाबले जीते हैं, एक गंवाया है और एक ड्रॉ रहा है. तीसरे नंबर पर नाम इंग्लैंड की टीम का है, जिसने 9 में से पांच मैच जीते हैं, तीन गंवाए हैं और एक मैच उनका ड्रॉ रहा है. चौथे नंबर पर इस लिस्ट में श्रीलंका की टीम है, जिसने 9 में से 4 मैच जीते हैं, इतने ही गंवाए हैं और एक मैच ड्रॉ रहा है. न्यूजीलैंड की टीम पांचवें नंबर पर है, जिसने 9 में से चार मैच जीते हैं और पांच मैच गंवाए हैं.पिछले 9 टेस्ट मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों में अफगानिस्तान की टीम छठे नंबर पर है, जिसने पिछले 9 में से तीन मैच जीते हैं, एक मैच ड्रॉ खेला है और पांच मैच हारे हैं. आयरलैंड और पाकिस्तान की टीम का रिकॉर्ड एक जैसा है, जिन्होंने 9-9 मैचों में से 3-3 मैच जीते हैं और 6-6 मुकाबले गंवाए हैं. इसके बाद नंबर आता है भारत का, जिसने पिछले 9 टेस्ट मैचों में से सिर्फ दो मैचों में जीत दर्ज की है, एक दो मुकाबले ड्रॉ खेले हैं और पांच मैच हारे हैं. वेस्टइंडीज ने 9 में 2 मैच जीते हैं, एक मैच ड्रॉ रहा है और 6 मुकाबले गंवाए हैं. बांग्लादेश का भी यही हाल है. वहीं, 12वें नंबर पर विराजमान जिम्बाब्वे ने 9 में से एक मैच में जीत हासिल की है और एक मैच ड्रॉ रहा है, जबकि 7 मुकाबले हारे हैं.

### पांचवें टेस्ट से पहले गंभीर ने भरा खिलाड़ियों में जोश, कहा

# 'हमारे पास एक आखिरी मौका'

**एजेंसी। लंदन**

एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज का चौथा टेस्ट बेहद रोमांचक रहा, जो आखिरकार ड्रॉ पर समाप्त हुआ. 31 जुलाई से दोनों देश पांचवां टेस्ट खेलेंगे, जिससे पहले भारतीय टीम ने मंगलवार को लंदन स्थित 'भारतीय उच्चायोग' का दौरा किया. इस दौरान खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ ने अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की, जिसमें आत्मचिंतन, गर्व और संकल्प की भावना देखने को मिली. सभी ने यूके दौरे पर मिले अटूट समर्थन के लिए आभार जताया.हेड कोच गौतम गंभीर ने इस कार्यक्रम में भारत-इंग्लैंड मुकाबलों के ऐतिहासिक महत्व और सीरीज की इंटेंसिटी पर प्रकाश डाला.गंभीर ने कहा, ₹इंग्लैंड का दौरा हमेशा



रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है. दोनों देशों के बीच का इतिहास कभी नहीं भुलाया जा सकता. हमने हर बार ब्रिटेन दौरे पर मिले समर्थन की सराहना की है. इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से अपने नाम किया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने पलटवार करते हुए दूसरे मुकाबले को 336 रन से जीता. इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट को 22 रन के करीबी अंतर से जीतकर सीरीज में 2-1 से लीड बना ली, जिसके बाद चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा.गौतम गंभीर ने कहा,पिछले पांच हफ्ते दोनों देशों के लिए बेहद रोमांचक रहे. मुझे यकीन है कि जिस तरह का क्रिकेट खेला गया, उसने हर क्रिकेट प्रेमी को गौरवान्वित किया है. दोनों टीमों ने दमदार खेल दिखाया.भारत के पास अंतिम टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म करने का मौका है. आखिरी टेस्ट को लेकर गंभीर ने एकजुट प्रयास की अपील की. उन्होंने कहा, ₹हमारे पास एक हफ्ता और है. एक आखिरी कोशिश करनी है. यह अपने देश को गौरवान्वित करने का एक आखिरी मौका है. जय हिंद.

### महिला क्रिकेट: प्रेंडरगास्ट का जलवा बरकरार, जिंम्बाब्वे पस्त

# आयरलैंड ने वनडे सीरीज़ में भी किया क्लीन स्वीप

**एजेंसी। बेलफास्ट**

ऑर्ला प्रेंडरगास्ट (नाबाद 67 रन) की एक और शानदार पारी की बदौलत आयरलैंड ने सोमवार को खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में ज़िम्बाब्वे को चार विकेट से हराकर दो मैचों की वनडे सीरीज़ 2-0 से अपने नाम कर ली. इससे पहले आयरिश टीम ने टी20 सीरीज़ में भी ज़िम्बाब्वे का 3-0 से सूपड़ा साफ किया था.ज़िम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया, लेकिन एक बार फिर उनकी शीर्ष क्रम की बल्लेबाज़ी लड़खड़ा गई. 17वें ओवर तक स्कोर 54/4 हो गया. ऐसे में कप्तान चिपो मुगेरी (56) और मोडेस्टर मुपाचिक्वा (45) ने पारी को संभालते हुए पांचवें विकेट के लिए



94 रनों की अहम साझेदारी की.हालांकि एक बार इस जोड़ी के टूटने के बाद ज़िम्बाब्वे की पारी फिर से ढह गई. टीम 148/4 से 178 रन पर ढेर हो गई.

आयरलैंड के लिए अलाना डैलजेल ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 10 ओवर में 36 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि लारा मैकब्राइड ने 3 विकेट हासिल किए.लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही. पावरप्ले के अंदर ही सारा फोर्ब्स और एमी हंटर सस्ते में आउट हो गईं.

### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

# पांचवां टी20 और सीरीज 5-0 से जीता

**एजेंसी। बासेटेर**

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवां और आखिरी टी20 मैच मंगलवार को जीतकर सीरीज 5-0 से क्लीन स्वीप कर ली. गेंदबाज बेन ड्वार्शुइस (3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी और बाद में मिडिल ऑर्डर की दमदार बल्लेबाज़ी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 3 ओवर बाकी रहते हुए 3 विकेट से जीत हासिल की.वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 171 रन का लक्ष्य रखा था. जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने 25 रन पर 3 विकेट और 60 पर 4 विकेट गंवा दिए थे. इसके बाद कैमरन ग्रीन (32 रन), टिम डेविड (12 गेंद में 30 रन, 4 छक्के, 1 चौका) और मिशेल ओवेन (37 रन) ने पारी को



संभाला. जब ग्रीन आउट हुए, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 141-6 था और उसे अभी 30 रन की जरूरत थी. हालांकि, आरोन हार्डी ने 28 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी.मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा, सीरीज शुरू होने से पहले 5-0 की उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमने बेहतरीन क्रिकेट खेला.वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने हार की वजह बल्लेबाज़ी को बताया. उन्होंने कहा, "हमने कभी भी पूरी तरह सटीक बल्लेबाज़ी प्रदर्शन नहीं किया — या तो अच्छी शुरुआत मिली और अंत खराब रहा, या फिर इसके उलट हुआ. इतने मजबूत विपक्ष के सामने आप इस तरह जीत नहीं सकते."

### महिला कोपा अमेरिका | पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को हराकर कोलंबिया फाइनल में पहुंचा

# 2028 लॉस एंजेलेस ओलंपिक का टिकट भी पक्का

**एजेंसी। क्विटो**

कोलंबिया की महिला फुटबॉल टीम ने सोमवार को खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है. इसके साथ ही टीम ने 2028 लॉस एंजेलेस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है. निर्धारित समय और एक्स्ट्रा टाइम में मुकाबला 0-0 की बराबरी पर छूटा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया. कोलंबियाई गोलकीपर कैथरीन तापिया ने अर्जेंटीना की पॉलिना ग्रामालिया का शॉट रोक कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई. हालांकि, इसके बाद मायरा



रामिरेज़ का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और अर्जेंटीना को वापसी का मौका मिल गया. कोलंबिया की वेंडी बोनिला ने छठा पेनल्टी किक गोल में बदलकर दबाव अर्जेंटीना पर डाल दिया. अर्जेंटीना की एलिआना स्टैबिल गोल करने में नाकाम रहीं और उनका शॉट बार से टकरा गया, जिससे अर्जेंटीना टूर्नामेंट से बाहर हो गई.मैच के बाद गोलकीपर तापिया ने कहा, "हम फाइनल में हैं और ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है, यही हमारा लक्ष्य था. अब हम फाइनल के लिए तैयार हैं.अर्जेंटीना ने शुरुआत में आक्रामक खेल दिखाया. फ्लोरेनसिया बॉनसेगुंडो और यामिला रोड्रिगेज ने कोलंबियाई डिफेंस पर दबाव बनाया, लेकिन तापिया ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल होने से रोक दिया. पहले हाफ में दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से खेल की लय थोड़ी बाधित हुई. कोलंबिया की ओर से रामिरेज, लेइसी सैंटोस और लिंडा कैईसिडो ने गोल के अवसर बनाए, लेकिन उन्हें भुनाया नहीं जा सका.दूसरे हाफ में कोलंबिया ने दबाव और बढ़ाया और वैलेरिन लोबोआ का एक शॉट लगभग गोल में तब्दील होता दिखा, लेकिन अर्जेंटीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने शानदार बचाव कर मैच को बराबरी पर बनाए रखा. इस मैच में पहली बार टूर्नामेंट में वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) तकनीक का इस्तेमाल किया गया. यह तकनीक केवल नॉकआउट मुकाबलों के लिए उपलब्ध है. इंजरी टाइम में सोफिया ब्राउन और मैनुएला पावी के बीच पेनल्टी क्षेत्र में हुई टक्कर की समीक्षा के बाद रेफरी ने पेनल्टी न देने का फैसला किया.अब कोलंबिया फाइनल में ब्राज़ील और उरुग्वे के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से भिड़ेगी.

# सौरव गांगुली ने साहसिक खेल दिखाने के लिए पंत की सराहना की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड में चल रही टेस्ट सीरीज में शानदार और साहसिक प्रदर्शन के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की प्रशंसा की. हालांकि, 27 वर्षीय पंत के पैर में फ्रैक्चर के कारण वह निर्णायक अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं.पंत इस दौरे पर भारत के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे.

उन्होंने सात पारियों में 479 रन बनाए, जिसमें हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच में दो शतक और लॉर्ड्स टेस्ट में हाथ में चोट लगने के बावजूद 74 रनों की साहसिक पारी शामिल है. उनकी फॉर्म और दृढ़ता भारत के अभियान की एक अहम विशेषता बन



गई, क्योंकि उन्होंने पांच मैचों की सीरीज बराबर करने के लिए संघर्ष किया, जिसमें वर्तमान में इंग्लैंड 2-1 से आगे है.गांगुली ने आईएएनएस से कहा, ₹वह एक बहुत अच्छा टेस्ट खिलाड़ी है. वह चोटिल है और उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया है; उसे ठीक होने में समय लगेगा. उसने सीरीज में शानदार बल्लेबाजी की है.पंत को चौथे टेस्ट की भारत की पहली पारी के दौरान चोट लगी थी, जब इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की एक खतरनाक यॉर्कर उनके पैर में लगी थी. गेंद उनके बल्ले से टकराकर उनके बूट में जा लगी, जिससे फ्रैक्चर हो गया और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा.

## ब्रीफ न्यूज

### डीसी ने आकांक्षा हाट की तैयारियों का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के पूर्णिमा टॉकिज परिसर में 31 जुलाई से 2 अगस्त तक भव्य "आकांक्षा हाट" का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त श्री ऋतुराज ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने नोडल पदाधिकारी को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का आदेश दिया. उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों और स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने हेतु स्टॉल लगाने की योजना बनाएं. "आकांक्षा हाट" का उद्देश्य कोडरमा जिले के स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक खाद्य सामग्री और हस्तनिर्मित वस्तुओं को प्रदर्शित करने का साझा मंच प्रदान करना है.

### स्कूलों के पास तेजी से बढ़ रहा है नशे का कारोबार

**जयनगर (कोडरमा)।** शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की बात के बावजूद, जयनगर प्रखंड में स्कूलों के पास नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है. कई स्कूलों के बगल में चल रही राशन या पान की दुकानों में खुलेआम अंग्रेजी शराब बेची जा रही है, वह भी एमआरपी से अधिक दामों पर. शाम होते ही इन दुकानों पर शराबखोरी के लिए लोग उमड़ते हैं, जिससे छात्राओं सहित बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो गया है. शराब के नशे में धुत लोग गाली-गलौज और अश्लील हरकतें करते देखे जाते हैं, जिससे छात्राएं डरी-सहमी रहती हैं. यह अवैध कारोबार बिना किसी लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन के चल रहा है, जबकि पुलिस और उत्पाद विभाग निस्तब्ध हैं.

### सर्पदंश से युवक की मौत गांव में पसरा मातम

**मरकच्चो (कोडरमा)।** चोपनाडीह पंचायत के बेलाड़ीह गांव में मंगलवार को एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई. मृतक की पहचान 30 वर्षीय विनोद यादव के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार विनोद अपने खेत में धान की रोपाई कर रहा था, तभी करैत जैसे जहरीले सांप ने उसे डंस लिया. सर्पदंश के बाद विनोद की हालत बिगड़ गई, जिसे परिजन तत्काल इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. विनोद की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव में शोक का माहौल तब और गहरा गया जब लोगों को यह याद आया कि महज एक सप्ताह पूर्व ही जंगली हाथी के हमले में एक अन्य युवक की जान चली गई थी.

#### ओवरब्रिज चालू होने से पहले पड़ी दरारें, नालियों में निकासी नहीं, लोगों ने की जांच की मांग

# चौपारण में इंजीनियरिंग की खुली पोल

**शुभम संदेश। चौपारण (हजारीबाग)**



चौपारण से गुजर रहे नेशनल हाइवे पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज, बाईपास रोड और नालियों की हालत देखकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह विकास है या विनाश की बुनियाद? देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, पर ज़मीनी सच्चाई बेहद चौंकाने वाली है. सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ओवरब्रिज अभी चालू भी नहीं हुआ है, और उसमें दरारें पड़ चुकी हैं. कई जगहों पर डामर की परतें उखड़ गई हैं और कंक्रीट में दरारें साफ नजर आ रही हैं. स्थानीय लोगों का कहना है, जब अभी ये हाल है, तो मानसून में भगवान ही मालिक है.

इसी तरह बाईपास रोड भी शुरू होते ही धंसने लगा है. कई स्थानों पर दो हफ्ते के भीतर सड़क बैठ गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है. निर्माण में इतनी बड़ी लापरवाही से जनता में आक्रोश है. नालियों की स्थिति और भी खराब है — बिना पानी निकासी की व्यवस्था किए सीधे चैंबर बना दिए गए हैं. ग्रामीणों ने कहा कि गांव के अनपढ़ मिस्त्री भी इससे बेहतर काम करते हैं. एक स्थानीय मिस्त्री ने बताया, हम लोग जानते हैं कि ढलाई कैसे करनी है, कितना पानी देना है. पर ये पढ़े-लिखे इंजीनियर तो सिर्फ गाड़ी में आते हैं, फोटो खींचते हैं और चले जाते हैं. इन निर्माण कार्यों को लेकर एनएचएआई और जिला प्रशासन पूरी तरह चुप है. ना कोई निरीक्षण हो रहा है, न ही किसी स्तर पर कार्रवाई की बात सामने आई है. इससे सवाल उठ रहा है कि क्या ठेकों में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी ने इंजीनियरिंग के मूल सिद्धांतों को ही निगल लिया है? चौपारण की जनता ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इन निर्माण कार्यों की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए, दोषी इंजीनियरों और ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज हो और आगे के काम में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए. लोगों का कहना है कि यह केवल सड़क का मामला नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा और भविष्य से जुड़ा सवाल है.

#### जनता दरबार में उपायुक्त कीर्तिश्री ने सुनी लोगों की समस्याएं, कहा

# हर शिकायत का समाधान पारदर्शी तरीके से किया जाए

**शुभम संदेश। चतरा**

जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया. यह आयोजन जिले के विभिन्न अंचलों एवं दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण साबित हुआ, जहां बड़ी संख्या में आमजन अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए. जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की श्रेणी काफी व्यापक रही. इसमें भूमि विवाद, सीमांकन, दाखिल-खारिज, राशन कार्ड, आवास योजनाएं, पेंशन से जुड़ी शिकायतें, स्वास्थ्य व शिक्षा संबंधी समस्याएं, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल उपलब्ध नहीं होना तथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित कई मुद्दे शामिल रहे. यह विविधता दर्शाती है कि जनता दरबार आम जनता के बीच लोकप्रिय और प्रभावी संवाद मंच बनता जा रहा है.

उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने प्रत्येक फरियादी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि हर शिकायत का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए. उपायुक्त ने यह भी कहा कि प्रशासन का दायित्व है कि वह जन समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील रहे और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए. जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि अतिक्रमण, आवास आवंटन से वंचित रहना, राशन वितरण में गड़बड़ी, वृद्धा पेंशन का भुगतान नहीं होना, दिव्यांग लाभार्थियों को उपकरण न मिल पाना जैसे मुद्दे प्रमुख रहे. विशेष रूप से वृद्धों, महिलाओं और दिव्यांगजन की उपस्थिति यह साबित करती है कि यह पहल समाज के हर वर्ग के लिए आशा का केंद्र बन रही है.

जनता दरबार में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी सह जन शिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी तुषार राय सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी मौजूद रहे. उन्होंने मौके पर ही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान की दिशा में तत्परता दिखाई. उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच एक जीवंत संवाद का माध्यम है, जिससे शासन व्यवस्था पारदर्शी बनती है और लोगों का भरोसा कायम रहता है. उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को लेकर निर्धारित दिनों—मंगलवार और शुक्रवार—को जनता दरबार में भाग लें और अपने क्षेत्र से संबंधित मुद्दों को प्रशासनिक स्तर पर उठाकर समाधान प्राप्त करें.



### जनता दरबार में डीसी ने दिये त्वरित समाधान के निर्देश

**हजारीबाग।** जिला समाहरणालय परिसर में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे. जनता दरबार में पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड में त्रुटि, आवास योजना, पंजी 2 में छेड़छाड़, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, भूमि विवाद, पारिवारिक समस्याएं, रोजगार, मुआवजा और चिकित्सा सुविधा से संबंधित अनेक मामले प्रमुखता से सामने आए. उपायुक्त सिंह ने सभी फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए.



कई गंभीर मामलों में उन्होंने मौके पर ही दूरभाष से अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई. उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों का निपटारा निर्धारित समयसीमा के भीतर हर हाल में सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान करना है.

### नवलशाही से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सावन महीने की पावन शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल पूरी तरह से हावी है. मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु नवलशाही से बोल बम यात्रा के लिए रवाना हुए. गेरुआ वस्त्र धारण किए कांवरियों ने पहले नवलशाही स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर माथा टेका और फिर बाबा बैद्यनाथधाम, देवघर की ओर रवाना हो गए. श्रद्धालुओं का यह जत्था बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ गूंज उठा. कांवरियों का उत्साह देखते ही बन रहा था. जत्था वाहन से सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ, जहां से वे जल भरकर पैदल यात्रा के माध्यम से देवघर पहुंचेंगे. यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली.

### विभावि में ऑनलाइन शिक्षा को लेकर वीसी ने दिए निर्देश

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में चल रही छह दिवसीय मूक डिजाइन एवं डेवलपमेंट कार्यशाला के चौथे दिन कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने ऑनलाइन शिक्षा को विश्वविद्यालय की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि विभावि को भारत में ऑनलाइन शिक्षा का अग्रणी केंद्र बनाना है. उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा तैयार पीपीटी और वीडियो की समीक्षा करते हुए स्टडी मैटेरियल की गुणवत्ता सुधारने के लिए जरूरी सुझाव दिए. कुलपति ने कहा कि प्रथम चरण में सभी शिक्षकों को कम-से-कम दो सप्ताह की अध्ययन सामग्री तैयार करनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि वीडियो रिकॉर्डिंग करते समय प्रस्तुति और दृश्यात्मक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना जरूरी है.

## विधायक को सौंपा मांग पत्र, पीडीएस डीलरों ने रखीं सात सूत्री मांगें



**शुभम संदेश। विष्णुगढ़ (हजारीबाग)**

विष्णुगढ़ प्रखंड के जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मांडू विधायक निर्मल महतो को एक सात सूत्री मांग पत्र सौंपा. सोमवार को सौंपे गए इस पत्र में डीलरों ने विशेष रूप से बकाया कमीशन भुगतान और तकनीकी समस्याओं के समाधान की मांग की. डीलरों ने बताया कि दिसंबर 2024 से अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत वितरित राशन का कमीशन अब तक नहीं मिला है. इससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है. मांग पत्र में ई-पॉश मशीनों से जुड़ी समस्याएं भी उठाई गई हैं. डीलरों का कहना है कि प्रखंड में नेटवर्क सेवा विशेषकर टू-जी कनेक्टिविटी अक्सर बाधित रहती है, जिससे राशन वितरण में देरी होती है और उपभोक्ताओं को भी असुविधा झेलनी पड़ती है. डीलर संघ के अध्यक्ष टेकोचन्द महतो, सचिव शंभूनाथ पांडेय, छत्रधारी भाई पटेल समेत अन्य डीलरों ने हस्ताक्षरित इस मांग पत्र को विधायक को सौंपा.

## स्कूली बच्चों से ईंट ढुलाई का काम, जांच के आदेश



**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड से एक शर्मनाक और चिंताजनक मामला सामने आया है, जिसमें स्कूली बच्चों से जबरन मजदूरी करवाई गई. जानकारी के अनुसार, एक निजी विद्यालय संचालक ने आवासीय शिक्षा केंद्र में रह रहे 10 से 12 वर्ष की उम्र के दर्जनों बच्चों से भवन निर्माण के लिए ईंट ढुलाई का काम करवाया. यह कार्य मनाई चौक क्षेत्र में कराया गया, वह भी बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन बच्चों को हजारीबाग शहर से निर्माण स्थल पर लाया गया और मजदूरी करवाई गई. ये सभी बच्चे पढ़ाई के उद्देश्य से अपने घरों से दूर इस सेंटर में रह रहे थे, लेकिन उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया. घटना की जानकारी मिलते ही कुछ सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और कड़ी नाराज़गी जताई. उन्होंने मामले की सूचना प्रखंड व जिला प्रशासन को दी. उप श्रम अधीक्षक बसंत नारायण महतो ने कहा है कि जांच टीम भेजी जा रही है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. वहीं बीईईओ नागेश्वर सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय समन्वयक (सीआरपी) को जांच के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद जरूरत पड़ने पर वे स्वयं जांच करेंगे.

## अवैध इलाज के मामले में सीएस को सौंपा गया ज्ञापन

**शुभम संदेश। पदमा (हजारीबाग)**

पदमा निवासी समाजसेवी पुरुषोत्तम कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को हजारीबाग के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) से मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा. उन्होंने पदमा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे मेडिकल संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. ज्ञापन में पाण्डेय ने बताया कि पदमा सरैया स्थित माँ विचित्रा मेडिकल सहित कई मेडिकल दुकानों में अनुभवहीन कर्मचारियों द्वारा गैरकानूनी तरीके से मरीजों का इलाज किया जा रहा है. आरोप है कि इन मेडिकल केंद्रों में विभिन्न गंभीर बीमारियों की जाँच, इलाज और यहाँ तक कि गर्भपात जैसे कार्य भी बिना किसी अधिकृत डॉक्टर की निगरानी के हो रहे हैं. मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है, जिससे उनकी जान को खतरा उत्पन्न हो रहा है. उन्होंने कहा कि यह कार्य न सिर्फ चिकित्सा नियमों का उल्लंघन है बल्कि गरीब और अशिक्षित लोगों के साथ धोखा भी है. ऐसे संस्थान भोले-भाले लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं और क्षेत्र में मेडिकल माफियाओं का नेटवर्क लगातार फल-फूल रहा है. पुरुषोत्तम पाण्डेय ने सिविल सर्जन से इन अवैध मेडिकल सेंटरों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और लोगों का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके.



**रेलवे**

#### ट्रैक मेंटेनर्स को मिला अब विभागीय पदों पर कार्य करने का अधिकार

# एआईआरएफ और ईसीआरकेयू की बड़ी सफलता

**शुभम संदेश। रामगढ़**



ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) और उसकी अनुषंगी यूनियन ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) ने एक बार फिर रेलकर्मियों के हक की लड़ाई में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है. वर्षों से ट्रैक मेंटेनर्स के लिए अन्य विभागों में कार्य करने के अधिकार की मांग को लेकर चल रही पहल आखिरकार रंग लाई है. अब ट्रैक मेंटेनर्स को लेटरल इंडक्शन प्रक्रिया के तहत अन्य विभागों में नियुक्ति का अवसर प्राप्त होगा. ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री और एआईआरएफ की वर्किंग कमिटी के सदस्य मो ज़्याऊद्दीन ने बताया कि यह निर्णय ट्रैक मेंटेनर्स की कठिन ड्यूटी और रेलवे परिचालन में उनकी अहम भूमिका को ध्यान में रखते हुए लिया गया है. रेलवे बोर्ड ने इस मांग को स्वीकारते हुए लेटरल इंडक्शन की नीति बनाकर संबंधित विभागों की रिक्तियों में 10 प्रतिशत पद ट्रैक मेंटेनर्स के लिए आरक्षित कर दिए हैं. रेलवे बोर्ड के आदेश संख्या 137/2023, 138/2023 और 41/2024 में इस नीति को विस्तारपूर्वक स्पष्ट किया गया है.

धनबाद मंडल में भी इस नीति को प्रभावी रूप से लागू किया गया है. वर्ष 2019 में महाप्रबंधक हाजीपुर द्वारा जारी पत्र के आधार पर धनबाद मंडल के वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी ने अगस्त 2024 में 48 ट्रैक मेंटेनर्स को विभिन्न विभागों में समायोजित किया था. इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए 28 जुलाई 2025 को मंडल प्रशासन ने एक और पत्र जारी कर परिचालन विभाग के 89 प्वाइंट्समैन पदों पर ट्रैक मेंटेनर्स की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की है. अगस्त 2025 में इसके लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे. मो ज़्याऊद्दीन ने सभी चयनित ट्रैक मेंटेनर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि रेलवे कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और यूनियन की लगातार पैरवी का परिणाम है. ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, अध्यक्ष पी.के. गांगुली, संजय कुमार, डी.के. नायक, ईश्वर, सरयू प्रसाद, चंद्रदेव और ओमप्रकाश आदि ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है. यह निर्णय न सिर्फ ट्रैक मेंटेनर्स को आत्मसम्मान देगा, बल्कि उन्हें करियर में नई दिशा और अवसर भी प्रदान करेगा.

### बटेश्वर मेहता ने डीसी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग।** समाजसेवी व बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में पुनाई गांव से बलिया झरपो पथ के पक्कीकरण, गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण, बसरिया मोड़ से झूमरा तक 20 किलोमीटर सड़क निर्माण और देवरिया नदी पर जर्जर पुल के स्थान पर नए पुल की मांग की गई है. इसके अलावा अलौंजा से झूमरा पथ के पक्कीकरण व अलौंजा नदी पर पुल निर्माण, मोकतमा से पोखरिया पथ का पक्कीकरण, बंशी नदी व घाघरा नदी पर पुल तथा अमली से तीज गांव तक आरईओ पथ निर्माण की मांग शामिल है. मेहता ने बताया कि वर्षों से क्षेत्रवासी इन समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.

## एक नजर

### वेतन और सुविधाओं के लिए अड़े 108 चालक

**धनबाद।** झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा मंगलवार से पूरी तरह ठप हो गई है. अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर एंबुलेंस चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर असर पड़ा है. धनबाद में चालकों ने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और वेतन वृद्धि, ईएसआई-पीएफ, स्वास्थ्य बीमा, नियुक्ति पत्र, भोजन भत्ता और वाहन मरम्मत जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग उठाई. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बार-बार शिकायत और अनुरोध के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार विश्वकर्मा से बातचीत हुई, लेकिन चालक वार्ता से असंतुष्ट नजर आए और आंदोलन जारी रखने की घोषणा की. हड़ताल के चलते मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कत हो रही है, खासकर दूर-दराज इलाकों से आने वाले गंभीर मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हैं.

### आशुतोष धाम शिव मंदिर में पांच दिवसीय महामृत्युंजय जाप व यज्ञ का शुभारंभ

**चिरकुंडा।** नाग पंचमी के अवसर पर नेहरू रोड स्थित आशुतोष धाम शिव मंदिर में पांच दिवसीय महामृत्युंजय जाप और यज्ञ का शुभारंभ मंगलवार से विधिवत रूप से किया गया. इस धार्मिक अनुष्ठान का संचालन बनारस से पधारे महापुरोहित अशोक कुमार पाण्डेय, सीताराम पाण्डेय, ब्रह्मदेव पाण्डेय, पुरुषोत्तम पाण्डेय, नित्यानंद पाण्डेय एवं विष्णु पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से किया जा रहा है. मुख्य यजमान के रूप में बैजन्ती कुमारी सिन्हा, एस.के. सिन्हा, कुमार सौरभ और अव्यान सिन्हा उपस्थित थे. अनुष्ठान की शुरुआत मंत्रोच्चारण के साथ हुई, जिसके बाद घी, दही, मधु से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया. साथ ही दूध और दही भी भगवान भोलेनाथ को अर्पित किए गए. इस अवसर पर कुमार गौरव, अंजलि सिन्हा, रिशु, आयुष, इंशा, संजय, बबीता, संध्या, खुशी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे. मंदिर परिसर भक्ति और आस्था के वातावरण से सराबोर रहा. यज्ञ और जाप का आयोजन आगामी पांच दिनों तक जारी रहेगा.

### खरीफ कार्यशाला में फसल बीमा पर जोर

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड सभागार में खरीफ कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा एवं पूर्व उपप्रमुख डीएन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. जिला कृषि पदाधिकारी ने कार्यशाला में आए किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यंत्रीकरण, मिलेट्स योजना, डिजिटल क्रॉप सर्वे व प्रधानमंत्री फसल बीमा के बारे में विस्तृत जानकारी दी. सभी किसानों से फसल बीमा कराने की अपील की. प्रखंड प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गोविंदपुर प्रखंड के सभी जन सेवक को अधिक से अधिक किसानों का फसल बीमा करने का आह्वान किया. कार्यशाला में प्रखंड कृषि पदाधिकारी जसीम अख्तर, एटीएम मुकेश कुमार, राज लक्ष्मी सिंह, संदीप कुमार दाँ, धर्मेंद्र प्रसाद यादव, राघवेंद्र सिंह, अब्दुल कयूम, सरताज हुसैन, दीपक मंडल, अरुण मंडल समेत दर्जनों कृषक मित्र और किसान मौजूद थे.

### उपायुक्त ने बासुकीनाथ मंदिर से लिया विधि-व्यवस्था का जायजा

**दुमका।** श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की निरंतर बढ़ती तादाद को देखते हुए मंगलवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बासुकीनाथ मंदिर से विधि-व्यवस्था का जायजा लिया. वे समय-समय पर अधिकारियों के साथ रूट लाइन का निरीक्षण भी कर रहे थे. इस अवसर पर उपायुक्त सिन्हा ने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल शरीर से नहीं, बल्कि मन और चेतना से निभाई जाती है. उन्होंने प्रतिनियुक्त अधिकारियों से कहा कि ड्यूटी पर केवल खड़ा रहना पर्याप्त नहीं, हर क्षण सजग, संवेदनशील और समर्पित रहना आवश्यक है. उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों से स्पष्ट रूप से कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या चाहे कम हो या अधिक, किसी भी स्थिति में ढील नहीं बरती जाए. उन्होंने निर्देश दिया कि ड्यूटी के दौरान रिलैक्स का कोई स्थान नहीं — हर कर्मी को हर पल अलर्ट मोड में रहना है. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में स्थापित विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का दौरा किया. उन्होंने शिविरों में उपलब्ध जीवन रक्षक दवाओं एवं चिकित्सीय उपकरणों की जानकारी ली और कहा कि बीमार शरीर के लिए औषधि जरूरी है, पर एक सजग व्यवस्था स्वयं में सबसे बड़ी औषधि है. उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने की सलाह दी. उन्होंने अंत में कहा कि श्रावणी मेला केवल आस्था का उत्सव नहीं, बल्कि व्यवस्था, संयम और सेवा की परीक्षा भी है.

### मेरा विद्यालय निपुण और मैं भी निपुण विषय पर कार्यशाला

**साहिबगंज।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के पत्रांक 2608 दिनांक 14 जुलाई 2025 के निर्देशानुसार, मंगलवार को पीएम उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़ा पचगढ़ में मेरा विद्यालय निपुण एवं मैं भी निपुण विषय पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन संथाल परगना प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. दुर्गानंद झा ने किया. उन्होंने कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की और सभी प्रतिभागियों को इसकी सफलता के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम की रूपरेखा और अन्य जानकारी जिला परियोजना के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जयेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा प्रदान की गई. इस अवसर पर जिले के जिला जेंडर समन्वयक शबनम तबस्सुम, जिला एमआईएस प्रभारी मनीष गुप्ता एवं विभिन्न प्रखंडों से आए हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, संकुल साधन सेवी एवं प्रखंड साधन सेवी उपस्थित थे.

### निखिल पारदेश्वर महादेव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक

**बोकारो।** श्रावण मास की तीसरी सोमवारी पर नगर के सेक्टर-12डी स्थित निखिल पारदेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ. गणपति पूजन एवं गुरुपूजन के उपरांत रुद्राष्टाध्यायी पाठ के साथ पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया. पूजन व अभिषेक पंडित गंगाधर पांडेय ने संपन्न करवाया. इस अवसर पर चास, बोकारो, बालीडीह सहित जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में निखिल शिष्य एवं शिवभक्त उपस्थित हुए. सभी ने पूरे विधि-विधान के साथ देवाधिदेव महादेव के अति दुर्लभ 51 किलोग्राम वजन वाले पारदेश्वर शिवलिंग स्वरूप की भव्य पूजा-अर्चना की. उनका रुद्राभिषेक किया तथा समस्त विश्व के कल्याण की कामना की. सुबह से लगातार बारिश के बाद भी भारी संख्या में निखिल शिष्य व श्रद्धालु दिन भर देवाधिदेव महादेव एवं सद्गुरुदेव निखिलेश्वरानंद जी की पूजा-अर्चना करते रहे. इस क्रम में मंदिर और आसपास का पूरा इलाका हर-हर महादेव, जय भोलेनाथ, जय गुरुदेव आदि के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान बना रहा. **कामाख्या साधना शिविर में भागीदारी का संकल्प :** इस दौरान अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार एवं निखिल मंत्र विज्ञान के तत्वावधान में परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी (डॉ. नारायण दत्त श्रीमाली) की दिव्य छत्रछाया एवं पूज्य सद्गुरुदेव नंद किशोर श्रीमाली जी के सानिध्य में आगामी 11 व 12 अक्टूबर को माँ कामाख्या धाम में आयोजित कामाख्या साधना शिविर में बोकारो के साधकों ने अधिकाधिक भागीदारी का संकल्प भी लिया. अनुष्ठान का समापन शिव आरती, गुरु आरती, समर्पण स्तुति एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ. मौके पर वी.के. झा, जेलर सिंह, मोहन सिंह, सुभाष पंडित, सत्येंद्र कुमार, पिंकी भारती, आर्यनस, चंद्र प्रभावती, कंचन, सुमन कुमार, चंद्रावती देवी, ज्योति कुमारी, मंजू दुबे, यू.के. दुबे, गीता देवी, रेखा देवी, ऋद्धि देवी सहित बड़ी संख्या में निखिल शिष्य एवं शिवभक्त उपस्थित थे.

### जयनगर में साप्ताहिक समेकित समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक प्रखंड स्तरीय समेकित समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बीडीओ गौतम कुमार ने की. इस बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए. बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, पेंशन योजनाएं, पंद्रहवां वित्त आयोग, पंचायती राज योजनाएं, पुस्तक ज्ञान केंद्र तथा जन्म, मृत्यु व विवाह पंजीकरण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई. बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गड्ढा भरने का कार्य पूरा हो चुका है और पौधारोपण की तैयारी भी प्रगति पर है. आवास योजनाओं में स्वीकृत घरों को निर्धारित समय में पूरा करने और अधूरे आवासों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया.

## न्यूज अपडेट

### नेपाल के वामपंथी सांसदों को भाजपा ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बारे में बताया

**काठमांडू।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने नेपाल के वामपंथी सांसदों को एकात्म मानववाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा के बारे में बताया है. भारत भ्रमण पर गए नेपाली सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय का दौरा किया. पार्टी मुख्यालय में भाजपा विदेश विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महासचिव शिवप्रकाश ने नेपाल से आए प्रतिनिधिमंडल से मार्क्सवाद और लेनिनवाद को छोड़ कर दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नीति सिद्धांत पर चलने की बात कही.

### श्रीलंका के पूर्व नौसेना प्रमुख अपहरण और हत्या के मामले में भेजे गए जेल

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व नौसेना प्रमुख निशांत उलुगेटेने को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने 15 साल पुराने अपहरण और हत्या के केस में गिरफ्तार किया है. इस केस के कई अन्य संदिग्धों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. सीआईडी ने निशांत उलुगेटेने को आज पोलगाहवेला मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने उलुगेटेने को न्यायिक हिरासत में केगाले रिमांड जेल भेज दिया. श्रीलंका के समाचार पोर्टल न्यूज फर्स्ट की खबर के अनुसार उनकी गिरफ्तारी 15 साल पहले के पोथुहेरा इलाके के एक व्यक्ति के अपहरण और कथित हत्या से जुड़ी है. उस समय उलुगेटेने नौसेना खुफिया विभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे. जांच अधिकारियों का मानना है कि पीड़ित को कथित तौर पर उलुगेटेने की कमान में संचालित एक अनधिकृत हिरासत केंद्र में रखा गया.

### चीन में भारी बारिश और बाढ़ से तबाही, 30 लोगों की हुई मौत

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में भारी बारिश और बाढ़ से 30 लोगों की जान चली गई.जबकि 80 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. बीजिंग मौसम विज्ञान सेवा का अनुमान है कि मंगलवार तक मूसलाधार बारिश जारी रहेगी. जिससे हालात और बिगड़ने का अंदेशा है. ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक बीजिंग में हो रही अत्यधिक बारिश से भारी नुकसान हुआ है. आपदा के कारण शहर भर में कुल 30 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें मियुन जिले 28 और यानकिंग जिले में 2 लोगों की मौत हुई है. इसके साथ ही बीजिंग में बाढ़ में फंसे कुल 80,332 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है.

### पवन ऊर्जा महंगी नहीं, यह भविष्य की जरूरत हैः पीएम कीर स्टार्मर

**लंदन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच सोमवार को हुई संयुक्त चर्चा के दौरान पवन ऊर्जा (विंड टर्बाइन्स) को लेकर खुली असहमति देखने को मिली. ट्रंप ने विंड टर्बाइन्स को ₹सबसे महंगी और बदसूरत ऊर्जा₹ करार दिया, जबकि स्टार्मर ने इसका विज्ञान और आर्थिक दृष्टिकोण से बचाव किया. डोनाल्ड ट्रंप ने पवन ऊर्जा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सबसे महंगी है और यह खेतों, मैदानों और जलमार्गों की सुंदरता नष्ट कर देती है. ये टर्बाइन्स चीन में बनते हैं और केवल आठ साल में जंग लगने लग जाते हैं. उन्होंने आगे कहा कि "तेल और गैस जमीन के एक छोटे से छेद से हजार गुना ज्यादा ऊर्जा दे सकते हैं.

### रूसी अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख दिमित्री बाकानोव अमेरिका पहुंचे

**मॉस्को।** रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस प्रमुख दिमित्री बाकानोव अमेरिका पहुंच गए हैं. वहां उनकी अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कार्यवाहक प्रशासक सीन डफी के साथ बातचीत प्रस्तावित है. रोस्कोस्मोस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. द मॉस्को टाइम्स की खबर के अनुसार, रोस्कोस्मोस ने बयान में कहा कि बाकानोव ह्यूस्टन में हैं. डफी के साथ उनकी मुलाकात नासा और रोस्कोस्मोस के बीच क्रॉस-फ्लाइट समझौते को जारी रखने और स्टेशन की सुरक्षित डीऑर्बिटिंग सुनिश्चित करने की योजनाओं पर केंद्रित होगी. बाकानोव अंतरिक्ष यान से 31 जुलाई को होने वाले प्रक्षेपण से पहले अंतरिक्ष यात्री ओलेग प्लाटोनोव सहित नासा के क्रू-11 मिशन के सदस्यों से मिलेंगे.

### एनआईए ने पहलगाम हमले के मास्टर माइंड के मारे जाने की जांच शुरू की

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के कथित मास्टरमाइंड समेत दो आतंकवादियों के श्रीनगर के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे जाने की जांच एनआईए की एक टीम ने मंगलवार को शुरू की है. एनआईए की टीम मंगलवार तड़के तीनों आतंकवादियों के शवों की पहचान करने के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पहुंची. बताया कि पहलगाम हमले के दौरान इस्तेमाल किए गए सैटेलाइट फोन के दोबारा एक्टिव होने की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन 'महादेव' शुरू किया था. सेना के विशिष्ट पैरा कमांडो ने पहलगाम हमले के कथित मास्टरमाइंड सुलेमान उर्फ आसिफ को उसके दो साथियों के साथ दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान के पास हरवान इलाके के मुलनार में मुठभेड़ में मार गिराया.



## भारतीय तटरक्षक बल के लिए पांचवां पोत 'अटल' गोवा शिपयार्ड में लॉन्च

**नयी दिल्ली ।** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए निर्मित हो रहे आठ तीव्र गश्ती पोतों में से पांचवां मंगलवार को लांच किया गया.

- यह जहाज तस्करी रोधी और खोज एवं बचाव अभियान चलाएगा

आईसीजी के प्रधान वित्तीय सलाहकार की पत्नी शिल्पा अग्रवाल ने 'अथर्ववेद' के मंत्रोच्चार के साथ पोत का शुभारंभ किया. इस जहाज से मत्स्य संरक्षण और द्वीप क्षेत्रों, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र और तटीय गश्त के आसपास निगरानी होगी. यह जहाज तस्करी रोधी, समुद्री डकैती रोधी और खोज एवं बचाव अभियान भी चलाएंगे. आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि भारतीय तटरक्षक बल के दिल्ली मुख्यालय में तैनात प्रधान वित्तीय सलाहकाररोजी अग्रवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और परंपरा के अनुसार उनकी पत्नी शिल्पा अग्रवाल ने तीव्र गश्ती पोत 'अटल' का जलावतरण किया. प्रमुख भारतीय रक्षा उद्यम (डीपीएसयू) जीएसएल आईसीजी के लिए इस श्रृंखला के आठ पोतों का निर्माण कर रहा है. आज लांच किया गया पोत इन्हीं में से पांचवां है. इस भव्य समारोह में आईजी सुधीर साहनी, टीएम, डीडीजी (एमएंडएम) और आईसीजी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. समारोह में मुख्य अतिथि अग्रवाल ने बताया कि इन जहाजों को आईसीजी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है. जहाज की लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर है और इसकी विस्थापन क्षमता 320 टन होगी. ये उन्नत फास्ट पेट्रोल जहाज आईसीजी को अपतटीय परिसंपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की सुरक्षा में सहायता करेंगे.

### अमित शाह का यह तीर विपक्ष को बरसों चुभेगा... चिदंबरम शर्मसार

# सारे आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान और पाकिस्तान कांग्रेस की भूल है

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार मंगलवार को लोकसभा में बड़े ही आत्मविश्वास के साथ उतरी. लोकसभा के मैदान में एक तरफ थे गृहमंत्री अमित शाह तो दूसरी तरफ समूचा विपक्ष. शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर इशारों इशारों में कहा कि पाकिस्तान को बचाने वाले नहीं बचेंगे. उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के आतंकियों के पाकिस्तानी होने का सबूत मांगने वाले पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस नेता पी चिदंबरम को आड़े हाथ लिया. उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भी चुप करा दिया. शाह ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और पाकिस्तान के प्रति नरम नीति अपनाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सारे आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान है और पाकिस्तान कांग्रेस की भूल है. गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में जारी पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के सशक्त, सफल और निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा में मंगलवार को भाग लिया. उन्होंने ऑपरेशन महादेव, पहलगाम हमले पर एनआईए जांच, पूरे घटनाक्रम और आंतकवाद के खिलाफ भाजपा सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति से अवगत कराया. उन्होंने कांग्रेस सरकारों के दौरान कथित तौर पर की गयी ऐतिहासिक गलतियों का भी उल्लेख किया और तुष्टीकरण के मुद्दे पर पार्टी पर निशाना भी साधा.

शाह ने विपक्ष के पहलगाम हमले के बाद निर्णायक बढ़त हासिल करने के बावजूद भी आगे कार्रवाई नहीं करने के सवाल का भी जवाब दिया. उन्होंने कहा, मुझे याद है एक सुबह नाश्ते के दौरान, मैंने टीवी पर सलमान खुर्शीद को रोते हुए देखा. वह सोनिया गांधी के आवास से बाहर आ रहे थे. उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी बटला हाउस की घटना पर रो रही थीं. उन्हें बटला हाउस के आतंकवादियों के बजाय शहीद मोहन शर्मा के लिए रोना चाहिए था.

शाह ने अपने भाषण की शुरुआत ऑपरेशन महादेव से की और कहा कि सारे सबूत बताते हैं कि इसमें मारे गए आतंकी सुलेमान, फैजल और अफगान पहलगाम हमले में शामिल थे. उन्होंने सदन को पूरे ऑपरेशन के बारे में बताया और कहा कि सारी जांच के बाद पुष्टि हो गयी है कि आतंकी पहलगाम हमले में शामिल थे. उन्होंने कहा कि इसके साथ ही हमने हमले में शामिल आतंकियों और उनके आकाओं दोनों का सफाया किया है. एनआईए जांच का ब्यौरा देते हुए शाह ने बताया कि हमले के बाद 1005 लोगों से पूछताछ की गई. दो लोगों को आतंकियों को ठहरने में मदद करने के लिए गिरफ्तार किया गया. शाह ने चिदंबरम पर बरसते हुए कहा कि हमारे पास प्रूफ है कि वो पाकिस्तानी हैं. तीन में से दो के वोटर नंबर भी उपलब्ध हैं. रायफल, चॉकलेट भी पाकिस्तान की बनाई हुई है. ये कहते हैं कि पाकिस्तानी नहीं हैं.

शाह जब ऑपरेशन महादेव की जानकारी दे रहे थे तो उस वक्त अखिलेश समूत पूरा विपक्ष हो-हल्ला करने लगा. उन्होंने कहा-मैं तो अपेक्षा कर रहा था कि सूचना सुनेंगे तो पक्ष विपक्ष में खुशी की लहर दौड़ पड़ेगी. मगर इनके चेहरे पर स्याही पड़ गई.

### इजराइल ने गाजा पट्टी पर की बमबारी, 15 मरे

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी के कई इलाकों में आज तड़के इजराइल के हवाई हमले में 15 नागरिक मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. इजराइल के लड़ाकू विमानों में इन क्षेत्रों में बमबारी की है. इतना ही नहीं, इजराइली बलों ने कल्किलिया प्रांत के पूर्वी हिस्से में एक निर्माणाधीन इमारत की नींव गिरा दी. इसके अलावा इजराइली खुफिया एजेंसी ने सुबह फिलिस्तीनी बार एसोसिएशन के प्रमुख फदी अब्बास को तलब किया. फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण की आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा के अनुसार, गाजा शहर के पश्चिम में हैदर गोलचक्कर के पास एक अपार्टमेंट पर इजराइली बलों की बमबारी में दो नागरिक मारे गए और अन्य कई घायल हो गए. वहीं, मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर के उत्तर में न्यू कैंप इलाके में की गई बमबारी में आठ लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए. गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के मवासी के मीना इलाके में विस्थापितों को आश्रय स्थल पर बमबारी में चार नागरिक मारे गए. बमबारी के दौरान अनेक लोग घायल हो गए. वाफा की खबरों में बताया गया है कि इजराइली सुरक्षा बलों ने कल्किलिया प्रांत के पूर्वी हिस्से में एक निर्माणाधीन इमारत की नींव गिरा दी और कई स्थानों पर कृषि संबंधी कामकाज रोकने के नोटिस जारी किए. इजराइल बलों ने आज सूरज निकलने से पहले सलफित प्रांत के पश्चिम में स्थित कफर अद-दिक और बुरकिन कस्बों पर धावा बोला और कई घरों पर छापे मारे.

### रूस ने यूक्रेन की जेल पर किया हमला, 16 की मौत



**कीव।** मध्य यूक्रेन की एक जेल पर रात में हुए रूसी हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए और कम से कम 35 अन्य घायल हो गए. रूस के हमलों में कई घरों को भी नुकसान हुआ है. यह दावा मंगलवार तड़के यूक्रेन के अधिकारियों ने किया. द मॉस्को टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार यूक्रेनी क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख इवान फेडोरोव ने कहा कि रूस ने जापोरिज्जिया क्षेत्र में आठ हमले किए. इन हमलों में 16 लोग मारे गए और कम से कम 35 अन्य घायल हो गए. हमले में जेल पूरी तरह नष्ट हो गई. यूक्रेन के मानवाधिकार लोकपाल दिमित्रो लुबिनेट्स ने इस हमले को युद्ध अपराध की संज्ञा दी है. यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने रात भर में 37 ड्रोन और दो मिसाइलें दागीं. वायु रक्षा प्रणालियों ने 32 ड्रोनों को मार गिराया. साथ ही पड़ोसी निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में अलग-अलग हमलों में कम से कम चार और लोग मारे गए. इसके अलावा काम्यान्स्के शहर पर हुए मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत हो गई. पांच लोग घायल हो गए और एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया. रूस के सिनेल्नीकिव्स्की जिले में किए गए हमले में एक और व्यक्ति मारा गया और कई अन्य घायल हो गए. वेलीकोमिखायलिव्स्का शहर में एक घर पर हुए हमले में 75 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 68 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया.

### बलूचिस्तान में पाकिस्तान की सेना पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के केच क्षेत्र के जमरान इलाके में सशस्त्र अज्ञात लोगों ने पाकिस्तानी सेना पर ताबड़तोड़ हमले किए. अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात जमरान के निवानो क्षेत्र में पाकिस्तान सेना के राशन वितरण वाहन को भी फूंक दिया. द बलूचिस्तान पोस्ट की बलूची भाषा समाचार सेवा के अनुसार, बंदूकधारियों ने पाकिस्तान सेना के एक काफिले को रिमोट कंट्रोल बम से निशाना बनाया. स्थानीय लोगों के अनुसार, काफिले में शामिल वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. विस्फोट की आवाज दूर तक सुनाई पड़ी. इन हमलों में पाकिस्तान की सेना को भी भारी नुकसान हुआ है. इस बीच, एक विस्फोट में जमरान के दश्तक इलाके में एक मोबाइल फोन टावर क्षतिग्रस्त हो गया. अभी तक किसी ने भी हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है. अतीत में इन क्षेत्रों में स्वतंत्रता समर्थक समूहों ने पाकिस्तान की सेना को निशाना बनाया है. एक अन्य खबर में बताया गया है कि पाकिस्तान की सेना ने मस्तुंग पर आक्रमण किया है. स्थानीय पत्रकारों के अनुसार, क्षेत्र में 15 से अधिक सैन्य वाहन घूमते देखे गए. उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की सेना पिछले सप्ताह से मस्तुंग और कलात पर आक्रमण कर रही है.

### चीन ने की चाइल्ड केयर सब्सिडी की घोषणा, हर साल प्रति बच्चा 500 डॉलर

**बीजिंग।** पिछले तीन साल से जनसंख्या में गिरावट का सामना कर रहे चीन ने सोमवार को दंपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रव्यापी शिशु देखभाल नकद सब्सिडी नीति की घोषणा की है. सरकार का कहना है कि यह बच्चों के पालन-पोषण करने वाले परिवारों पर वित्तीय दबाव कम कर देश की जन्मदर को बढ़ावा देने के उद्देश्य लाई गई है. ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक चीन की सरकार तीन वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे के माता-पिता को प्रति वर्ष 3,600 युआन (502 डॉलर) का नकद भुगतान करेगी. यह सब्सिडी बच्चे के तीन साल का होने तक दी जाएगी. 1 जनवरी, 2025 से पहले जन्मे और अभी भी तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए यह सब्सिडी पात्र महीनों की संख्या के आधार पर आनुपातिक रूप से दी जाएगी. चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने बयान जारी कर कहा है कि राष्ट्रव्यापी बाल देखभाल सब्सिडी प्रणाली लागू करना एक नई नीति है जो लाखों परिवारों को प्रभावित करती है. इस नीति से हर साल शिशुओं और छोटे बच्चों वाले 2 करोड़ से ज़्यादा परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है. एनएचसी के अनुसार, सभी स्थानीय निकाय बाल देखभाल सब्सिडी प्रणाली के लिए विस्तृत कार्यान्वयन योजनाएँ बनाने में लगे हुए हैं और इसके क्रियान्वयन की तैयारी कर रहे हैं.

### न्यूयॉर्कः बंदूकधारी ने एक पुलिस अधिकारी समेत चार लोगों को छलनी कर दिया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर के मिडटाउन मैनहट्टन के पार्क एवेन्यू में एक गगनचुंबी इमारत में सोमवार शाम घुसे बंदूकधारी ने एक पुलिस अधिकारी समेत चार लोगों के जिस्मों को छलनी कर दिया. आखिर में पुलिस की गोली से घायल संदिग्ध बंदूकधारी ने खुद को गोलीमार कर आत्महत्या कर ली. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम एआर-15 राइफल लेकर घुसे व्यक्ति ने गगनचुंबी इमारत में घुसकर गोलियों की बौछार कर दी. इस गोलीबारी में न्यूयॉर्क शहर के एक पुलिस अधिकारी समेत चार लोगों की मौत हो गई. इस दौरान पुलिस की गोली लगने से घायल संदिग्ध बंदूकधारी ने खुद को गोली मार ली. इस गोलीबारी में मारे गए पुलिस अधिकारी की पहचान 36 वर्षीय दीदारुल इस्लाम के रूप में हुई है. वह ब्रोंक्स पुलिस थाने में तैनात थे. पुलिस अधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस्लाम साढ़े तीन साल से पुलिस विभाग में थे. फिलहाल वह 345 पार्क एवेन्यू स्थित इस गगनचुंबी इमारत में तैनात थे. इस इमारत में ब्लैकस्टोन निवेश फर्म का मुख्यालय है. न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि हमलावर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. न्यूयॉर्क की पुलिस कमिश्नर जेसिका टिश ने बताया कि हमलावर की पहचान 27 वर्षीय शेन तमुरा के रूप में हुई है.

### पालघर में देह व्यापार रैकेट में शामिल 3 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया

**मुंबई। महाराष्ट्र** के पालघर जिला स्थित नायगांव में एक आवासीय फ्लैट में चल रहे वेश्यावृत्ति रैकेट का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है और महिलाओं को बचाया है. इनमें एक नाबालिग बांग्लादेशी लडक़ी और एक महिला शामिल है. पुलिस इस मामले की गहन छानबीन कर रही है. सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) मदन बल्लाल मंगलवार को मीडिया को बताया कि मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस बल के अधिकारियों को नायगांव के एक आवासीय फ्लैट में देह व्यापार की गोपनीय खबर मिली थी. इसी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने आवासीय फ्लैट में छापा मारा और तीन संदिग्ध एजेंटों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया. बताया कि मौके पर नाबालिग लडक़ी को देह व्यापार में धकेला जा रहा था. गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान मोहम्मद खालिद बापारी, जुबेर हारुन शेख और शमीन गफ्फार सरदार के रूप में हुई है, जो सभी बांग्लादेश के रहने वाले हैं. इस मामले में बचाई गई लडक़ी और महिला भी बांग्लादेश की रहने वाली हैं और कथित तौर पर उन्हें भारत में तस्करी करके लाया गया था और देह व्यापार के लिए मजबूर किया गया था. दोनों को रेस्क्यू फाउंडेशन के एक केंद्र में रखा गया है. इन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### 'ओज उत्सव' ने भारत और नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों को किया मजबूत

**नयी दिल्ली।** हिमालयी साधक एवं योगी प्रियव्रत अनिमेष के ओज फाउंडेशन ने अपना चौथा स्थापना दिवस नेपाल की राजधानी काठमांडू में मनाया. इस अवसर पर होटल याक एंड यति में ओज उत्सव 2025 का आयोजन किया गया. ओज फाउंडेशन के संस्थापक योगी प्रियव्रत ने कहा कि इस आध्यात्मिक कार्यक्रम से भारत और नेपाल के सांस्कृतिक धागों में और मजबूती आयी है. ओज फाउंडेशन के अनुसार, 25 जुलाई को काठमांडू में इस उत्सव के दौरान अध्यात्म और युवा चेतना के स्वर गूंजे. यह आयोजन भारत-नेपाल सांस्कृतिक संबंधों की गहराई, आध्यात्मिक समरसता और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के प्रति समर्पण का प्रतीक बनकर उभरा. इस अवसर पर पुस्तक 'ऊर्ज सूत्र' का विमोचन किया गया. साथ ही नेपाल में आध्यात्मिक पर्यटन को केंद्र में रखकर निर्मित दो लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग भी की गयी. शाम को प्रसिद्ध सितार वादक सीता मैया राजचल की प्रस्तुति को सबने सराहा. कार्यक्रम में भारत और नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हुईं कई जानी मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया. इनमें प्रमुख हैं भाजपा नेता श्याम जाजू, योगेश्वर दत्त (ओलंपियन), संदीप राणा (समाजसेवी), ब्रिजपाल मालिक, ज्योतिका झलानी, सांसद दीपक बहादुर सिंह, सांसद रंजू ठाकुर, सांसद राम हरी, विधायक नीमा गिरी और गोविंद बहादुर शाह.

**राजनीति**

### पार्लियामेंट मस्जिद के इमाम मुहिबुल्लाह नदवी को पद मुक्त करने की मांग

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने लगाए गंभीर आरोप

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिक़ी के नेतृत्व में सोमवार देर शाम एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर पार्लियामेंट मस्जिद, दिल्ली के इमाम और रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद मौलाना मुहिबुल्लाह नदवी को तत्काल पद मुक्त करने की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि मौलाना नदवी धार्मिक पद का दुरुपयोग करते हुए मस्जिद परिसर में खुलेआम राजनीतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं.

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि मौलाना नदवी न केवल सपा सांसद हैं, बल्कि मस्जिद के इमाम होने के बावजूद लगातार समाजवादी पार्टी के प्रचार-प्रसार में मस्जिद का उपयोग कर रहे हैं. मस्जिद, जो वक्फ़ बोर्ड के अंतर्गत आती है, उसका दुरुपयोग कर नदवी ने उसे अपनी पार्टी गतिविधियों का केंद्र बना लिया है. आरोप है कि मस्जिद से नदवी लंबे समय से समाजवादी पार्टी को राजनीतिक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं. जमाल सिद्दिक़ी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को यह भी अवगत कराया कि 22 जुलाई को मौलाना नदवी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव, उनकी पत्नी सांसद डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और अन्य नेताओं के साथ मस्जिद में बैठक की. यह बैठक उस स्थान पर हुई जहां नमाज़ अदा की जाती है, साथ ही वहां चाय-नाश्ता भी परोसा गया. यह इस्लामी धार्मिक मर्यादाओं के खिलाफ बताया गया. प्रतिनिधिमंडल ने डिंपल यादव को मस्जिद परिसर में ले जाने पर भी आपत्ति जताई, जहां महिलाओं का प्रवेश निचली मंज़िल पर वर्जित है.

सिद्दिक़ी ने कहा कि इमाम मुहिबुल्लाह नदवी मस्जिद को अपनी निजी संपत्ति के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं, जो वक्फ़ संपत्ति और धार्मिक स्थल की गरिमा के विरुद्ध है. उन्होंने मांग की कि वक्फ़ बोर्ड के माध्यम से तत्काल उन्हें उनके पद से हटाया जाए और किसी योग्य धार्मिक व्यक्ति को पार्लियामेंट मस्जिद का इमाम नियुक्त किया जाए. प्रतिनिधिमंडल में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस.एम. अकरम, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. असलम, फ़हीम सैफी और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष आतिफ रशीद शामिल थे. मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज़ ने जानकारी दी कि इस विषय में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को भी पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है, ताकि संसद की गरिमा और संवैधानिक मर्यादा बनी रहे.

# ओडिशा तट पर शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का हुआ परीक्षण

**एजेंसियां ।नयी दिल्ली**



भारत ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन 'प्रलय' मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता का सत्यापन करने के लिए दो उड़ान परीक्षण किए. नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा तट के कलाम द्वीप से किया गया. मिसाइलों ने निर्धारित प्रक्षेप पथ का सटीक अनुसरण किया और सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीक सटीकता के साथ लक्ष्य बिंदु पर पहुंची. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इस मिसाइल को विकसित किया है, जिसका परीक्षण रेंज 475 किलोमीटर तक था. सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता 500 किमी. तक है. इस मिसाइल को पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर तैनात किये जाने की मंजूरी सरकार से मिल चुकी है. मिसाइल की जद में पाकिस्तान के कई प्रमुख एयरबेस और महत्वपूर्ण चीनी ठिकाने आएंगे. इस मिसाइल को उच्चस्तरीय दुश्मन ठिकानों, जैसे हवाई अड्डे, आपूर्ति डिपो और सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले के लिए डिजाइन किया गया है. डीआरडीओ ने 28 जुलाई को भी बैलिस्टिक मिसाइल का मूल्यांकन परीक्षण किया था. लगातार दोनों दिन मिसाइल ने 475 किमी.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).**
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.